@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
## राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
सोमवार, 21 अक्टूबर 2024

VISIT: www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 346 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## राहुल गांधी को राजनीति मालूम नहीं है: डॉ. रमन सिंह

रायपुर, 20 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि राहुल गांधी को राजनीति का मालूम नहीं है। उनको जो लिखकर देते हैं, वह पढ़ देते हैं। दरअसल, रांची में संविधान सम्मान सम्मेलन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कई मुद्दों पर बीजेपी को घेरने का प्रयास किया। कांग्रेस नेता राहुल ने कहा कि आदिवासी



देश के पहले मालिक थे, भाजपा इन्हें वनवासी कहती है। इस बयान को लेकर डॉ. रमन सिंह ने पलटवार किया है। रांची में संविधान सम्मान सम्मेलन में दिए गए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान को लेकर डॉ. रमन सिंह ने पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी के पास जवाब है क्या अबूझमाड़ को अबूझमाड़ किसने बनाया है। अबूझमाड़ को सभ्यता के दौड़ से अलग करने का काम कांग्रेस ने किया है। कांग्रेस ने 50 सालों तक छत्तीसगढ़ के कई भू-भाग सड़क, पानी बिजली जैसे कई सुविधाओं से उपेक्षित रखा। टोडरमल के बाद अंग्रेजों के ?माने में सर्वे नहीं हुआ, अब भाजपा की सरकार आने के बाद सर्वे हो रहा है। उन्होंने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि राहुल गांधी को राजनीति का क्ष्ष्ठ मालूम नहीं है, उनको जो लिखकर देते हैं, वह पढ़ देते हैं। दूसरी ओर नारायणपुर आईईडी विस्फोट में दो जवान बलिदान होने पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाया गया है और हमें काफी सफलता मिल रही है, क्योंकि बड़ी संख्या में नक्सलियों का सफाया हो रहा है। यह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राज्य सरकार की छत्तीसगढ़ को नक्सलियों से मुक्त करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ में विधानसभा उपचुनाव पर उन्होंने कहा कि रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से जनता बड़ी संख्या में भाजपा उम्मीदवार को वोट देगी।

# काशी से देश के लिए शुरू हुई 23 परियोजनाएं: पीएम मोदी

**सिम्मी कौर बब्बर**

वाराणसी, 20 अक्टूबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में लगभग सा? घंटे तक रहे। इस दौरान उन्होंने 6700 करो? की परियोजनाओं का लोकार्पण और उद्घाटन किया। इसके साथ ही एक लाख युवाओं को राजनीति में हिस्सा देने की भी बात कही। प्रधानमंत्री मोदी दोपहर लगभग 2 बजे वाराणसी पहुंचे। यहां यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल सहित भाजपा के दिग्गज नेताओं ने पीएम की अगवानी की। एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही ढोल-नगा?ें और पुष्प वर्षा के साथ पीएम मोदी का भव्य स्वागत किया गया। पीएम मोदी सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए सबसे पहले हरिहरपुर स्थित आरजे शंकरा आई हॉस्पिटल का उद्घाटन करने पहुंचे। रिंग रोड स्थित इस हॉस्पिटल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया गया। शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती ने पीएम को उपहार देकर उनका कुशलक्षेम पूछा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को वाराणसी में आरजे शंकरा नेत्र चिकित्सालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने काशीवासियों और पूरे पूर्वांचल को इस आधुनिक अस्पताल की सौगात मिलने पर बधाई दी। उन्होंने इसे काशी के लिए आधुनिकता और आध्यात्मिकता का संगम बताया और कहा कि भगवान शंकर की नगरी में स्थापित यह अस्पताल यहां के बुजुर्गों, बच्चों और गरीबों को बेहतर नेत्र चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि इस मिशन में शंकराचार्य का आशीर्वाद उनके साथ है और बाबा विश्वनाथ की कृपा से यह मिशन सफल होगा। पीएम मोदी ने उद्योगपति राकेश झुनझुनवाला को भी याद किया। उन्होंने कहा कि झुनझुनवाला की व्यापार जगत में एक विशिष्ट पहचान थी, लेकिन वह सेवा कार्यों से भी जुड़े थे। उनकी विरासत को उनका परिवार आगे बढ़ा रहा है और यह अस्पताल उसी का एक प्रमाण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति पुरानी सोच और अप्रोच को पूरी तरह बदल दिया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी भारत की नई राजनीति के पांच स्तंभ हैं। पहला- बीमारी से पहले का बचाव, दूसरा- बीमारी की समय पर जांच, तीसरा- मुफ्त और सस्ता इलाज एवं दवाइयां, चौथा- छोटे शहरों में अच्छा इलाज और डॉक्टरों की उपलब्धता और पांचवां- टेक्नोलॉजी का विस्तार। पीएम ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को



बीमारी से बचाना सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है, क्योंकि बीमारी गरीब को और गरीब बना देती है। बीते 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं, लेकिन एक गंभीर बीमारी उन्हें फिर से गरीबी में धकेल सकती है। इसी कारण सरकार पोषक खानपान और टीकाकरण पर विशेष जोर दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीमारी का समय पर पता लगना भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि उसका इलाज। इसी उद्देश्य से देशभर में आरोग्य धाम मंदिर, क्रिटिकल केयर ब्लॉक, और आधुनिक लैब का नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। इसके साथ ही डिजिटल हेल्थ आईडी और ई-संजीवनी ऐप के माध्यम से घर बैठे परामर्श की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। यहां से पीएम मोदी सीधे सिगरा स्टेडियम पहुंचे। स?क मार्ग से यहां पहुंचते समय रास्ते में भाजपा कार्यकर्ता उन पर फूलों की बौछार करते दिखे। हर-हर मोदी के नारे लगाए जा रहे थे। सिगरा स्टेडियम में उनका ढोल-नगाड़ों और शंखनाद से स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री ने सिगरा स्टेडियम समेत 380.13 करोड़ की लागत से तैयार 14 परियोजनाएं जनता के हवाले किया। इसके पहले रिंग रोड स्थित हरिहरपुर में निर्मित 90 करोड़ की लागत से तैयार आरजे शंकरा नेत्र चिकित्सालय भवन का भी उद्घाटन किया।

# महाराष्ट्र में भाजपा ने जिताऊ चेहरों पर जताया भरोसा

**नरेश मल्होत्रा**

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर। भाजपा ने महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पहली सूची जारी कर दी है। पहली सूची में 99 उम्मीदवारों का नाम घोषित किए गए हैं। इसमें बल्लारपुर से सुधीर मुनगंटीवार, कंकावली से नितेश नारायण राणे, भोकर से श्रीजया अशोक चव्हाण को उतारा गया है। नाला सोपारा से राजन नाईक, घाटकोपर पश्चिम से राम कदम, बांद्रा पश्चिम से आशीष शेलार, मालाबार हिल से मंगल प्रभात लोढ़ा, कोलाबा से राहुल नार्वेकर, भोसरी से महेश लांडगे, कोथरूड से चंद्रकांत पाटिल और सांगली से सुधीर गाडगिल को प्रत्याशी बनाया गया है। भाजपा सूत्रों के अनुसार, पार्टी ने सीटों के समझौते में सहयोगी दलों के साथ सीटों पर जिताऊ चेहरों को टिकट देने की कैटेगरी बनाई है। जिस इलाके की जिस सीट पर जो सहयोगी दल ज्यादा प्रभावी था, उस इलाके में सबसे ज्यादा सीटें उसी पार्टी को दी गईं हैं। इस मामले में भाजपा ने अपने हिस्से में मुंबई रीजन सहित महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों की सीटें रखी हैं, जबकि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को उनके गृह क्षेत्र सतारा और ठाणे में अहमियत दी गई है। कोंकड़ क्षेत्र में भाजपा नेता नारायण राणे गुट से जुड़े लोगों को प्रमुखता दी गई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, सबसे ज्यादा टकराव मराठवाड़ा क्षेत्र को लेकर रहा। भाजपा स्वयं को मराठवाड़ा क्षेत्र में मजबूत करना चाहती है, उसके कुछ नेताओं ने भी इस क्षेत्र को लेकर भरोसा जताया था। जबकि स्वयं मराठा एकनाथ शिंदे इस क्षेत्र में अपना कब्जा बरकरार रखना चाहते थे। अजित पवार भी इस क्षेत्र से अपने राजनीतिक के जुड़ाव के कारण पकड़ बरकरार रखना चाहते थे। भाजपा के हिस्से में 150 से अधिक सीटों पर सहमति बन चुकी है, जबकि



एकनाथ शिंदे की शिवसेना को 60 सीटें दी जा चुकी हैं। अजित पवार गुट को भी 40 सीटों पर अंतिम सहमति मिल गई है। राज्य की लगभग 38 से 40 सीटें ऐसी हैं जिस पर सहयोगी दल दावा कर रहे हैं। माना जा रहा है कि एक-दो दिन में इस पर अंतिम सहमति बनाकर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी जाएगी। महाराष्ट्र भाजपा के एक नेता ने अमर उजाला से कहा कि भाजपा ने पिछले चुनाव में भी शिवसेना के साथ लड़कर सबसे ज्यादा सीटें हासिल की थीं। इस बार भी पार्टी लगभग 160 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। नेता के अनुसार, महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन की महायुति सरकार बने, इसके लिए यह आवश्यक था कि भाजपा गठबंधन सबसे ज्यादा सीटों पर लड़े और बेहतर जीत प्रतिशत के साथ अधिकतम सीटें जीते। नेता के अनुसार, इसी रणनीति को ध्यान में रखते हुए भाजपा के हिस्से में सबसे ज्यादा सीटें आई हैं। नेता के अनुसार, लोकसभा चुनावों का अनुभव ध्यान में रखते हुए गठबंधन सभी क्षेत्रों में पूरी मजबूती से काम करेगा। उम्मीदवार किसी भी पार्टी का हो, हर दल के कार्यकर्ताओं की पूरी ताकत उसको जुटाने के लिए लगेगी। इसकी व्यवस्था की गई है। भाजपा को भरोसा है कि इस कठिन मुकाबले में भी वह जीत हासिल कर सकती है।

## वायनाड गांधी परिवार के लिए सिर्फ एक दूसरी सीट है

वायनाड, 20 अक्टूबर। केरल के वायनाड लोकसभा क्षेत्र में अगले महीने उपचुनाव होने वाला है। इस क्षेत्र से भाजपा ने नव्या हरिदास को चुनावी मैदान में उतारा। नव्या का सामना कांग्रेस की उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाड्रा से होने वाला है। चुनाव से पहले भाजपा उम्मीदवार ने कांग्रेस नेता को चुनौती दे दी। उन्होंने कहा कि आगामी उपचुनाव में प्रियंका गांधी को कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। बता दें कि 13 नवंबर को होने वाले इस उपचुनाव में एलडीएफ ने सत्यन मोकेरी को अपना उम्मीदवार बनाया है। नव्या हरिदास ने उपचुनाव को लेकर मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, मेरी प्रतिद्वंद्वी प्रियंका गांधी हैं। मैं केवल इतना कहना चाहूंगी कि वायनाड में कांग्रेस को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। राहुल गांधी ने रायबरेली की सीट बरकरार रखने के लिए वायनाड की सीट छोड़ दी थी।

## नेकां मुस्लिम पार्टी नहीं, हमने हिंदू उपमुख्यमंत्री दिया: उमर अब्दुल्ला

**सौरभ शर्मा**

जम्मू, 20 अक्टूबर। मुख्यमंत्री बनने के बाद उमर अब्दुल्ला शनिवार को पहली बार जम्मू पहुंचे। पार्टी कार्यालय में उनका कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। उमर भाजपा पर हमलावर रहे। सीएम ने कहा, कुछ लोगों ने बीते आठ सालों में नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) को खत्म करने के लिए हर हथकंडा अपनाया। जिस तरह से परिसीमन करवाया, आरक्षण में बदलाव किया, उसका उद्देश्य सिर्फ एक पार्टी को लाभ पहुंचना था, लेकिन लोगों ने उस सब को एक तरफ रखकर सोच-समझकर वोट दिया। परिणाम के बाद ही कुछ लोग कहना शुरू हो गए थे कि नेकां मुसलमानों और कश्मीरियों की पार्टी है, जिसमें जम्मू को कुछ नहीं मिलेगा, लेकिन हमने जम्मू से हिंदू उपमुख्यमंत्री बनाया।कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उमर ने कहा कि हिंदू उपमुख्यमंत्री बनाना उन लोगों को जवाब है, जो नेकां को परिवारवाद वाली पार्टी कहते थे। उपमुख्यमंत्री हिंदू है और जम्मू का है और मेरे परिवार से संबंध नहीं रखता है। पहले उपमुख्यमंत्री गठबंधन की मजबूरी में बनाए जाते थे, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। बिना किसी मजबूरी या दबाव में हमने उपमुख्यमंत्री बनाया। पहली बार मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री दोनों एक पार्टी से हैं। अब हमारे विरोधी क्या कहेंगे। भाजपा पर आरोप लगाते हुए सीएम ने कहा कि बीते आठ सालों में हमारे नेताओं को डराया गया। कुछ लोग पार्टी छोड़ गए तो उन्हें लगा था, उनके जाने से पार्टी खत्म हो जाएगी, लेकिन नेकां कार्यकर्ताओं ने साबित कर दिया कि पार्टी नेताओं की नहीं कार्यकर्ताओं की है। चुनाव में जीते निर्दलीय उम्मीदवारों ने बिना किसी शर्त के



पार्टी के साथ जुड़ने का फैसला लिया। खुद के लिए कुछ नहीं मांगा। अब फैसले कार्यालय या सचिवालय में नहीं लिए जाएंगेसीएम ने कहा, पार्टी कार्यकर्ताओं को सरकार से उम्मीद है। उन्हें भी कई साल हुए हैं सचिवालय गए हुए। अधिकारियों को कुछ समय दो, उन्हें आदत हो जाए कि अब लोगों की सरकार है। अब फैसले बिना लोगों की राय के सचिवालय या अधिकारियों के कार्यालयों में नहीं लिए जाएंगे। अब प्रोजेक्ट और डीपीआर बनेंगे। लोग जो चाहेंगे, वह काम उनके इलाके में होगा। केंद्र शासित प्रदेश ज्यादा देर नहीं रहेगा।

## रोहिणी के सीआरपीएफ स्कूल की दीवार के पास बम धमाका

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर। रोहिणी के प्रशांत विहार इलाके में रविवार सुबह सीआरपीएफ स्कूल की दीवार से धमाके की आवाज सुनाई दी। धमाके के बाद दीवार में दरार पड़ गई। धमाके के बाद धुएं का गुबार भी दिखाई दिया। मौके पर एनआईए, एनएसजी और एफएसएल की टीम पहुंची। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से नमूने एकत्र किए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, घटनास्थल से सफेद पाउडर मिला है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि धमाका किस प्रकार का था और इसका स्रोत क्या है। विस्फोटक अधीनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। इस मामले में गृह मंत्रालय ने विस्फोटक की रिपोर्ट मांगी है। केंद्रीय जांच एजेंसी एनआईए की टीम शुरुआती तफ्तीश करने और सबूतों से जुड़े इनपुट इकठ्ठा करने मौके पर पहुंची है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा इस मामले में तफ्तीश का जिम्मा कुछ दिनों के बाद जांच एजेंसी एनआईए को भी सौंपा जा सकता है। फिलहाल स्पेशल सेल और रोहिणी जिला पुलिस के द्वारा इस मामले की तफ्तीश की रिपोर्ट के बाद मंगलवार तक इस मामले में लिया जा सकता है। तफ्तीश संबंधित आगे का फैसला आतंकी साजिश या कोई बड़े वारदात की संभावना के मद्देनजर ही लिया जा सकता है। एनआईए को केस ट्रांसफर किया जाएगा। किसी भी बड़े अपराधिक वारदात/आतंकी घटना या संदिग्ध बम विस्फोटक से संबंधित इनपुट्स की जानकारी मिलने के बाद शुरुआती तफ्तीश के लिए एनआईए को पहुंचना ये एक एसओपी यानी प्रोटोकॉल का हिस्सा होता है। मौके पर क्राइम टीम, एफएसएल टीम और बम निरोधक दस्ता पहुंचा। धटनास्थल की घेराबंदी कर दी गई है। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर है। विस्फोट के कारणों पर गौर किया जा रहा है। स्पेशल सेल के सूत्र के मुताबिक मौके पर स्पेशल सेल की टीम भी मौजूद है। आसपास कई सीसीटीवी के फुटेज को खंगालने में जुटी है।

## बहराइच हिंसा: 23 अक्तूबर के पहले नहीं चल सकेगा बुलडोजर

लखनऊ, 20 अक्टूबर। बहराइच हिंसा के आरोपियों के घर बुलडोजर अभी फिलहाल 23 अक्तूबर तक नहीं चल सकेगा। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने इस पर रोक लगा दी है। शुक्रवार को इन घरों पर नोटिस चस्पा कर दिया गया था। इसमें सभी को तीन दिन का समय दिया गया था। एआर मसूदी और सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट की जनहित याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा कि 23 अक्तूबर तक इस पूरे मामले की जांच की जाएगी। उसके बाद यह फैसला लिया जाएगा। महसी तहसील के महराजगंज कस्बे में रविवार को पूरा दिन बुलडोजर कार्रवाई के डर में बीता। दिन भर लोग बुलडोजर चलने की आशंका में सहमे रहे हालांकि प्रशासन की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं हुई। शनिवार को लोग जहां खुद दुकान व मकान तोड़ते दिखे थे तो वहीं रविवार को भी यह सिलसिला जारी रहा। विगत 13 अक्तूबर को दुर्गापूजा के दौरान पत्थरबाजी व रामगोपाल मिश्रा हत्याकांड की घटना के बाद से महराजगंज कस्बे में सन्नाटा अभी भी पसरा है। मुख्य आरोपी अब्दुल हमीद सहित 23 लोगों के घरों पर ध्वस्तीकरण का नोटिस चस्पा किया गया था जिसके बाद से कस्बे में हड़कंप की स्थित है। हालांकि बीते दो दिनों में कुछ परिस्थितियां बदली हैं और लोगों की दुकानें खुलने लगी हैं।


कौमी पत्रिका में

बहुत ही सस्ते रेटों पर विज्ञापन छपवाएं !



SANJAY KUMAR
Senior Marketing Executive
Advertisement Office. - 5, BAHADUR SHAH ZAFAR MARG , PRESS AREA, ITO, NEW DELHI 110002
PHONE: 9312051236
E-mail ID: qpatrika@gmail.com


## ममता सरकार से बैठक के लिए तैयार आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टर

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

कोलकाता, 20 अक्टूबर। पश्चिम बंगाल के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर के दुष्कर्म-हत्या मामले में राज्य सरकार और डॉक्टरों के बीच टकराव बना हुआ है। दरअसल, डॉक्टर लगातार सुरक्षा और अन्य मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। हालांकि, सरकार की तरफ से कुछ मामलों में प्रतिक्रिया न आने और अन्य मांगों को नकारे जाने के चलते डॉक्टरों ने प्रदर्शन जारी रखा है। इस बीच जूनियर डॉक्टरों ने कहा है कि वह सोमवार को बंगाल सरकार के साथ मांगों को लेकर बैठक में शामिल होंगे, लेकिन भूख हड़ताल पर फैसला इस बैठक के नतीजों के बाद ही होगा। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों से अपील की थी कि वह अपनी भूख हड़ताल को खत्म करें। ममता ने दावा गकिया था कि उनकी ज्यादातर मांगें मान ली गई हैं। हालांकि, जूनियर डॉक्टरों की राज्य के स्वास्थ्य सचिव को हटाने की मांग को नहीं माना गया। चिकित्सक स्वास्थ्य सचिव निगम को हटाने के अलावा चिकित्सा महाविद्यालयों में चुनाव कराने की भी मांग कर रहे हैं। बंगाल के जूनियर



डॉक्टरों की सामान्य निकाय की बैठक के बाद प्रदर्शनकारी डॉक्टर देबाशीष हल्दर ने कहा, हम बैठक में हिस्सा लेंगे, लेकिन उससे पहले भूख हड़ताल खत्म नहीं की जाएगी। बैठक में होने वाले निर्णयों के बाद ही फैसला होगा कि प्रदर्शन किस रूप में जारी रहेगा। बता दें कि मुख्य सचिव मनोज पंत ने जूनियर डॉक्टरों को सोमवार को सीएम ममता बनर्जी से 45 मिनट की चर्चा के लिए राज्य सचिवालय बुलाया है। हालांकि, इसके लिए भूख हड़ताल खत्म करने की शर्त रखी गई है। इस बीच जूनियर डॉक्टरों ने स्वास्थ्य सचिव एनएस निगम के इस्तीफे की मांग जारी रखी है। हल्दर ने भूख हड़ताल में शामिल होने वालों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जाहिर की और बताया कि मौजूदा समय में भूख हड़ताल कर रहे आठ डॉक्टरों में से तीन पांच अक्तूबर से, दो 11 अक्तूबर से, एक 14 अक्तूबर से और दो 15 अक्तूबर से हड़ताल पर हैं। भूख हड़ताल करने वाले छह अन्य चिकित्सक गंभीर रूप से बीमार पड़ गए हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। मुख्य सचिव मनोज पंत और गृह सचिव नंदिनी चक्रवर्ती ने भी शनिवार को एस्प्लेनेड स्थित धरनास्थल का दौरा किया था। इस दौरान मुख्यमंत्री ने फोन के जरिए प्रदर्शनकारी चिकित्सकों से बात करते हुए कहा था, "हर किसी को विरोध करने का अधिकार है, लेकिन इसका असर स्वास्थ्य सेवाओं पर नहीं पड़ना चाहिए।

## इज़रायल ने उत्तरी गाजा में 70 से अधिक मौतों से किया इनकार



**एजेंसी**
**तेल अवीव।** इज़रायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने उत्तरी गाजा पट्टी पर इजरायली हमले में हताहतों की संख्या स्वीकार की है, लेकिन फिलिस्तीनी पक्ष के आंकड़े, जिसमें को 70 से अधिक लोगों की मौत की सूचना दी गई थी, को अतिरंजित माना है। हालाँकि इज़रायली पक्ष ने यह नहीं बताया कि उसके अनुसार कितने लोग मारे गए हैंगाजा सरकार के मीडिया कार्यालय ने इससे पहले बताया कि उत्तरी गाजा पट्टी में बेत लाहिया क्षेत्र पर इजरायली हमले में मरने वालों की संख्या 70 से अधिक हो गई, जबकि दर्जनों घायल हो गए। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा, प्रारंभिक आईडीएफ जांच के बाद, गाजा में हमास द्वारा संचालित सरकारी सूचना कार्यालय द्वारा प्रकाशित आंकड़े अतिरंजित हैं और आईडीएफ द्वारा रखी गई जानकारी से मेल नहीं खाते हैं।

## इराकी मिलिशिया ने इजरायली ठिकानों पर 4 ड्रोन हमलों का दावा

**बगदाद।** इराक में शिया मिलिशिया समूह इस्लामिक रेसिस्टेंस ने इजरायली ठिकानों पर चार ड्रोन हमलों को अंजाम देने की जिम्मेदारी ली।



अलग-अलग ऑनलाइन बयानों में समूह ने सुबह दो साइटों पर दो ड्रोन हमले शुरू करने की सूचना दी, जिनमें से एक इजरायली कब्जे वाले गोलान हाइट्स में भी शामिल है। इसने शाम को दक्षिणी बंदरगाह शहर इलियट और फिर इजरायल के कब्जे वाले गोलान हाइट्स में महत्वपूर्ण स्थलों पर दो ड्रोन हमले शुरू करने की भी सूचना दी। समूह ने कहा कि हमले फिलिस्तीन और लेबनान में हमारे लोगों के साथ एकजुटता में किए गए, दुश्मन के गढ़ों को बढ़ती गति से निशाना बनाना जारी रखने का वादा किया गया। इसमें लक्षित स्थलों के बारे में अधिक जानकारी नहीं दी गई या किसी के हताहत होने की सूचना नहीं दी गई।

## भीड़ की गोलीबारी में तीन की मौत, 8 घायल

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मिसिसिपी राज्य में एक फुटबॉल खेल में हाई स्कूल के पूर्व छात्रों की टीम की जीत का जश्न मना रही सैकड़ों लोगों की भीड़ पर हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और आठ घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक बयान के अनुसार, सुबह,



कम से कम दो लोगों ने फुटबॉल खेल में जीत का जश्न मना रहे कई सौ लोगों की भीड़ पर खेल खत्म होने के कुछ घंटों बाद आउटडोर कोर्ट पर गोलियां चला दीं। ज्ञातव्य है कि गोलीबारी लेक्सिंगटन शहर से कई किलोमीटर दूर हुई। स्थानीय शेरिफ के अनुसार, भीड़ में 200 से 300 लोग थे, जो गोलियों की आवाज सुनकर तितर-बितर होने लगे। मृतकों में से दो की उम्र 19 साल और तीसरे की उम्र 25 साल है।

## कराची में किशोरी, दो युवतियों और बुजुर्ग महिला की हत्या, शव अलग-अलग कमरों से बरामद

**कराची।** पाकिस्तान की आर्थिक राजधानी कराची के ल्यारी क्षेत्र की ली मार्केट इलाके में एक अपार्टमेंट (जैनब आर्केड) से तीन महिलाओं और एक किशोरी शव मिले हैं। एआरवाई न्यूज चैनल के अनुसार, चारों के गला कटे शव आज सुबह पुलिस ने जैनब आर्केड की सातवीं मंजिल से बरामद किए गए। पुलिस के मुताबिक, बदन पर यातना के निशान भी हैं। चारों की पहचान हो गई है। इनके नाम 13 साल की अलीना, 18 साल की मदीहा, 19 साल की आयशा और 51 साल की शहनाज हैं। चारों शव अलग-अलग कमरों में पाए गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बंटवा गली में लगे सीसीटीवी की फुटेज जांच के लिए हासिल की जा रही है। परिवार के मुखिया मुहम्मद फारूक ने पुलिस से कहा है कि मृतकों में उनकी पत्नी, बेटी, पोती और एक बहू शामिल हैं। जब यह घटना हुई तब वह और उनके दो बेटे घर पर नहीं थे। उन्हें किसी पर शक नहीं है। न ही उनकी किसी से कोई दुश्मनी है। हालांकि पुलिस ने परिवार के मुखिया फारूक और उसके दो बेटों को हिरासत में लिया है।

# भारत से टकराव के बाद बढ़ रहीं मालदीव की मुश्किलें, दिल्ली से मदद मिलने के बावजूद गहराया आर्थिक संकट

**एजेंसी**
**माले।** मालदीव में आर्थिक संकट लगातार गहराता जा रहा है। दरअसल, अपनी मुद्रा की लगातार बदल रही स्थिति और पर्यटकों की कमी के चलते देश में विदेशी मुद्रा की भारी कमी पैदा हो गई है। ऐसे में मालदीव ने अब विदेशी मुद्रा को लेकर नए नियम तैयार किए हैं। इसके तहत अब देश में विदेशी मुद्रा के जरिए लेनदेन के तरीकों को सीमित किया जाएगा। साथ ही पर्यटन संस्थाओं और बैंकों में विदेशी मुद्रा विनिमय नियंत्रण अनिवार्य रूप से लागू किया जा रहा है। गौरतलब है कि मालदीव की अर्थव्यवस्था बीते कुछ दिनों में नकारात्मक रूप से प्रभावित हुई है। खासकर भारत से टकराव के कारण मालदीव की आर्थिक स्थिति को तगड़ा झटका लगा है। दरअसल, मालदीव से %भारत को बाहर करने की नीति% (इंडिया आउट कैंपेन) चलाकर सत्ता में आए मोहम्मद मुइज्जु की सरकार की नीतियों के चलते भारतीय पर्यटकों के मालदीव जाने



में भारी कमी आई है। देश की अर्थव्यवस्था के लिए सबसे जरूरी पर्यटन सेक्टर पर प्रभाव पड़ने की वजह से इस द्वीप देश की आर्थिक स्थिति भी बिगड़ी है। बीते महीने ही मालदीव पर इस्लामिक बॉन्ड के भुगतान में देरी के कारण डिफॉल्टर होने का खतरा पैदा हो गया था। हालांकि, भारत की तरफ से ब्याज रहित 5 करोड़ डॉलर के कर्ज के चलते मालदीव इस संकट से निकलने में सफल हुआ था। हालांकि, लगातार घटते विदेशी मुद्रा भंडार के चलते मालदीव का आयात खर्च काफी ज्यादा हुआ है। ऐसे में मालदीव के केंद्रीय बैंक और मालदीव के मौद्रिक प्राधिकरण (एमएमए) ने 1 अक्तूबर को कुछ नए विनियम लागू किए हैं। इसके तहत पर्यटन उद्योग द्वारा विदेशी मुद्रा के जरिए जुटाई गई राशि को स्थानीय बैंकों में जमा कराना जरूरी है। मालदीव के मौद्रिक प्राधिकरण, जिसने अगस्त में ही डॉलर के खर्च को लेकर सख्त सीमा लगा दी थी, उसने इस बार डॉलर की कमी के चलते स्थानीय धिवेही भाषा में नए नियमों का एलान किया। इसके तहत मालदीव में सभी लेनदेन मालदीव रुफिया में करना जरूरी है। सिर्फ उन्हीं लेनदेन को छूट दी गई है, जिन्हें विदेशी मुद्रा में करना अनिवार्य है। एमएमए की तरफ से जारी नए विनियमन और एफएक्यू के मुताबिक, इसमें यह भी प्रावधान है कि वस्तुओं और सेवाओं, कार्यों के मूल्य, शुल्क, प्रभार, किराए और मजदूरी के भुगतान स्थानीय मुद्रा में किए जाएंगे और इन लेनदेन के लिए विदेशी मुद्रा में बिल जारी करने पर रोक लगाई गई है। छूट प्राप्त लेन-देन में निर्यात, अंतरराष्ट्रीय लेनदेन, धनप्रेषण सेवा प्रदाताओं के लिए भुगतान और वे लेनदेन शामिल हैं, जिनका भुगतान कानूनी रूप से अमेरिकी डॉलर में करना अनिवार्य है।

## अमेरिकी लोकतंत्र के लिए खतरा हैं हैरिस : ट्रंप

**एजेंसी**
**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति पद के रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उनकी डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी कमला चाहिए था, उन्हें उम्मीदवार को निष्पक्ष रूप से चुनना चाहिए था, न कि उन्हें सिर्फ इसलिए देना चाहिए था, क्योंकि वे राजनीतिक रूप से सही होना चाहते थे। उन्होंने सुश्री हैरिस को इतिहास की



हैरिस देश के लोकतंत्र के लिए खतरा हैं, क्योंकि उनकी पार्टी ने उन्हें गलत तरीके से नामित किया है। श्री ट्रंप ने पेंसिल्वेनिया में एक रैली में कहा, वह लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। जिस तरह से उन्होंने उम्मीदवारी हासिल की। वे मुझे लोकतंत्र के लिए खतरा कहते हैं, है न? वह लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। क्योंकि उन्हें उम्मीदवार भी नहीं होना सबसे खराब उपराष्ट्रपति बताते हुए कहा कि दुनिया उनका ठीक वैसे ही मजाक उड़ा रही है, जैसे वह वर्तमान अमेरिकी नेता जो बाइडेन पर हंसती है। गौरतलब है कि श्री ट्रंप के साथ बहस में श्री बाइडेन की विफलता के बाद सुश्री हैरिस राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बन गयीं। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव पांच नवंबर को होंगे।

## ईरान पर किसी भी इजरायली हमले का मिलेगा करारा जवाब : अरागची

**एजेंसी**
**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने कहा कि ईरान के खिलाफ किसी भी इजरायली हमले का मतलब खतरे की रेखा को पार करना होगा और इसका माकूल जवाब दिया जायेगा। श्री अरागची ने तुर्की प्रसारक 'एनटीवी' को बताया, ÷ईरान पर किसी भी हमले का मतलब हमारे लिए लाल रेखा को पार करना है। हम ऐसे हमले को अनुत्तरित नहीं छोड़ेंगे। ईरान की परमाणु सुविधाओं या किसी भी तरह के हमले पर आवश्यक प्रतिक्रिया दी जाएगी। ईरान पर इजरायल को किसी भी हमले के लिए एक सममित प्रतिक्रिया मिलेगी। शीर्ष ईरानी राजनयिक ने कहा, इज़रायल को ईरान की नवीनतम प्रतिक्रिया के दौरान, 90 प्रतिशत तक मिसाइलें अपने लक्ष्य तक पहुंच गईं। श्री अरागची ने कहा, हमने उस समय किसी भी आर्थिक या नागरिक सुविधाओं पर हमला नहीं किया था। हमने केवल सैन्य सुविधाओं को निशाना बनाया था। अब, हमने इज़रायल में अपने सभी लक्ष्यों की पहचान कर ली है। अगर इज़रायल हमला करता है, तो हम उनके ठिकानों



पर भी इसी तरह का हमला करेंगे। यह पूछे जाने पर कि इज़रायल ने अभी तक ईरान के पिछले हमले का जवाब क्यों नहीं दिया है, मंत्री ने पूरी दुनिया द्वारा इज़रायल पर डाले जा रहे भारी राजनयिक दबाव का हवाला दिया। श्री अरागची ने कहा, इस क्षेत्र में पूर्ण पैमाने पर युद्ध छिड़ने की अत्यधिक संभावना है। देश क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण राजनयिक प्रयास कर रहे हैं। मेरा मानना ??है कि इजरायली हमलों और क्षेत्र में बड़े पैमाने पर आपदा को रोकने के लिए कूटनीति का इस्तेमाल और युद्धविराम की घोषणा की जानी चाहिए। इसके बाद ही हम गाजा पट्टी और लेबनान के निवासियों की भलाई के बारे में बात कर सकते हैं।

## ईरान का मेरी हत्या करने की कोशिश करना बड़ी गलती : नेतन्याहू

**एजेंसी**
**यरूशलम।**इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान के एजेंट ने उनकी और उनकी पत्नी की हत्या करने की कोशिश करके एक बड़ी गलती की है। श्री नेतन्याहू ने एक बयान में कहा, ईरान के एजेंट जिन्होंने आज मेरी और मेरी पत्नी की हत्या करने की कोशिश की, उन्होंने एक बड़ी गलती की है। उन्होंने लेबनान से ड्रोन हमले का जिक्र करते हुए कहा कि उसका लक्ष्य उत्तरी शहर कैसरिया में उनके निजी आवास को निशाना बनाना था। बाद में ड्रोन ने शहर के एक अन्य घर को निशाना बनाया, जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि हमले के समय श्री नेतन्याहू और उनकी पत्नी अपने निजी आवास में नहीं थे।

श्री नेतन्याहू ने बयान में कहा, %यह मुझे और इज़रायल को पीढ़ियों तक हमारी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हमारे दुश्मनों के खिलाफ लड़ाई जारी रखने से नहीं रोक सकेगा। उन्होंने कहा, मैं ईरानियों और उनके सहयोगियों से कहता हूं कि जो कोई



भी इजरायल के नागरिकों को नुकसान पहुंचाएगा, उसे इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। हम आपके आतंकवादियों को खत्म करना जारी रखेंगे, गाजा से हमारे अपहृत लोगों को वापस लाएंगे और उत्तरी क्षेत्र के निवासियों को उनके घर वापस लाएंगे। श्री नेतन्याहू ने कहा, हम स्वयं द्वारा निर्धारित सभी युद्ध लक्ष्यों को प्राप्त करेंगे और पीढ़ियों के लिए हमारे क्षेत्र में सुरक्षा वास्तविकता को बदल देंगे।से लाभ होगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री ब्रिक्स देशों के शीर्ष नेताओं की बैठक में भाग लेने 22 और 23 अक्टूबर को रूस की यात्रा करेंगे।

# रवि लामिछाने की गिरफ्तारी के विरोध में नेपाल के कई शहरों में प्रदर्शन

**एजेंसी**
**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व गृहमंत्री एवं राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रमुख रवि लामिछाने की गिरफ्तारी के विरोध में उनके समर्थकों ने काठमांडू, पोखरा सहित देश के कई शहरों में प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने रवि की गिरफ्तारी को राजनीतिक बदले की भावना से की गयी कार्रवाई बताया है। रवि की गिरफ्तारी के विरोध में सबसे बड़ा प्रदर्शन पोखरा में हुआ जहां गिरफ्तारी के बाद रवि को रखा गया है। यहां के प्रदर्शन में सहभागी होने के लिए पार्टी के सभी शीर्ष नेता और सांसद पहुंचे थे। प्रदर्शन में सैकड़ों समर्थकों ने ओली सरकार के विरोध में नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन को संबोधित



करते हुए पार्टी के उपाध्यक्ष तथा सांसद स्वर्णिम वागले ने कहा कि जो सरकार खुद भ्रष्टाचारियों का अखाड़ा हो वो अपनी कमजोरी छिपाने के लिए हमारी आवाज को दबाने का प्रयास कर रहे है। काठमांडू में प्रदर्शन के क्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं को सिंहदरबार की तरफ जाने से रोक दिया गया था। इस दौरान प्रदर्शकारियों तथा सुरक्षाबलों के बीच थोड़ी देर तनाव की स्थिति भी देखी गई। यहां पर लोग प्ले कार्ड लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। इस प्रदर्शन को संबोधन करते हुए पार्टी उपाध्यक्ष डीपी अर्याल ने कहा कि पिछली बार रवि लामिछाने ने कांग्रेस और सीपीएन (यूएमएल) के नेताओं से जुड़ी भ्रष्टाचार की फाइल को खोला था और उस पर कार्रवाई करने के लिए जैसे ही पुलिस को जिम्मेदारी दी वैसे ही उस सरकार को गिरा दिया गया। अब वे लोग उस बात का बदला ले रहे हैं। रवि के पक्ष में और सरकार के विरोध में पोखरा, काठमांडू के अलावा उनके निर्वाचन क्षेत्र चितवन सहित कुछ अन्य शहरों में प्रदर्शन किए जाने की भी खबर है। पार्टी नेताओं का दावा है कि रविवार से देश के सभी प्रमुख शहरों में प्रदर्शन किया जाएगा।

## लेबनान में इजरायली हमले में मरने वालों की संख्या हुयी 2,448

**एजेंसी**
**बेरूत।** इजरायल-हिजबुल्लाह संघर्ष की शुरुआत के बाद से लेबनान पर इजरायली हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या 2,448 तक पहुंच गई है, जबकि 11,471 लोग घायल हुए हैं। जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी।

लेबनानी मंत्रिपरिषद में आपदा जोखिम प्रबंधन इकाई द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 24 घंटों में लेबनान पर इजरायली हवाई हमलों में 30 लोग मारे गए और 135 अन्य घायल हो गए। इस बीच विभिन्न क्षेत्रों में 82 हवाई हमले और गोलाबारी दर्ज की गईं, जिनमें से ज्यादातर दक्षिणी लेबनान में केंद्रित थीं, जिससे इजरायली 'आक्रामकता' की शुरुआत के बाद से हमलों की कुल संख्या 10,415 हो गई।

रिपोर्ट के अनुसार, विस्थापित व्यक्तियों को समायोजित करने और



प्राप्त करने के लिए 1,094 मान्यता प्राप्त आश्रय स्थल खोले गए हैं, और अपनी अधिकतम क्षमता तक पहुंचने वाले प्रमाणित आश्रयों की संख्या 901 तक पहुंच गई है।

# नेपाल के वामपंथियों के बीच एकता कराने के लिए सीपीसी फिर हुआ सक्रिय

**एजेंसी**
**काठमांड।** नेपाल की आंतरिक राजनीति में खुल कर हस्तक्षेप करने वाले चीन की कम्यूनिष्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) के प्रतिनिधिमंडल एक बार फिर नेपाल के वामपंथी दलों के बीच एकता कराने के लिए सक्रिय हो गए हैं। हर महीने कोई न कोई चीनी प्रतिनिधिमंडल का नेपाल दौरा हो रहा है और उनकी मुलाकात नेपाल के विभिन्न वामपंथी दलों के साथ हो रहा है, जिसमें बातचीत का एकमात्र एजेंडा नेपाल के सभी वामपंथियों को एक ही दल में लाना है। काठमांडू में आज ही सीपीसी का एक प्रतिनिधिमंडल आया हुआ है, जो नेपाल के वामपंथी दल के शीर्ष नेताओं से मुलाकात करने में व्यस्त है। सीपीसी के केंद्रीय सदस्य और छिनहंग प्रोविंस के सेक्रेटरी छेन कांग के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल आया है। इस चीनी प्रतिनिधिमंडल ने आज ही पूर्व प्रधानमंत्री तथा माओवादी अध्यक्ष



पुष्प कमल दहाल प्रचण्ड से मुलाकात की है जबकि कल यानि रविवार को प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से मुलाकात का समय तय है। आज रात की डिनर पार्टी में अन्य वामपंथी नेताओं से भी मुलाकात हो रही है। प्रचंड से मुलाकात के दौरान चीनी प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि बीजिंग नेपाल की वामपंथी एकता के पक्ष में है और यही संदेश देने के लिए वो काठमांडू का भ्रमण कर रहे हैं। इस मुलाकात के दौरान माओवादी पार्टी के शीर्ष नेताओं की भी उपस्थिति थी। इस बैठक में उपस्थित माओवादी पार्टी के उपाध्यक्ष नारायण काजी श्रेष्ठ ने बताया कि सीपीसी की इच्छा और उनका सद्भाव नेपाल के वामपंथियों के बीच एकता है। सीपीसी के प्रतिनिधिमंडल ने सभी कम्यूनिष्ट दलों के बीच एकता की बात को प्रथमिकता में रख कर जल्द से जल्द इसको अंजाम तक पहुंचाने की है। श्रेष्ठ ने बताया कि प्रचंड ने सीपीसी नेताओं को बताया कि वो हमेशा से ही वामपंथी एकता के पक्ष में हैं और लगातार इसके लिए प्रयास कर रहे हैं । प्रचंड ने चीनी प्रतिनिधिमंडल को यह भी बताया कि जल्द ही माओवादी पार्टी से अलग हुए सभी गुटों के साथ उनकी एकता होने वाली है। इसी तरह दूसरे चरण में अन्य वामपंथी दलों के साथ एकता की बातचीत चल रही है, जो अंतिम चरण में है।

## किर्गिजस्तान में हिमस्खलन के बाद छह शव बरामद



**एजेंसी**
**बिश्केक।** दक्षिणी किर्गिस्तान में हिमस्खलन में लापता हुए सभी छह लोगों के शव बरामद कर लिये गये हैं। किर्गिस्तान के आपातकालीन स्थिति मंत्रालय ने बताया कि तीन लोगों के शव बरामद किए गए और बाद में, शनिवार सुबह तीन और शव बरामद किए गए। इससे पहले, बचावकर्मियों ने बताया कि 14 लोगों का एक समूह नौ अक्टूबर को औषधीय पौधे इकट्ठा करने के लिए जलाल-अबाद क्षेत्र के चटकल जिले में पहाड़ों पर गया था, इनमें से कुछ लोगहिमस्खलन के बाद लापता हो गये और इनमें से आठ लोगों को बुधवार को जीवित पाया गया।

## एलन मस्क का चौंकाने वाला एलान– चुनाव तक हर दिन किसी एक मतदाता को मिलेगा 10 लाख डॉलर का इनाम

**एजेंसी**
**वाशिंगन।** अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने अमेरिकी मतदाताओं से वादा किया है कि राष्ट्रपति चुनाव तक हर दिन किसी एक मतदाता के 10 लाख डॉलर जीतने का मौका है। उन्होंने इसके लिए शर्त का एलान करते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति उनकी अमेरिकी संविधान का समर्थन करने वाली याचिका के लिए हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लेगा, उनमें से किसी एक अमेरिकी मतदाता को 10 लाख डॉलर का इनाम मिलेगा। मस्क ने कहा कि चुनाव की तारीख- 5 नवंबर तक हर दिन जारी रहेगा। मजेदार बात यह है कि मस्क ने इस एलान के साथ ही अपनी याचिका के समर्थन में हस्ताक्षर करने वाले एक मतदाता को 10 लाख डॉलर का चेक भी थमाया। यह व्यक्ति पेंसिलवेनिया में मस्क की रैली में शामिल हुआ था, जो कि राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के समर्थन में आयोजित की गई थी। मस्क की याचिका का समर्थन करने के बाद जॉन ड्रेहर नाम के शख्स को पहले दिन मिलियन डॉलर (10 लाख डॉलर) का इनाम देने का एलान किया गया।

कौमी पत्रिका
संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।
Corporate Office:
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300
E - mail address :
qpatrika@gmail.com
Website: www.qaumipatrika.in
R.N.I. No.
UP-HIN/2007/21472
Legal Advisors:
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

# ओबामा ने तारीफों के बांधे पुल, कहा- कमला हैरिस राष्ट्रपति बनने के लिए पूरी तरह तैयार; ट्रंप पर बोला हमला

**एजेंसी**
**काठमांडू।**अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव को अब एक महीने से भी कम समय बचा है। ऐसे में इन आखिरी हफ्तों में डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन उम्मीदवार यानी कमला हैरिस तथा डोनाल्ड ट्रंप चुनावी तैयारी में पूरी ताकत झोंक रहे हैं। जैसे-जैसे इस साल के राष्ट्रपति पद के चुनाव पास आ रहे वैसे-वैसे लोगल खुलकर समर्थन कर रहे हैं। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने लास वेगास में हैरिस का जमकर समर्थन किया। साथ ही ट्रंप पर निशाना साधा। उन्होंने हैरिस की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह जरूरतमंदों की हितकारी हैं, जो दे को आकार देने वाले मूल्यों के प्रति दृढ़ता से प्रतिबद्ध हैं।बराक ओबामा ने यह भी कहा कि अमेरिकियों के पास नेताओं की नई पीढ़ी चुनकर देश के भविष्य को आकार देने का अवसर है, जो बेहतर, मजबूत, निष्पक्ष और अधिक समान अमेरिका बनाने में मदद करेगा। उन्होंने रैली में कहा, अमेरिका पन्ने पलटने के लिए तैयार है। हम राष्ट्रपति कमला हैरिस के लिए तैयार हैं। अच्छी खबर यह है कि हैरिस इस पद के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। वह एक ऐसी नेता हैं, जिन्होंने अपना पूरा जीवन उन लोगों की ओर से लड़ने में बिताया, जिन्हें एक चैंपियन की जरूरत है। कोई ऐसा व्यक्ति जो इस देश के निर्माण के मूल्यों में विश्वास रखता हो। साथ ही वह इस पद के लिए उतनी ही तैयार हैं जितनी कि राष्ट्रपति पद के लिए कोई भी उम्मीदवार रहा है। व्हाइट हाउस में एक बेहतरीन साथी गवर्नर टिम वाल्ट्ज उनके साथ होंगे। उन्होंने आगे कहा, यहां नेवादा में मतदान पहले ही शुरू हो चुका है। आप मेल या व्यक्तिगत रूप से जल्दी मतदान कर सकते हैं। अपने दोस्तों और परिवार के सदस्यों को मतदान की योजना बनाने में मदद करें क्योंकि साथ मिलकर, हमारे पास इस देश में नेतृत्व की नई पीढ़ी को चुनने और एक बेहतर, मजबूत, निष्पक्ष, अधिक समान, अधिक आशावादी अमेरिका का निर्माण शुरू करने का मौका है।

पूर्व राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि अमेरिका महामारी जैसे मुद्दों से जूझ रहा है। इससे कीमतें बढ़ रही हैं और परिवार प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा, हम जानते हैं कि यह चुनाव टक्कर का होने जा रहा है क्योंकि बहुत सारे लोग अभी भी संघर्ष कर रहे हैं। एक देश के रूप में, हम इन पिछले कुछ वर्षों में बहुत कुछ कर चुके हैं। हमने एक महामारी देखी, जिसने व्यवसायों और समुदायों पर कहर बरपाया और फिर महामारी से व्यवधानों के कारण मूल्य वृद्धि हुई और इसने परिवार के बजट पर दबाव डाला। इसलिए मुझे लगता है कि लोग चीजों को क्यों बदल रहे हैं। यह समझ में आता है। मैं इसे समझता हूं। जो बात मैं नहीं समझ पा रहा हूं वह यह है कि कोई यह क्यों सोचेगा कि डोनाल्ड ट्रंप चीजों को इस तरह से बदल देंगे जो लोगों के लिए अच्छा होगा क्योंकि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि यह व्यक्ति खुद के अलावा किसी और के बारे में सोचता है। हैरिस के प्रतिद्वंद्वी और रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की आलोचना करते हुए ओबामा ने कहा, मैंने पहले भी कहा है और मैं इसे फिर से कहने जा रहा हूं, डोनाल्ड ट्रंप एक 78 वर्षीय अरबपति हैं जिन्होंने नौ साल पहले उस सुनहरे पद से उतरने के बाद से अपनी समस्या के बारे में रोना बंद नहीं किया है। वह लगातार शिकायत कर रहे हैं, और जब वह शिकायत नहीं कर रहे होते हैं, तो वह आपको सामान बेचने की कोशिश कर रहे होते हैं। वह आपको ट्रंप बाइबिल बेचने की कोशिश कर रहे होते हैं।उन्होंने आगे कहा, मैं आपको एक अनुमान दूंगा कि वे बाइबिल कहां बनाई जाती हैं चीन में। यह चीन के मामले में मिस्टर टफ गाइ है, सिवाय इसके कि जब वह कुछ पैसे कमा सकते हैं। वह ऐसा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि उन्हें सिर्फ अपने अहंकार, पैसे और अपनी हैसियत की परवाह है। वह आपके बारे में नहीं सोच रहे हैं।

## व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या, केस दर्ज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रोहिणी जिले के अमन विहार इलाके में चोरी के शक में एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गयी। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस जांच में मृतक की पहचान शाहजहांपुर उप्र निवासी संदीप उर्फ भूरा (30) के रूप में हुई है। वहीं क्राइम के अलावा फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी को कब्जे में लिया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक सुबह करीब चार बजे पुलिस को सूचना मिली कि अमन विहार इलाके में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस को घटनास्थल पर एक व्यक्ति अचेत अवस्था में मिला। पुलिस ने व्यक्ति को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटनास्थल पर मौजूद कॉलर ने पूछताछ में बताया कि मृतक आवारा व्यक्ति था और मजदूरी करता था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक घटना वाले दिन वह चोरी के उद्देश्य से करण विहार स्थित एक घर में घुस गया जिसे लोगों ने पकड़ कर बुरी तरह से पीटा। इससे उसकी मौत हो गई। उक्त मामले में पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

## छतरपुर इलाके से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिमी जिले के किशनगढ़ थाना पुलिस ने 17 अक्टूबर को छतरपुर इलाके से दुष्कर्म के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित विजय कुमार बिष्ट ने स्नातक की पढ़ाई की है और वह गुरुग्राम स्थित एक पैथ लैब में असिस्टेंट का काम करता है। आरोपित अपने एक दोस्त के जरिए पीड़िता से मिला था। दक्षिण पश्चिम जिले के डीसीपी सुरेन्द्र चौधरी ने बताया कि 16 अक्टूबर को एक महिला ने पुलिस को शिकायत दी थी। इसमें बताया कि उसके एक दोस्त ने उसे विजय से मिलाया था। दोनों के बीच दोस्ती हुई और दोनों बात करने लगे। विजय ने फरवरी 2021 से लेकर वर्तमान तक उसके साथ कई बार यौन उत्पीड़न और दुष्कर्म किया।

## भारतीय कंक्रीट संस्थान शिमला केंद्र द्वारा विजय उप्पल व सतीश सागर शर्मा को लाइफ़टाइम एचीवमेंट अवार्ड

–चन्द्रकान्त पाराशर

शिमला/दिल्ली। भारतीय कंक्रीट संस्थान शिमला केंद्र द्वारा 19 अक्टूबर को इंजीनियरिंग और वास्तुकला के प्रतिष्ठित पेशेवरों को द आर्चिड भठ्ठाकुफ़र के सभागार में सम्मानित किया गया। आईसीआई–अल्ट्राटेक स्ट्रक्चर अवार्ड्स 2024 में सात सदस्यों की एक जूरीद्वारा चयनित निम्नलिखित विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड ‒ वा. विजय उप्पल ; इंजी0सतीश सागर शर्मा; उभरते वास्तुकार‒ एआर अभिनव कौंडल; उभरते इंजीनियर‒ एआर रोहित गुप्ता; युवा कंक्रीट टेक्नोलॉजिस्ट‒ डॉ अदिति चौहान; इंफ्रास्ट्रक्चर अवार्ड‒ एनएचपीसी की पार्बती परियोजना के एचआरटी को इंफ्रास्ट्रक्चर श्रेणी में पुरस्कृत किया गया।



ज्ञातव्य है कि भारतीय कंक्रीट संस्थान एक गैर–लाभकारी संगठन है जो कंक्रीट पर ज्ञान का प्रसार करने, कंक्रीट प्रौद्योगिकी और निर्माण को बढ़ावा देने और कंक्रीट की शोध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए समर्पित है। आईसीआई के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए, इसके क्षेत्रीय केंद्र पूरे वर्ष राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सेमिनार, कार्यशालाएं, सम्मेलन, प्रदर्शनी आदि जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करते हैं। ये कार्यक्रम कंक्रीट उद्योग के सभी हितधारकों के लिए एक अनूठा मंच साबित होते हैं, जिसमें अभ्यास करने वाले इंजीनियर, निर्माता, शिक्षाविद, सलाहकार और शोधकर्ता अपनी वैश्विक भागीदारी करते हैं, मुद्दों पर चर्चा करते हैं, कंक्रीट से संबंधित मामलों पर अपने विचार और अनुभव साझा करते हैं। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश रेरा के अध्यक्ष डॉ श्रीकांत बाल्दी मुख्य अतिथि थे। डॉ बाल्दी ने सतत विकास के महत्व पर जोर दिया और कहा कि अगर हम अपने शहरों की योजना सतत विकास (Sustainable Developmnet) के अनुसार नहीं बनाते हैं, खासकर पहाड़ी क्षेत्रों में, तो आने वाले समय में परिणाम विनाशकारी हो सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम 2023 के मानसून के दौरान इसे पहले ही देख चुके हैं। श्रीमती उमा बाल्दी ने भी इस अवसर पर अपनी उपस्थिति से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। श्रीमती उर्मिला बाल्दी हिमाचल प्रदेश में सामाजिक कार्यों का पर्याय हैं, जो पिछले 31 वर्षों से समाज के जरूरतमंदों और वंचितों के उत्थान और कल्याण के लिए निरंतर काम कर रही हैं। इस अवसर पर बोलते हुए आईसीआई शिमला केंद्र के अध्यक्ष वा. वी पी एस जसवाल ने शिमला और हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में इमारतों और डूब क्षेत्रों के डूबने को ध्यान में रखते हुए भूवैज्ञानिक मानचित्रण के साथ एकीकृत योजना की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने यह भी बताया कि आईसीआई शिमला केंद्र द्वारा नियमित आधार पर सेमिनार और विशेषज्ञ व्याख्यान और जागरूकता कार्यक्रम जैसी विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं।

## बुनियादी ढांचा राष्ट्रीय विकास की कुंजी है-गड़करी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि बेहतर परिवहन प्रणाली आर्थिक विकास के नए द्वार खोलती है और रोजगार के अवसर पैदा करती है।

श्री गड़करी यहाँ मध्य प्रदेश लोक निर्माण विभाग और भारतीय सड़क कांग्रेस द्वारा आयोजित 'सड़क और पुल निर्माण में नवीनतम उभरते रुझान और प्रौद्योगिकी' विषय पर दो दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दोहराया कि बुनियादी ढांचे का विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है, क्योंकि यह क्षेत्र न केवल प्रगति को गति देता है बल्कि भारत के भविष्य का खाका भी तैयार करता है। उन्होंने गुणवत्ता सुनिश्चित करने, सड़क दुर्घटनाओं को कम करने, पर्यावरण की रक्षा करने और जमीनी चुनौतियों का समाधान करने जैसे प्रमुख उद्देश्यों पर जोर दिया, जिनके बारे में उनका मानना ??है कि सभी स्तरों पर सामूहिक प्रयासों से ही इन्हें हासिल किया जा सकता है। श्री गडकरी ने 'अपशिष्ट से संपदा' नीति अपनाने की वकालत की, जो सड़क निर्माण में अपशिष्ट पदार्थों के उपयोग को बढ़ावा देती है, जिससे वित्तीय और पर्यावरणीय दोनों तरह का



फायदा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह सम्मेलन राज्य के बुनियादी ढांचे के विकास में नई गति लाएगा, जो विभिन्न निर्माण परियोजनाओं की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

दो दिवसीय सम्मेलन में कई तकनीकी सत्र शामिल हैं, जहां देश भर के विशेषज्ञ नवीनतम तकनीकों, निर्माण सामग्री और इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) समझौता प्रक्रिया में चुनौतियों पर विचार-विमर्श करेंगे। कार्यक्रम में सड़क और पुल निर्माण में उपयोग की जाने वाली नवीनतम मशीनरी और तकनीकों को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई है।

## संविधान नहीं होता तो केंद्र सरकार मुझे फांसी पर लटका देती: सत्येंद्र जैन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि अगर न्यायपालिका और संविधान नहीं होता तो भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) की केंद्र सरकार उन्हें फांसी पर लटका देती। श्री जैन ने सुबह अपने परिवार के साथ सरस्वती विहार में स्थित जैन मंदिर में पूजा अर्चना की और सभी देशवासियों के कल्याण की कामना की। इस दौरान उन्होंने कहा, देश के अंदर अभी भी न्याय और संविधान है। सबको इसे मानना पड़ेगा। अगर संविधान, न्याय और अदालतें नहीं होतीं तो आज केंद्र में जिस तरह की सरकार चल रही है वह शायद फांसी पर लटका देती। अरविंद केजरीवाल ने हमसे शुरू में ही कहा था कि हम इस देश की राजनीति को बदलने की कोशिश कर रहे हैं, जो भी यह कोशिश करेगा उसे जेल तो जाना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा, जेल जाने के बाद कई बार सोचा कि इन लोगों ने मुझे जेल भेज दिया, अरविंद केजरीवाल को जेल भेज दिया। मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को जेल भेज दिया।



आम आदमी पार्टी के अंदर ऐसा क्या है कि ये हमारी पार्टी को खत्म करना चाहते हैं। इसके पीछे केवल एक ही कारण है कि इस देश में कई पार्टियां बनीं, लेकिन ये बड़ी-बड़ी पार्टियां भी इनका कुछ नहीं बिगाड़ पाईं। राजनीति पहले जैसे चल रही थी, वैसे ही चल रही है। उस तरह से चलते रहे तो कोई दिक्कत नहीं है। इन्हें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि अरविंद केजरीवाल राजनीति में आए, लेकिन इनके जैसे नहीं बने इसलिए फर्क पड़ता है। श्री जैन ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को इस तथाकथित मनी लॉन्ड्रिंग के मामले की जांच करते हुए सात साल हो गए लेकिन अभी तक जांच चल ही रही है। चौबीस अगस्त 2017 को केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मामला दर्ज किया और सात दिन बाद 31 अगस्त को ईडी ने मामला दर्ज कर लिया।

## 'कर्मयोगी सप्ताह' से मिलने वाली सीख व अनुभव से विकसित भारत में मदद मिलेगी : मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां 'कर्मयोगी सप्ताह' - राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह का शुभारंभ किया और कहा कि इससे मिलने वाली नयी सीख और अनुभव विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में मदद करेगा।

प्रधानमंत्री ने डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मिशन कर्मयोगी के माध्यम से हमारा लक्ष्य ऐसा मानव संसाधन तैयार करना है जो देश के विकास की प्रेरक शक्ति बने। अभी तक की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर हम इसी उत्साह के साथ काम करते रहेंगे तो देश को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने जोर देकर कहा कि राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह के दौरान मिली नई सीख और अनुभव हमें कार्य प्रणालियों को बेहतर बनाने की क्षमता और मदद देंगे, जिससे हमें 2047 तक विकसित भारत के अपने लक्ष्य



को हासिल करने में मदद मिलेगी प्रधानमंत्री ने पिछले दस वर्षों में सरकार की मानसिकता बदलने के लिए उठाए गए कदमों की चर्चा की, जिसका असर आज लोगों को महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह सरकार में काम करने वाले लोगों के प्रयासों और मिशन कर्मयोगी जैसे कदमों के प्रभाव से संभव हुआ है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि दुनिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को एक अवसर के रूप में देखती है, जबकि भारत के लिए यह एक चुनौती और अवसर दोनों प्रस्तुत करता है। उन्होंने दो एआई के बारे में बात की, एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और दूसरा आकांक्षी भारत। प्रधानमंत्री ने दोनों के बीच संतुलन के महत्व पर जोर दिया और कहा कि अगर हम आकांक्षी भारत की प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सफलतापूर्वक उपयोग करते हैं, तो इससे परिवर्तनकारी बदलाव हो सकते हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि डिजिटल क्रांति और सोशल मीडिया के प्रभाव के कारण सूचना समानता एक मानक बन गई है। एआई के साथ, सूचना तैयार करना भी समान रूप से आसान हो रहा है, जिससे नागरिकों को जानकारी मिल रही है और उन्हें सरकार की सभी गतिविधियों पर नज़र रखने के लिए सशक्त बनाया जा रहा है। इसलिए, सिविल सेवकों को नवीनतम तकनीकी विकास के साथ खुद को अपडेट रखने की आवश्यकता है, जिससे बेहतर होते मानकों को पूरा किया जा सके, जिसमें मिशन कर्मयोगी मददगार साबित हो सकता है।

## प्रदूषण नियंत्रण को लेकर एक्शन में दिल्ली सरकार, 2764 निर्माण साइट्स का निरीक्षण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि एंटी डस्ट अभियान से सम्बंधित टीमों ने अभी तक 2764 निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया और निर्माण स्थलों पर जारी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन पाए जाने पर 76 स्थलों को नोटिस और चालान जारी किया है। साथ ही 17 लाख 40 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली में 7 अक्टूबर से एंटी डस्ट कैम्पेन चलाया जा रहा है, जो 7 नवम्बर तक चलेगा। इस अभियान के लिए 523 टीमों का गठन किया गया है, जिसमें 13 संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल हैं। ये दिल्ली के अंदर अलग-अलग स्थानों पर चल रहे निर्माण स्थलों का निरीक्षण कर रहे हैं और मानदंडों के उल्लंघन पर कार्रवाई कर रहे हैं। सभी टीमों को लगातार निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है।

मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सर्दी के मौसम में दिल्ली के प्रदूषण को कम करने के लिए सरकार ने 25 सितम्बर को विंटर एक्शन प्लान की घोषणा की थी। जिसके आधार पर संबंधित विभागों ने इसे जमीन पर लागू करने के लिए गंभीरता पूर्वक कार्य शुरू कर दिया है। हमने ग्रीन वॉर रूम लॉन्च किया है, जहां से इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने लोगों के सहयोग से प्रदूषण को कम करने में सफलता पाई है। सरकार प्रदूषण को कम करने के लिए कई अभियान चला रही है, जिसमे एंटी डस्ट अभियान, बायो डीकम्पोज़र का छिड़काव, वृक्षारोपण अभियान, जागरूकता अभियान , मोबाइल एंटी स्मोग गन से पानी के छिड़काव का अभियान आदि प्रमुख है।

## सत्येंद्र जैन ने परिवार के साथ की जैन मंदिर में पूजा–अर्चना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता एवं दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन कोर्ट से जमानत मिलने के बाद तिहाड़ जेल से बाहर आए। सत्येंद्र जैन ने अपने पहले दिन की शुरुआत परिवार के साथ सरस्वती विहार स्थित जैन मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ की। सत्येंद्र जैन ने कहा कि अगर न्यायपालिका और संविधान नहीं होता तो केंद्र की भाजपा सरकार उन्हें फांसी पर लटका देती। जब हमने केजरीवाल के साथ देश की राजनीति बदलने का अभियान शुरू किया था तभी से मालूम था कि जेल जाना पड़ सकता है। इन लोगों ने हमारे नेताओं को जेल भेजकर हमारी पार्टी को तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहे। भाजपा ने उन्हें भी तोड़ने के तमाम हथकंडे अपनाए, जिस बैरक में खूंखार हत्यारों को 15 दिन से ज़्यादा नहीं रखा जाता, वहां मुझे महीनों रखा गया। बैरक में उनके साथ बहुत अत्याचार किया गया। सत्येंद्र जैन ने कहा कि मेरा बहुत सालों से नियम



है कि मैं मंदिर से आने के बाद ही अन्न ग्रहण करता हूं। काफी समय तक जेल में रहने की वजह से यहां आकर भगवाने क दर्शन नहीं कर पाया। आज यहां भगवान के दर्शन करके उनका आशीर्वाद लिया। भगवान हमेशा दिल में रहते हैं। भगवान से कुछ मांग नहीं सकते, वो अपने आप देखेंगे। मैं हर रोज मंदिर जाता हूं। उन्होंने कहा कि जब केस खुलेगा तो सब सामने आ जाएगा। वें अकेला ऐसा आदमी हैं। मुझे आआपा ने 21 अप्रैल 2013 को टिकट दिया था और 31 जुलाई तक यानी 10 दिन के अंदर मैंने अपने सारे बिजनेस बंद कर दिए थे। सब कुछ छोड़ दिया था।

## झारखंड में अकेले चुनाव लड़ना चाहती है राजद

रांची, 20 अक्टूबर। झारखंड विधानसभा चुनाव में अब एक महीने से भी कम का समय रह गया है। इस बीच इंडिया गठबंधन में सीटों की स्थिति को लेकर तनातनी की स्थिति पैदा हो गई। दरअसल, हाल ही में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी पार्टी झामुमो और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे के समझौते का एलान किया था। इस पर रविवार को निराशा व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने कहा कि उसे राज्य में 12 सीट से कम पर लड़ना स्वीकार नहीं होगा। पार्टी ने कहा कि अगर उसे अकेले चुनावी मैदान में उतरना पड़ा, तो उस स्थिति में भी वह इंडिया गठबंधन को नुकसान नहीं पहुंचाएगी। बता दें कि राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी दलों ने भाजपा का मुकाबला करने के लिए इंडिया गठबंधन बनाया है।


### NAME CHANGE
It is for general information that I, SURESH KUMAR S/o ROHTAN SINGH, R/o Dholi(40), PO: Pali, DIST: Mahendragarh, Haryana - 123029, declare that name of mine has been wrongly written as SURESH in my minor Daughter namely SIMRAN aged 15 years in his 10th Class Educational Documents. The actual name of mine is SURESH KUMAR respectively, which may be amended accordingly.

### NAME CHANGE
It is for general information that I, LEKH RAJ SINGH S/o GANGA DASS, R/o H.No. 84E, J & K Pocket, Dilshad Garden, Shahdra North,Jhilmil, East Delhi-110095, declare that name of mine and my wife has been wrongly written as LAKH RAJ SINGH and URMILLA GAUTAM in my service record and the name of mine has been wrongly written as LAKH RAJ SINGH in my all Educational Documents. The actual name of mine and my wife are LEKH RAJ SINGH and URMILA respectively, which may be amended accordingly.

### NAME CHANGE
I Mohan Goel S/O Pawan Kumar R/O-160, Sandesh Vihar, Near M.M. Public School, Pitampura, North West Delhi-110034 have changed my name to Mohal Lal for all future purposes.

### NAME CHANGE
I, Charlie S/o Peter Kumar R/O 4/9, 2nd floor, near levit cake shop, kishangarh, Vasant Kunj, south west Delhi -110070 have changed my name from Charlie to Charlie Peter for all future purpose.

### NAME CHANGE
I Puja Gupta W/o Sunil Kumar R/o C - 320, Vivek Vihar, East Delhi - 110095 have changed my name to Pooja Gupta for all future purposes.

### NAME CHANGE
It is for General information that I, DRISHTI MEHTA D/o SANJEEV KUMAR MEHTA residing at WZ-11, Gali No. 18, Krishna Park Ext. , Tilak Nagar, West Delhi, Delhi - 110018 declare that the name of my Father has been wrongly written as SANJEEV MEHTA in my 10th Class Educational Documents. The actual name of my Father is SANJEEV KUMAR MEHTA respectively, which may be amended accordingly.

### NAME CHANGE
I, MOHAMMAD USMAN S/O BASHIR ALI R/O C-454 GALI NO-44 MAHAVIR ENCLAVE PART-3 UTTAM NAGAR NEW DELHI 110059 declares that I have changed my name from USMAN to MOHAMMAD USMAN for all in further purpose.

### NAME CHANGE
I, ARCHANA PAHARI mother of NO-4576785K Rank-HAV, Name-SAMIR PAHARI residing at PINDRUI, PASCHIM MEDINIPUR, WEST BENGAL-72113 have changed my name from ARCHANA PAHARI to ARCHANARANI PAHARI for all future purposes, Vide Affidavit dated 19/10/2024 before Notary Public Delhi

### NAME CHANGE
I hitherto known as POONAM KUMARI alias POONAM YADAV D/O HARI SINGH W/O JITENDER SINGH YADAV R/O 67, PHASE-3, VIKAS NAGAR, EXTN., UTTAM NAGAR, WEST DELHI, DELHI-110059, have changed my name and shall hereafter be known as POONAM YADAV.

### NAME CHANGE
I Pinki Devi W/O Mohan Lal D/O Sadhu Ram R/O 160, Sandesh Vihar, Near M.M. Public School, Pitampura, North West Delhi-110034 have changed my name to Pinki Goyal for all future purposes.

### PUBLIC NOTICE
My Clients Baldev Raj Mehta S/o. Kirpal Singh Mehta and Pravin Mehta W/o. Baldev Raj Mehta both R/o. Flat No.1, C-520, Kh. No. 963/1, Street No. 5, JVTS Garden, Chhatarpur Extn., Delhi-110074 have separated and debarred their son Shri Amandeep Mehta from their all movable and immovable properties due to his bad conduct and he has no claim or title to any of the properties possessed or belonging to my clients, as the said properties are all their self-acquired properties. Their said son has no power or authority to incur any debts on the security of their said properties and my clients shall not be responsible for any act of their son in future.

**Ramveer Singh Advocate**
CHAMBER NO. 558, LAWYERS BLOCK, SAKET COURT COMPLEX, NEW DELHI-110017

### NAME CHANGE
I, hitherto known as SANGEETA D/o GULAB RAI Residing at BK-1/123 - C, Shalimar Bagh, North West Delhi, Delhi - 110088 have changed my name and shall hereafter be known as SANGEETA RAMCHANDANI.

### PUBLIC NOTICE
I, DHANANJAY SINGH TOMAR S/O RAMPAL SINGH TOMAR, R/o 280-A Fourth Floor kh-No-794/71, Maidan Garhi Extn, Maidan Garhi PO: Maindan garhi, DIST: South Delhi, Delhi-110068, do hereby solemnly affirm and declare that I have embraced BUDDHISM and renounced HINDUISM with effect from 14-04-2023. I have change only my religion not my name.

### NAME CHANGE
I, hitherto known as CHAKRASH Singh Chauhan S/O Suresh Chauhan R/O 744, Extn-1, Shalimar Garden, Sahibabad, Ghaziabad Uttar Predesh -201005 ,have changed my name and shall hereafter be known as Chakresh Chauhan .

### सार्वजनिक सूचना
यह सूचित किया जाता है कि श्री विजय कुमार मिश्रा, प्रॉपर्टी संख्या D–131, जो 30 वर्ग गज, खसरा संख्या 239/3, मुख्य सेवा पस्ता रोड, गमरी एक्सटेंशन, भजनपुरा, दिल्ली में स्थित है को श्री विनोद कुमार से खरीदने का इरादा रखते हैं। सम्पूर्ण संपत्ति का प्रारंभिक मालिक श्री दीवान सिंह थे, जिन्होंने इसे श्री गुलशन कुमार सचदेवा को नॉटरी सामान्य मुख्तारनामा, इकरारनामा और वसीयत दिनांक 07.09.1992 के माध्यम से स्थानांतरित किया। श्री गुलशन कुमार सचदेवा ने इसके बाद यह संपत्ति श्री वीर सिंह को नॉटरी सामान्य मुख्तारनामा, इकरारनामा और वसीयत दिनांक 05.07.1994 के माध्यम से स्थानांतरित की। श्री वीर सिंह ने इसके बाद यह संपत्ति श्री के.सी. जैन को नॉटरी सामान्य मुख्तारनामा, इकरारनामा और वसीयत दिनांक 20.06.2002 के माध्यम से स्थानांतरित की। श्री के.सी. जैन ने इसके बाद यह संपत्ति श्री राजेंद्र सिंह को नॉटरी सामान्य मुख्तारनामा, इकरारनामा और वसीयत दिनांक 07.08.2002 के माध्यम से स्थानांतरित की, और अंततः श्री राजेंद्र सिंह ने इसे श्री विनोद कुमार को नॉटरी सामान्य मुख्तारनामा, इकरारनामा और वसीयत दिनांक 10.10.2002 के माध्यम से स्थानांतरित किया। यह संपत्ति शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, शाखा नोएडा सेक्टर-125, उत्तर प्रदेश द्वारा वित्तपोषित की जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति को संबंधित संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो कृपया नोटिस की तिथि से 15 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। उक्त आपत्ति को पंजीकृत डाक के माध्यम से निम्नलिखित पते पर और ई–मेल के माध्यम से भेजा जा सकता है। यदि ऐसा नहीं किया जाता है, तो उपर्युक्त के अनुसार दावा को संबंधित संपत्ति के संबंध में शून्य और अमान्य माना जाएगा।

**[ASHWANI KUMAR] Advocate**
Chamber No. 122,
Tehsil Compound, Ghaziabad, U.P.

### PUBLIC NOTICE
It is for general information that I Naresh S/O Mahender, R/O- 72, M-BLOCK, GOPAL NAGAR, Gopal nagar, Najafgarh, South west, NCT OF Delhi-110043, declare that name of mine and my father has been wrongly written as Tilak Raj and Mahavir Prasad in my Adhar card no 2532 2074 9217, The actual name of mine and my father are Naresh and Mahender,which may be amended accordingly .

### NAME CHANGE
I Sunil Kumar S/o Naresh Kumar Gupta R/o C - 320 Vivek Vihar, East Delhi - 110095 have changed my name to Sunil Kumar Gupta for all future purposes.

### सार्वजनिक सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री सीता राम पुत्र स्वर्गीय राम प्रसाद एवम श्री देवी पत्नी श्री सीता राम, निवासी: मकान नम्बर–765/2, गली नम्बर–5, बी–ब्लॉक, बाबा कॉलोनी, बुराड़ी, दिल्ली–110084 ने अपने पुत्र मुकेश पुत्र श्री सीता राम एवम सुलेखा पत्नी श्री मुकेश तथा इन दोनों की शादी वर्ष 2006 में हुई थी इस शादी से इनके चार बच्चे है नीरज (उम्र 16 वर्ष), धीरज (उम्र 13 वर्ष), सूरज (उम्र 10 वर्ष) तथा खुशी (उम्र 8 वर्ष), सुलेखा शुरू से कुछ दिनों के लिए घर से गायब हो जाती थी और कुछ दिनों बाद वापिस आ जाती थी इस बार भी 15 दिन पहले सुलेखा अपनी छोटी बच्ची खुशी को लेकर नामालुम जगह पर चली गई है और वहाँ से अपना अश्लील विडियों किसी और के साथ बनाकर भेज रही है और धमकी देती है मैं जो चाहूँ कर सकती हूँ मेरे साथ कोई रोक–टोक नहीं कर सकता है। मुकेश ने दिन–रात शराब पीकर अपनी जिंदगी खराब कर दी है इन दोनों की स्थिति को देखते हुये मेरे मुवक्किल और परिवार के सभी सदस्यों ने मिलकर मुकेश व सुलेखा से अपने समस्त चल और अचल सम्पति से दोनों को बेदखल कर दिया है और सभी बच्चों ने भी माँ से अपने सामाजिक संबंध खत्म कर दिये है और भविष्य में कोई भी व्यक्ति इनके साथ किसी भी प्रकार का कोई लेन–देन करता है या फिर किसी अपराधिक गतिविधि में लिप्त पाया जाता है, तो उसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगे। इसमें मेरे मुवक्किला एवं बच्चों की कोई भी जिम्मेदारी नहीं होगी।

**ARBIND KUMAR JHA ADVOCATE**
225, Gajanand Block
Tis Hazari Courts, Delhi-54

### NAME CHANGE
It is for general information that I, KAPIL S/o JAI BHAGWAN R/o H.No.-150/165, VPO Ghevra, North West Delhi, Delhi-110081, declare that name of my father have been wrongly written as SH BHAGWAN in my Driving Licence No. P08102004410776. The actual name of my father is JAI BHAGWAN, which may be amended accordingly.

### NAME CHANGE
I Vipin Goel S/O Mohan Lal R/O- 160, Sandesh Vihar, Near M.M. Public School, Pitampura, North West Delhi-110034 have changed my name to Vipin Goyal for all future purposes.

### NAME CHANGE
I, Babita D/O Mahesh R/O -22 N.R.I.Complex, Greater Kailash -4, Kalkaji , South Delhi , Delhi -110019, have changed my name and shall hereafter be known as Bamby

### PUBLIC NOTICE
It is for general information that I POONAM W/O Jitender Kumar R/O 593, Ghoshiyan Mohalla, Najafgarh, New Delhi- 110043,declare that name of mine has been wrongly written as Pooja in my minor daughter GAURI aged 17 years in her 10th class educational document, The actual name of mine is POONAM,which may be amended accordingly.

### NAME CHANGE
I, AJEET SINGH YADAV S/o LAXMI NARAYAN YADAV R/o Flat No. G 68, Second Floor, Block-G, Sector-50, South City-II, Gurgaon, Haryana-122018 have changed the name of my minor daughter NAISHA SINGH aged 15 years and she shall hereafter be known as NAISSHA YADAV. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

### NAME CHANGE
I, DHARAM PAL SINGH CHAUHAN Father of JC-383551A Rank-SUB MAJ Name-BOBINDRAA KUMAR CHAUHAN R/O NAGALA PITHORA, MUZAFFARNAGAR, UP-251301 have changed my name from DHARAM PAL SINGH CHAUHAN to DHRMPAL SINGH for all future purposes, in my son□s service record my date of birth wrongly mentioned as 02/07/1942 instead of my correct date of birth as 02/10/1934 Vide Affidavit dated 19/10/2024 before Notary Public Delhi.

### NAME CHANGE
I, JANTRA DEVI mother of JC-383551A Rank-SUB MAJ Name-BOBINDRAA KUMAR CHAUHAN R/O NAGALA PITHORA, MUZAFFARNAGAR, UP-251301 have changed my name from JANTRA DEVI to JANATRA for all future purposes, in my son□s service record my date of birth wrongly mentioned as 02/07/1946 instead of my correct date of birth as 01/01/1945 Vide Affidavit dated 19/10/2024 before Notary Public Delhi.

### NAME CHANGE
It is for general information that I, KRISHNA MURARI DWIVEDI S/o UMA NATH DWIVEDI R/o 31, Paschimi Marg, Vasant Vihar-1, South West Delhi-110057, declare that name of mine and my wife have been wrongly written as KRISHAN MURARI and ALKA in my minor son AAYUSH DWIVEDI aged 14 years in his Birth Certificate Registration No. 21498. The actual name of mine and my wife are KRISHNA MURARI DWIVEDI and ALKA DWIVEDI respectively.

### PUBLIC NOTICE
I Vivek Sethi S/O Dinesh Kumar Sethi,R/O Permanent Address, P.L Sharma Road, Meerut, PO: meerut City, DIST: Meerut, Uttar Pradesh - 250002, Present adress , 586, 3F , sector 3 , Vaishali, Ghaziabad, 201019, hereby undertake that I Vivek Sethi want to change my name to Prema and gender as Transgender. I,Vivek Sethi henceforth be known as Prerna D/O Dinesh Kumar Sethi. The above statement made by me is true and correct to the best of my knowledge and belief,if any legal issue arises in the regard at any stage,i will be personally responsible for the same and the Department of Publication will not be liable for any consequences arising there from.

Delhi Branch

**BOMBAY MERCANTILE COOPERATIVE BANK LTD. (SCHEDULED BANK)**

36, NETAJI SUBHASH MARG, DARYA GANJ, NEW DELHI-110002 PH:23273786, 23266869, 47199100, FAX: 2325979

**SECURITY INTEREST (ENFORCEMENT) RULES,2002**
**[RULE 8 (1)]**
**POSSESSION NOTICE**
**(For Immoveable Property)**

**WHEREAS**
The undersigned being the Authorized Officer of the **Bombay Mercantile Cooperative Bank Ltd.** Delhi Branch under the Securitization and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 and in exercise of powers conferred under section 13 (12) read with rule 9 of the security interest (Enforcement) Rules, 2002 issued demand notice dated 1st July, 2024 calling upon the borrower **M/s M. C. Paper Mart** and its Guarantors/mortgagors to repay the amount mentioned in the notice being - **Rs.2,60,85,513.18 (Rupees Two Crore Sixty Lakh Eighty Five Thousand Five Hundred Thirteen and Paisa Eighteen Only)** plus future interest thereon till realisation within 60 days from the date of receipt of the said notice.

The borrower having failed to repay the amount, notice is hereby given to the borrower, guarantors and the public in general that the undersigned **has taken *POSSESSION** of the property described here-in-below in exercise of powers conferred on him/her under section 13 (4) of the said Act 2002 read with rule 9, of the said rule on this **17th day of October, 2024.**

The borrower in particular and the public in general is hereby cautioned not to deal with the property and any dealings with the property will be subject to the charge of the **Bombay Mercantile Cooperative Bank Ltd.** for an amount of **Rs.2,60,85,513.18 (Rupees Two Crore Sixty Lakh Eighty Five Thousand Five Hundred Thirteen and Paisa Eighteen Only as on 30.06.2024** and future interest thereon till realization.

The borrower's attention is invited to provision of sub-section (8) of section 13 of the Act, in respect of time available to redeem, the secured assets.

**Description of the Immovable Property**
All that part and parcel of the property Built up Entire Third Floor upto ceiling level without roof right, measuring land area 320 sq.yds. i.e. 267.55 sq. mtrs and its Plinth/covered area 187.30 sq. mtrs. With common main gate, passage, staircase and entrance alongwith proportionate undivided share in land underneath, a part of Free-hold residential Property No. 115, situated in the layout Plan of "The Jagriti Nagar Co-operative House Building Society Limited" known as Jagriti Enclave, Delhi-110092" and bounded as under :-East - Road, West - Service Lane, North - Property No. 116, South- Property No. 114, Vide sale deed registration No.-23, Book No.-1, Volume No.-2455 on pages 188 To 197 before the Sub Registrar SR IVb Vivek Vihar dated 04.01.2021
On the following date and time.

**Date : 17.10.2024**
**Place : Delhi**
***Symbolic Possession**

**(AZIZ UR REHMAN KHAN)**
**AUTHORIZED OFFICER/BRANCH MANAGER**

## बाल महोत्सव के चौथे दिन की प्रतियोगिताओं में विजेताओं की धूम

**एजेंसी**
**सोनीपत।** उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार के निर्देशन में जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा बाल भवन में आयोजित बाल महोत्सव-2024 के चौथे दिन विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें समूह नृत्य, एकल नृत्य, देशभक्ति समूह गायन, थाली पूजन, कलश डेकोरेशन, बेस्ट ड्रामेबाज, प्रश्नोत्तरी, अंग्रेजी और हिन्दी हस्तलेखन प्रतियोगिताएं प्रमुख रहीं। करवाचौथ के उपलक्ष्य में मेहंदी प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया। समूह गायन प्रतियोगिता में ओम पब्लिक स्कूल गोहाना के वैदिक एंड ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य प्रतियोगिता में समर (हिन्दू ग्लोबल विद्यापीठ) ने पहला स्थान हासिल किया। देशभक्ति समूह गायन में जानकीदास पब्लिक स्कूल के जयश एंड ग्रुप ने बाजी मारी। थाली पूजन और कलश डेकोरेशन प्रतियोगिता में साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल की दीक्षा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बेस्ट ड्रामेबाज प्रतियोगिता में ऋषिकुल विद्यापीठ की आयूषी ने बाजी मारी। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में रूकमणि देवी पब्लिक स्कूल के ईशित और आरूष ने पहला स्थान पाया। अंग्रेजी हस्तलेखन प्रतियोगिता में शिवा शिक्षा सदन के तन्मय ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि हिन्दी हस्तलेखन में प्रताप सिंह मैमोरियल स्कूल की निशिता ने जीत दर्ज की। इन प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में दीक्षित, सीमा, शैलजा समेत कई अन्य विशेषज्ञ शामिल थे। प्रतियोगिताओं का संचालन एपीसी अत्तर सिंह और पूनम द्वारा किया गया।

## शिक्षा का हुनर व्यक्ति को बुलंदियों पर पहुंचने में अहम : दीपक फौगाट

**रोहतक।** जिले के गांव भालौठ स्थित बुनियाद शिक्षा निकेतन में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध उद्योगपति दीपक फौगाट ने बतौर मुख्यअतिथि जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणवी कलाकार रघुवेन्द्र मलिक ने शिरक्त की। अतिथिगणों ने द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुगध कर दिया। दीपक फौगाट ने कहा कि शिक्षा का हुनर व्यक्ति को बुलंदियों पर पहुंचने में अहम भूमिका निभाता है, इसलिए बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए। उन्होंने शिक्षा एवं खेल कूद के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. रविंद्र नांदल, कैप्टन जगबीर मलिक, आचार्य वेद मित्र, वीरेंद्र हुड्डा , राजवीर मलिक, अनिल मलिक, मिथिलेश हुड्डा , राजेश दहिया, नरेंद्र तोमर, जगवंती राठी, रितु सरोहा, जगवंती फोगाट, विक्रांत फोगाट, परमिला चौधरी व संजय छिकारा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## प्रदूषण में देशभर में नंबर एक पर कैथल, सुप्रीम कोर्ट ने डीसी को किया तलब

**कैथल।** कैथल जिला प्रदूषण के मामले में देशभर में नंबर एक पर पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर स्वयं संज्ञान लेते हुए कैथल डीसी को नोटिस जारी कर आगमी 23 अक्टूबर को जबाव देने को कहा है। हरियाणा में पराली अवशेष जलाने के मामले में जहां कैथल जिला प्रदेश में नंबर एक पर है, तो वहीं यहां की हवा भी देश में सबसे खराब बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार जिले में अब तक पराली जलाने के 117 मामले सामने आ चुके हैं।?जिसकी वजह से शहर की हवा भी बहुत खराब हो चुकी है। एयर क्वालिटी इंडेक्स भी 370 तक पहुंच गया है। जिस कारण लोगों को सांस लेने के साथ में आंखों में जलन भी हो रही है। जिले में पराली जलाने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रहीं हैं, अब तक 117 मामले सामने आने के बाद भी विभाग द्वारा एक भी किसान के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं करवाई गई है। अधिकारी सिर्फ जुर्माना लगाने तक ही सीमित हैं, लोग प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस के डर से दिन की बजाए रात को आग लगा रहे हैं, सुप्रीम कोर्ट ने इस पर चिंता व्यक्त करते हुए अपने आदेशों में कहा कि आखिर कैथल और कुरूक्षेत्र जिले में पराली जलाने की घटनाओं को क्यों नहीं रोका जा रहा।

## कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा ने गोहाना में शुरू किया धन्यवादी दौरा

**सोनीपत।** गोहाना से विधायक और कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने गोहाना हलके के एक दर्जन से अधिक गांवों का दौरा किया और जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गोहाना क्षेत्र के लोगों के प्यार और समर्थन की बदौलत उन्हें कैबिनेट मंत्री पद प्राप्त हुआ है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अगले पांच वर्षों में गोहाना के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। इस दौरे में उनकी धर्मपत्नी रिटा शर्मा भी साथ रहीं। डॉ. अरविंद शर्मा ने बड़वासनी, रतनगढ़, करेवड़ी, जुआं और अन्य गांवों में दौरा किया, जहां ग्रामीणों ने फूल बरसाकर उनका स्वागत किया। ग्रामीणों केउत्साह को देखते हुए मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों को जनता का भरपूर समर्थन मिला है, और विपक्ष के नैरेटिव को जनता ने नकार दिया है। कैबिनेट मंत्री ने हरियाणा में पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने नौकरियों में भ्रष्टाचार को खत्म किया है, जिससे गरीब परिवारों के बच्चे भी अपनी योग्यता के आधार पर नौकरी प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने वादा किया कि सरकार गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं के कल्याण के लिए काम करती रहेगी।

# ध्येय के साथ चलने वाला आदमी अपनी मंजिल तक पहुंचता है : कैबिनेट मंत्री अनिल विज

**एजेंसी**
**अंबाला।** कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि बिना ध्येय के चलने वाला आदमी कहीं नहीं पहुंचता, मगर जो ध्येय के साथ चलता है वह मंजिल तक पहुंचता है। जितने भी शिक्षण संस्थान है इनका मकसद देश के लिए अच्छे, काबिल व संस्कारिक नागरिकों का निर्माण करना है और जब ऐसा होगा उस देश का मुकाबला कोई नहीं कर सकेगा। विज शनिवार शाम एसडी कॉलेज, अंबाला छावनी में 47वें जोनल यूथ फेस्टिवल में बतौर मुख्यतिथि संबोधन दे रहे थे। विज ने कहा कि जोनल यूथ फेस्टिवल में विद्यार्थी सांस्कृतिक कार्यों का प्रदर्शन कर रहे हैं और उन्हें देश भक्ति और राष्ट्र के अनुरूप कार्यक्रम भी करने चाहिए। उन्होंने कहा कि डांस डिस्को में भी होता है और सांस्कृतिक भी होता है। विचार व शक्तियां दोनों है, मगर चुनना हमने है कि हम किसको चुन रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस यूथ फेस्टिवल में आकर उन्हें काफी खुशी महसूस हो रही है। उनके समय कालेज में यूथ फेस्टिवल होते थे तो वह इन्हें चाव से देखते थे। उन्होंने कहा कि यूथ फेस्टिवल में युवाओं को भाग लेना चाहिए और यह भी काफी जरूरी है। इस दौरान विज कार्यक्रम का आयोजन कर रहे एसडी कालेज को अपनी मंत्री कोटे की पहली ग्रांट से 10 लाख रुपए देने की भी घोषणा की। इससे पहले, एसडी कालेज में पहुंचने पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज का कालेज प्रिंसिपल राजिंद्र राणा, प्रो. नवीन गुलाटी, नीलइंद्रजीत संधु, प्रिंसिपल अनुपमा आर्या व अन्य ने स्वागत किया। विद्यार्थियों ने कई कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया जिनकी



कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने सराहना की। कालेज प्रबंधन समिति की ओर से मंत्री अनिल विज को पगड़ी पहनाकर व शॉल तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया।

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में चुनाव संपन्न हुए है और चुनाव के दौरान बहुत व्यस्त कार्यक्रम रहा और इसके उपरांत उन्हें जब एसडी कालेज में आयोजित कार्यक्रम में आने का निमंत्रण मिला तो उनकी खुशी की सीमा नहीं थी। उन्होंने कहा कि वह इसी कालेज के विद्यार्थी रहे हैं और जब भी वह इस कालेज में आते हैं तो ऐसे लगता है कि मानों समय रुक गया हो। उनकी आंखों के सामने 1968 का दृश्य चलने लगता है जब स्कूल से पास होने पर उनकी मां एसडी कालेज में एडमिशन कराने के लिए उन्हें लेकर आई थी। उनका तब नॉन-मेडिकल में एडमिशन कराया गया और आज वह जो भी है वह इसी कालेज की वजह से हूं। इसी कालेज में वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में शामिल हुए और कॉलेज के महासचिव भी बने। इस बार जब वह सातवीं बार चुनाव जीते तो नतीजा निकलने पर सबसे पहले उन्हें एसडी कॉलेज के उनके उस समय के प्रोफेसर गोपाल किशन का फोन आया जिन्होंने उन्हें बधाई दी। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि हम जब आजाद हुए तब प्रजातांत्रिक व्यवस्था को स्वीकार किया। हमें कई वर्षो की गुलामी के बाद आजादी का दिन देखने को नसीब हो रहा था। आजादी के लिए भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव सिंह, नेता जी सुभाष चंद्र बोस व अनेकों सैनिक शहीद हुए। उस समय प्रजातांत्रिक पद्धति को अंगीकार किया गया और इस पद्धति से कई लोग चुनकर आते रहे। उन्होंने एक बार विधानसभा में कहा था कि अपने बारे में अगर कुछ सुनना है तो रेलवे स्टेशन, बस, गाड़ी, चाय की दुकान व अन्य स्थान पर थोड़ी देर खड़े हो जाए कि लोग तुम्हारे बारे क्या सोचते हैं। इसलिए वह जिस भी शिक्षण संस्थान में जाते हैं वह एक बात अवश्य कहते हैं कि आप इंजीनियर, डाक्टर व अन्य कुछ बनने के सपने देखते हो।

## हरियाणा सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग सीजन तीन का समापन

**एजेंसी**
**सोनीपत।** शेखपुरा के यूनिक क्रिकेट स्टेडियम में चल रही पांच दिवसीय हरियाणा सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग (एचसीसीएल) सीजन 3 का शानदार समापन हुआ। फाइनल मुकाबला पानीपत और करनाल वारियर्स के बीच खेला गया, जिसमें करनाल वारियर्स ने जीत दर्ज की। इस रोमांचक मुकाबले में करनाल वारियर्स के कप्तान सेंडी ने अपनी टीम को बेहतरीन नेतृत्व दिया। सेंडी को मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज दोनों खिताबों से नवाजा गया। बतौर मुख्य अतिथि गन्नौर से विधायक देवेंद्र कादियान और भाजपा नेता व भोजपुरी स्टार मनोज तिवारी ने कार्यक्रम में शिरकत की और विजेता टीम व खिलाड़ियोंको सम्मानित किया। फाइनल मुकाबले में करनाल वारियर्स के कप्तान अमीन ब्रॉडी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और टीम ने 20 ओवर में 159 रन बनाए। जवाब में करनाल वारियर्स की टीम ने 19.3 ओवर में 160 रन बनाकर 5 विकेट से जीत दर्ज की। आयोजनों से युवाओं को खेलमें आगे बढ़ने का प्रोत्साहन मिलता है। भाजपा सरकार भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहन



विजेता टीम को 3 लाख रुपये, उपविजेता टीम को 2 लाख रुपये और मैन ऑफ द सीरीज सेंडी को एक बाइक पुरस्कार के रूप में दी गई। इस अवसर पर भोजपुरी स्टार मनोज तिवारी और विधायक देवेंद्र कादियान ने खिलाड़ियों की प्रशंसा की और कहा कि इस तरह के देने के लिए विभिन्न प्रयास कर रही है। इस अवसर पर राममेहर मेहला, सुरेंद्र रोमियो, अमित ढूल, केपी कुंडू, बिंटू पाबरा, विकास राजना, डी नवीन, हर्ष छिक्कारा, आजाद खांडा खेड़ी,आशू धक्कल, यूके हरियाणवी, मुकेश जाजी, सुशील मस्ताना आदि सेलिब्रेटी मौजूद रहे।

## किसानों के पराली जलाने पर विपक्ष ने सरकार को घेरा

**एजेंसी**
**चंडीगढ़।** हरियाणा में किसानों द्वारा पराली जलाए जाने को लेकर प्रदेश सरकार घिर गई है। किसानों की इस समस्या के रूप में शपथ ग्रहण के बाद सरकार के सामने पहली बड़ी चुनौती आ गई है। आने वाले दिनों में अगर यह मामला बढ़ता है तो नवनिर्वाचित सरकार को इससे निपटना आसान नहीं होगा।

सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद कृषि निदेशक द्वारा पराली जलाने वाले किसानों के खिलाफ मामला दर्ज करवाने तथा कृषि विभाग के रिकार्ड में आरोपित किसानों की रेड लाइन एंट्री करने के निर्देश दिए थे। जिससे किसान अगले दो सीजन तक ई-खरीद पोर्टल के माध्यम से मंडियों में अपनी फसल नहीं बेच पाएंगे। निदेशालय के इस आदेश के बाद विपक्ष ने सरकार को घेर लिया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पराली जलाने को लेकर सरकार द्वारा जारी किए गए आदेश को गलत करार देते हुए कहा कि प्रदूषण के आंकड़े बताते हैं कि पर्यावरण को खराब करने में पराली जलने का बेहद कम अंश होता है। चंडीगढ़ आवास पर पत्रकारों से बातचीत में हुड्डा ने कहा कि सरकार पराली की एमएसपी निर्धारित करके किसानों से इसकी खरीद करे। पराली जलाने को लेकर सरकार द्वारा किसानों पर की गई कार्रवाई पूरी तरह निंदनीय है। सरकार ये किसान विरोधी फैसला वापस ले। क्यूंकि किसान मजबूरी में ऐसा कदम उठाते हैं। सरकार को किसानों पर जुर्माना लगाने, उनके ऊपर कार्रवाई करने और उनको रेड लिस्ट करने की बजाय इसके समाधान पर काम करना चाहिए। पराली की खरीद करके इसके इस्तेमाल से कई तरह की चीज़ें बनाई जा सकती हैं, जैसे कि- ईंधन, बायो-थर्मोकोल, इथेनॉल, बायो-बिटुमन, पैलेट, लुगदी, खाद, ईंट ,बिजली आदि उत्पादन जैसे कार्यो में इसका उपयोग करना चाहिए। हुड्डा ने कहा कि प्रदूषण का सली कारण कारखाने गाडियां और धूल होती हैं। इसलिए सरकार को चाहिए कि वह पराली का निस्तारण करे या किसानों से पराली की खरीद की जाए। फिलहाल पराली के निस्तारण के लिए सरकार जो मशीन देने की बात कर रही है, वह कारगर साबित नहीं हो रही है। मशीनों की संख्या भी बहुत कम है। खास तौर पर छोटे किसान इसका इस्तेमाल करने में अक्षम है। इस बीच मुख्यमंत्री नायब सैनी किसानों के समर्थन में सामने आए और पत्रकारों से बातचीत में सैनी ने कहा कि हरियाणा के किसान समझदार हैं। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का हिस्सा बन रहे हैं। सैनी ने एफआईआर दर्ज करने के मामले में कहा कि ऐसी नौबत हरियाणा में नहीं आएगी। प्रदेश सरकार हर हाल में किसानों के साथ खड़ी है।

## कैबिनेट मंत्री बनने के बाद बोली आरती राव- दक्षिण हरियाणा रहेगी उनकी प्राथमिकता



**एजेंसी**
**महेंद्रगढ़।** कैबिनेट मंत्री बनने के बाद आरती राव का महेंद्रगढ़ और कनीना में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। फूल मालाओं के साथ स्थानीय लोगों ने उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उन्हें कैबिनेट में शामिल करने का निर्णय सराहनीय है और इसके लिए वह पार्टी नेतृत्व की आभारी हैं। कैबिनेट मंत्री आरती राव ने यह भी कहा कि वह पूरे हरियाणा के लिए काम करेंगी। लेकिन दक्षिण हरियाणा को अपनी प्राथमिकता देंगी।

उन्होंने शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, और खेल क्षेत्रों में अपनी ओर से पूरी कोशिश करने का आश्वासन दिया। उनका कहना था कि वे इन क्षेत्रों में अपने प्रयासों को और मजबूत करेंगी और विकास के लिए हरसंभव कदम उठाएंगी।

## कृषि अनुसंधानों की जानकारी अपडेट रखने को कौशल विकसित करना जरूरी : डॉ. विमलेश मान

**एजेंसी**
**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय की ओर से आयोजित किए गए एक माह के इंडक्शन ट्रेनिंग का समापन हुआ। समापन समारोह में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की अतिरिक्त महानिदेशक (शिक्षा योजना और गृह विज्ञान) डॉ. बिमलेश मान मुख्य अतिथि रही। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नवनियुक्त वैज्ञानिको ने भाग लिया। मुख्यातिथि डॉ. विमलेश मान ने कहा कि सीखना एक निरंतर प्रक्रिया है और कृषि क्षेत्र में हो रहे अनुसंधानों की जानकारी अपडेट रखने के लिए अपने कौशल को विकसित करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से रिसर्च पेपर पढक़र अनुसंधान एवं तकनीक की जानकारी को अपडेट रखा जा सकता है। शिक्षण संस्थानों के लिए योग्य और प्रतिस्पर्धी फैकल्टी का होना बहुत जरूरी है। किसी भी शिक्षण संस्थान को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय



स्तर पर सम्मान दिलाने में फैकल्टी का महत्वपूर्ण योगदान होता है। यदि हम एकाग्रता व कड़ी मेहनत से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। फैकल्टी सदस्यों को समय -समय पर अपनी विषय से संबंधित जानकारी को अपडेट करते रहने के लिए उन्होंने महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए कक्षा में अनुशासन अति आवश्यक है। शिक्षकों की भूमिका छात्रों के व्यक्तित्व विकास में अहम होती है इसलिए उन्हें अपना कार्य पूरी निष्ठा और लगन के साथ करना चाहिए। मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक एवं कोर्स निर्देशक डॉ. रमेश यादव ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए बताया कि इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न विषयों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय के मिशन, दृष्टिकोण, लक्ष्य व संस्थान के माहौल से अपने आपको अनुकूल बनाना जैसे विषयों से अवगत कराया जाता है ताकि वे अपने कर्तव्यों का बेहतर तरीके से निर्वहन कर सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम की संयोजक डॉ. रेणु मुंजाल ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने से प्रतिभागियों में आत्मविश्वास और मनोबल की बढ़ोतरी होगी। मंच का संचालन जीव रसायन विभाग की अध्यक्ष डॉ. जयंती टोकस ने किया जबकि प्रशिक्षण कार्यक्रम के सह संयोजक डॉ अनुराग ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। प्रतिभागी डॉ. दीपक कुमार और डॉ. कनिका ने कार्यक्रम के दौरान अपने अनुभव के बारे में विस्तार से बताया।

## पहली ही बैठक में मंत्री राव नरबीर ने अफसरों को दिखाए तेवर

**एजेंसी**
**गुरुग्राम।** हरियाणा में मंत्री के रूप में 17 को शपथ, 18 को कार्यभार संभाला और 19 को गुरुग्राम में अधिकारियों को पहली ही बैठक में कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने तेवर दिखा दिए। गुरुग्राम की बदहाली पर उन्होंने अफसरों की खूब क्लास लगाई। साफ कह दिया कि भ्रष्टाचारियों का यहां काम नहीं। या तो यहां नरबीर रहेगा या आप लोग रहेगा।

कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह द्वारा लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक का एक वीडियो सामने आया। वीडियो में मंत्री राव नरबीर सिंह जिस तरह से अधिकारियों की क्लास लगा रहे हैं, वह अधिकारियों को बड़ा संदेश है। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर मंत्री अधिकारियों को साफ संदेश इस बैठक में दे गए। उन्होंने कहा कि कि कहां तक रोऊं आप लोगों को। अधिकारी बनके आते हो, लूट के गुड़गांव चले जाते हो। उन्होंने भ्रष्ट अधिकारियों को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि कोई अधिकारी पैसे लेगा, अंदर कराऊंगा और पैसे वसूल करूंगा। उन्होंने कहा कि किसी अधिकारी की शिकायत आ गई तो मेरे से बुरा कोई नहीं होगा। दीवाली तक का टाइम है। अपने आकाओं से बात कर लो। नरबीर सिंह से कोई बचाने वाला नहीं होगा। कैबिनेट मंत्री




ने कहा कि या तो नरबीर मंत्री रहेगा या आप लोग यहां रहोगे। ऐसा बर्दाश्त नहीं करूंगा। सब लोग गुड़गांव लूटने के लिए आए हो। कोई काम नहीं है तुम्हारा। गुड़गांव के हालातों का हवाला देते हुए राव नरबीर सिंह ने कहा कि-बुरा हाल कर दिया है गुड़गांव का। राव नरबीर सिंह के इन तेवरों को देखते हुए भ्रष्ट अफसरों की जड़ें हिलना स्वाभाविक है। कैबिनेट मंत्री के रूप में उनकी पहली ही बैठक में अधिकारियों को गुड़गांव के बुरे हालातों पर लताड़ लगाना और भ्रष्टाचार के लिए सीधे प्रहार करना चर्चा का विषय बना रहा। उनकी एक वीडियो मीडिया, सोशल मीडिया पर वायरल होती रही। लोगों भी रोज अधिकारियों को कोसते हैं। गुड़गांव में स्वच्छता का दिवाला निकला हुआ है। महीनों तक गंदगी सड़ती है। सडक़ें टूटी हैं। किसी अधिकारी की जवाबदेही कभी तय नहीं हुई। ऐसे अनेक मुद्दे हैं, जो मंत्री बनने से पहले राव नरबीर सिंह के संज्ञान में थे। पावर नहीं होने के कारण वे इस पर कुछ नहीं कर पा रहे थे।

## पंचकूला में खाई में गिरी बच्चों से भरी बस, कई छात्र घायल



**एजेंसी**
**पंचकूला।** हरियाणा के पंचकूला में बच्चों से भरी एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में कई बच्चे घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, यह हादसा पंचकूला में मोरनी हिल्स के नजदीक टिक्कर ताल के पास हुआ है। जानकारी के अनुसार, ड्राइवर बस तेज गति से चला रहा था, जिस वजह से बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस, स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू अभियान शुरू किया है। घायल बच्चों को बस से तुरंत बाहर निकाला गया और इलाज के लिए सेक्टर-6 अस्पताल भेजा गया। सीएमओ खुद मौके पर मौजूद हैं।

जानकारी के मुताबिक, पंजाब के मलेरकोटला के ननकाना साहिब स्कूल के बच्चे और स्टाफ घूमने के लिए पंचकूला मोरनी हिल्स जा रहे थे। मोरनी हिल्स के नजदीक टिक्कर ताल के पास ड्राइवर ने बस पर से अपना नियंत्रण खो दिया और बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। बस में 45 बच्चे और तीन अन्य लोग सवार थे। हादसे में घायल हुए बस ड्राइवर की हालत गंभीर बताई जा रही है। ड्राइवर को सेक्टर-6 अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बच्चों के अभिभावकों को हादसे की जानकारी दे दी है। हालांकि, अभी स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है कि कितने बच्चे घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि 12 से ज्यादा बच्चे घायल हुए हैं। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

## विधायक ने स्वर्ण पदक जीतने वाली विधि कौशिक को किया सम्मानित



**एजेंसी**
**सोनीपत।** राई से विधायक कृष्णा गहलावत ने मुख्यमंत्री नायब सिंह का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने तीसरी बार भाजपा सरकार बनने के बाद पहली कलम से 25,000 युवाओं को बिना पर्ची-खर्ची के नौकरी दी। राई हलके के भी दर्जनों युवाओं को रोजगार मिला है। विधायक गहलावत ने इसे भाजपा सरकार की पारदर्शिता और भ्रष्टाचार विरोधी नीतियों का नतीजा बताया। राई हलके के युवाओं ने विधायक कृष्णा गहलावत से मिलकर भाजपा सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बिना किसी सिफारिश के उन्हें नौकरी मिली है, जिससे सरकार की ईमानदार छवि स्थापित हुई है।विधायक गहलावत ने अंतर्राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगितामें स्वर्ण पदक जीतने वाली विधि कौशिक को बधाई दी। विधि ने इंग्लैंड, रूस और पाकिस्तान जैसे देशों की खिलाड़ियों को हराकर यह सम्मान प्राप्त किया। विधायक ने युवाओं को खेलों में करियर बनाने की सलाह दी।

## कांग्रेस नेताओं को जनता ने चुनाव में दिया हिसाब:मोहन लाल बड़ौली

**सोनीपत।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता ने कांग्रेस के नेताओं का चुनाव में हिसाब कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि अब कांग्रेस विधायक भी पूर्व सीएम हुड्डा का हिसाब करेंगे। बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार सेवा, सुशासन, समानता, समृद्धि और गरीब कल्याण के लिए समर्पित है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा ने 2014 से पहले के भाई-भतीजावाद, परिवारवाद और भ्रष्टाचार के माहौल को समाप्त कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर काम करते

**NAME CHANGE**
It is for general information that I, SURESH KUMAR S/o ROHTAN SINGH, R/o Dholi(40), PO: Pali, DIST: Mahendragarh, Haryana - 123029, declare that name of mine has been wrongly written as SURESH in my minor Daughter namely SIMRAN aged 15 years in his 10th Class Educational Documents. The actual name of mine is SURESH KUMAR respectively, which may be amended accordingly.

## बाल-महोत्सव में 45 सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के 350 बच्चों ने लिया भाग

**एजेंसी**
**नारनौल।** बाल-महोत्सव प्रतियोगिताओं के तहत बाल भवन नारनौल में क्लासिकल सोलो डांस तथा ग्रुप डांस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें जिलेभर के 45 सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के 350 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन शर्मा ने किया तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता विवेक कुमार कार्यक्रम अधिकारी ने की। पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन कुमार शर्मा ने कहा कि बच्चों को इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ-चढ कर भाग लेना चाहिए ताकि उनका शारीरिक, मानसिक व सामाजिक विकास हो सके। कार्यक्रम अधिकारी विवेक कुमार ने बताया कि क्लासिकल सोलो डांस (तृतीय व चतुर्थ ग्रुप) तथा ग्रुप डांस (द्वितीय व तृतीय ग्रुप) प्रतियोगिताओं के दोनों ग्रुपों में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता बच्चे डिविजनल स्तरीय प्रतियोगिता-2024 में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि क्लासिकल सोलो डांस (तृतीय ग्रुप) प्रतियोगिता में आरपीएस स्कूल महेन्द्रगढ के शिवम् ने प्रथम, आरपीएस स्कूल नारनौल के भानु ने द्वितीय, एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ककराला की मुस्कान ने तृतीय, युरो इंटरनेशनल स्कूल कनीना के साहिल ने सांत्वना (प्रथम) व यदुवंशी शिक्षा निकेतन थनवास (नांगल चैधरी) की मुस्कान ने सांत्वना (द्वितीय) स्थान प्राप्त किया। सोलो डांस (चतुर्थ ग्रुप) प्रतियोगिता में आरपीएस स्कूल नारनौल के निशांत ने प्रथम, आरपीएस स्कूल महेन्द्रगढ की कशीश ने द्वितीय व एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ककराला की अनुकृति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी कड़ी में ग्रुप डांस (द्वितीय ग्रुप) प्रतियोगिता की सूरज स्कूल महेन्द्रगढ की टीम ने प्रथम, आरपीएस स्कूल नारनौल की टीम ने द्वितीय, हैप्पी ऐवरग्रीन स्कूल महेन्द्रगढ की टीम ने तृतीय व आरपीएस स्कूल महेन्द्रगढ की टीम ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया तथा ग्रुप डांस (तृतीय ग्रुप) प्रतियोगिता में आरपीएस स्कूल महेन्द्रगढ की टीम ने प्रथम, आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल कनीना की टीम ने द्वितीय, हैप्पी ऐवरग्रीन स्कूल महेन्द्रगढ की टीम ने तृतीय व एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ककराला की टीम ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर रोहतास सिंह रंगा परियोजना निदेशक नशा मुक्ति केन्द्र, मनीष कुमार लेखाकार आदि मौजूद रहे।

## त्योहारी मांग से खाद्य तेलों में तेजी, चीनी-गुड़ महंगा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में गिरावट के बावजूद के बावजूद स्थानीय स्तर पर त्योहारी मांग बरकरार रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में 620 रुपये प्रति क्विंटल तक की तेजी रही जबकि दाल-दलहन में मिलाजुला रुख वहीं चीनी और गुड़ के भाव चढ़ गए। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा सप्ताहांत पर 133 रिंगिट लुढ़ककर 4317 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.36 सेंट की गिरावट के साथ 42.53 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान सरसों तेल 620 रुपये, सूरजमुखी तेल 72 रुपये, सोया रिफाइंड 147 रुपये, पाम ऑयल 366 रुपये और वनस्पति तेल 182 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया। वहीं, मूंगफली तेल में 18 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। सप्ताहांत पर सरसों तेल 16116 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 18314 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 14358 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 15018 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 12454 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 15677 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नयी दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी लगातार जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर साप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 1.88 प्रतिशत की गिरावट लेकर 69.34 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया जबकि लंदन ब्रेंट क्रूड 0.15 प्रतिशत चढ़कर 73.17 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। देश के चार महानगरों में पेट्रोल और डीजल की कीमत इस प्रकार रही।

## अमेरिका के साथ संबंध सकारात्मकता के नए दौर में, महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में भागीदारी संभव : गोयल

**नयी दिल्ली।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका के साथ भारत के संबंधों के वर्तमान दौर को 'एक नयी और अभूतपूर्व सकारात्मकता भरा बताते हुए कहा कि भारत महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला के विस्तार के लिये अमेरिका के साथ सहयोग को भागीदारी के स्तर पर ले जाना चाहता है। श्री गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अमेरिकी प्रशासन के साथ दस वर्षों के सहयोग और समन्वय के चलते व्यापार और निवेश के क्षेत्र में दोनों देशों के संबंध आज ऐसे दौर में प्रवेश कर गये हैं जहां 'संशय और विवाद की जगह भारत के प्रति एक नया विश्वास स्थापित हुआ है। श्री गोयल इस महीने के शुरू में अमेरिका की अपनी चार दिवसीय यात्रा पर गये थे। इस दौरान उन्होंने पहले दो दिन न्यूयार्क में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, एसोसिएशनों और निवेशकों के साथ बैठकें की और यात्रा के दूसरे चरण में वाशिंगटन में भारत-अमेरिका सीईओ फोरम की बैठक में भाग लेने के अलावा अमेरिका की वाणिज्य मंत्री गिना रैमॉन्डो और अमेरकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) कैथरीन ताई के साथ व्यापार और निवेशक संबंधों की प्रगति की समक्षा की और व्यापार नीति संबंधी विषयों पर वार्ता की। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच क्रिटिकल मिनिरल्स (महत्वपूर्ण खनिजों) की आपूर्ति श्रृंखला के विस्तार के क्षेत्र में सहयोग का एक करार भी किया गया। श्री गोयल ने अपनी इस यात्रा के बारे में आज यहां संवाददाताओं से लम्बी चर्चा में कहा, ÷यह एक असाधारण यात्रा थी और इसका अनुभव जो पहले की यात्राओं से बिल्कुल अलग था। इस दौरान, विभिन्न बैठकों में कोई नकारात्मक मुद्दा नहीं उठा।

## देश की पहली फ्लेक्स फ्यूल मोटरसाइकिल सीबी 300एफ लाँच, कीमत 1.70 लाख

**नयी दिल्ली।** दोपहिया वाहन बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने ग्रीन मोबिलटी समाधानों को गति देते हुये आज देश की पहली फ्लेक्स फ्यूल मोटरसाइकिल सीबी 300एफ लाँच करने की घोषणा की जिसकी दिल्ली में एक्स शोरूम कीमत 1.70 लाख रुपये है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि पर्यावरण के प्रति जागरूक सवारों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई यह भारत की पहली 300सीसी फ्लेक्स-फ्यूल मोटरसाइकिल है। ग्राहक अब अपने नजदीकी बिगविंग डीलरशिप पर 2024 होंडा सीबी300 एफ फ्लेक्स-फ्यूल बुक कर सकते हैं। कंपनी के प्रबंध निदेशक, अध्यक्ष और सीईओ त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा,होंडा में, हमारा लक्ष्य 2050 तक अपने सभी उत्पादों और कॉर्पोरेट गतिविधियों के लिए कार्बन तटस्थता हासिल करना है। टिकाऊ उत्पाद नवाचार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, आज हमने सीबी300 एफ का नया फ्लेक्स-फ्यूल संस्करण पेश किया, जो उत्सर्जन को कम करने और भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। वैश्विक स्तर पर फ्लेक्स-फ्यूल तकनीक में एक दशक से अधिक की विशेषज्ञता के साथ, होंडा ने भारतीय ग्राहकों को ध्यान में रखते हुए इस मोटरसाइकिल को विशेष रूप से विकसित किया है ताकि भारतीय दोपहिया बाजार के लिए एक सहज फ्लेक्स-फ्यूल संक्रमण बनाया जा सके।

# विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी, इस सप्ताह 21,823 करोड़ से अधिक के शेयर बेचे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) अक्टूबर में अभी तक भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध बिकवाल बने हुए हैं। खत्म हुए कारोबारी सप्ताह के दौरान विदेशी निवेशकों ने साप्ताहिक आधार पर 21,823.34 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिक्री की। सिर्फ शुक्रवार को ही विदेशी निवेशकों ने दिनभर में 5,485.70 करोड़ रुपये की बिकवाली की। अक्टूबर में अब तक कुल 13 दिन कारोबार हुआ है। इन 13 दिनों में विदेशी निवेशक खरीदारी की तुलना में काफी अधिक बिकवाली करते रहे हैं। इस दौरान उन्होंने भारतीय शेयर बाजार में 80,217.90 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की। स्टॉक एक्सचेंज के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर में विदेशी संस्थागत निवेशक जहां अंधाधुंध बिकवाली करते रहे, वहीं घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) खरीदारी करके लगातार शेयर बाजार को सपोर्ट देने की कोशिश करते रहे। सिर्फ ही घरेलू संस्थागत निवेशकों ने



5,214.83 करोड़ रुपये की खरीदारी की। इस माह अभी तक घरेलू संस्थागत निवेशक करीब 74,176.20 करोड़ रुपये की शुद्ध खरीदारी कर चुके हैं। स्टॉक एक्सचेंज के आंकड़ों को देखें तो इस साल विदेशी संस्थागत निवेशक कुल 2.19 लाख करोड़ रुपये के शेयरों की बिकवाली कर चुके हैं। दूसरी ओर घरेलू संस्थागत निवेशकों ने इस अवधि में 4.92 लाख करोड़ रुपये के शेयरों की खरीदारी की है। आंकड़े से साफ है कि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने विदेशी निवेशकों की बिकवाली की तुलना में दो गुना से काफी अधिक खरीदारी करके घरेलू शेयर बाजार को लगातार सपोर्ट देने की कोशिश की है। घरेलू निवेशकों की इस खरीदारी के कारण ही मिडिल ईस्ट के जियो-पॉलिटिकल टेंशन के बावजूद शेयर बाजार ध्वस्त होने से बच गया। अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों की वजह से बाजार में गिरावट तो जरूर आई लेकिन ऐसे समय में घरेलू संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजार को पूरी दम के साथ सहारा दिया है। एक्सचेंज के आंकड़ों के मुताबिक सोमवार से बीच हुए कारोबार के दौरान विदेशी संस्थागत और पोर्टफोलियो निवेशकों ने घरेलू बाजार में कुल 61,997.74 करोड़ रुपये की खरीदारी की, जबकि इसी अवधि में इन निवेशकों ने 83,821.08 करोड़ रुपये की बिकवाली की। इस तरह पिछले कारोबारी सप्ताह में खरीद-बिक्री को मिलाकर विदेशी निवेशक घरेलू बाजार से 21,823.34 करोड़ रुपये की निकासी कर चुके हैं।

## देश की पहली फ्लेक्स फ्यूल मोटरसाइकिल सीबी 300एफ लाँच, कीमत 1.70 लाख

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने ग्रीन मोबिलटी समाधानों को गति देते हुये आज देश की पहली फ्लेक्स फ्यूल मोटरसाइकिल सीबी 300एफ लाँच करने की घोषणा की जिसकी दिल्ली में एक्स शोरूम कीमत 1.70 लाख रुपये है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि पर्यावरण के प्रति जागरूक सवारों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई यह भारत की पहली 300सीसी फ्लेक्स-फ्यूल मोटरसाइकिल है। ग्राहक अब अपने नजदीकी बिगविंग डीलरशिप पर 2024 होंडा सीबी300 एफ फ्लेक्स-फ्यूल बुक कर सकते हैं। कंपनी के प्रबंध निदेशक, अध्यक्ष और सीईओ त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, होंडा में, हमारा लक्ष्य 2050 तक अपने सभी उत्पादों और कॉर्पोरेट गतिविधियों के लिए कार्बन तटस्थता हासिल करना है। टिकाऊ उत्पाद नवाचार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, आज हमने सीबी300 एफ का नया फ्लेक्स-फ्यूल संस्करण पेश किया, जो उत्सर्जन को कम करने और भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। वैश्विक स्तर पर फ्लेक्स-फ्यूल तकनीक में एक दशक से अधिक की विशेषज्ञता के साथ, होंडा ने भारतीय ग्राहकों को ध्यान में रखते हुए इस मोटरसाइकिल को विशेष रूप से विकसित किया है ताकि भारतीय दोपहिया बाजार के लिए एक सहज फ्लेक्स-फ्यूल संक्रमण बनाया जा सके। नई सीबी300 एफ फ्लेक्स-फ्यूल का लॉन्च भारत सरकार के इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल कार्यक्रम का समर्थन करने और एक स्वच्छ, हरित भविष्य की दिशा में योगदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को पुष्ट करता है। उन्होंने कहा कि होंडा सीबी300 एफ फ्लेक्स-फ्यूल एक समझौता न करने वाला स्ट्रीट फाइटर है, जो पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ-साथ शक्तिशाली भी है।

## सेफगार्ड व जापानी कंपनी नोहमी बोसाई के बीच एमओयू

जेंसी

**हरिद्वार।** हरिद्वार में सिडकुल स्थित सेफगार्ड कंपनी और जापानी कंपनी नोहमी बोसाई के बीच एमओयू हुआ है। 15 अक्तूबर को भी सिडकुल एसोसिएशन की कई कंपनियों ने तंजानिया से आए 22 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ एमओयू साइन किया था। सेफगार्ड इंडस्ट्रीज ने जापानी कं5नी नोहमी बोसाई के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए, जो अग्नि पहचान प्रणाली कंपनियों में से एक है और भारतीय कंपनियों को अग्नि सुरक्षा, सेवा सहायता, उत्पाद विकास, विपणन फीडबैक आदि के क्षेत्र में जापानी तकनीक प्रदान करने के लिए भारतीय चैनल पार्टनर के रूप में काम करेगी। देश में आग लगने की वजह से होने वाली दुर्घटनाओं से हर साल 30,000 करोड़ से ज़्यादा का नुकसान होता है। उचित चेतावनी प्रणाली का अभाव, उपकरणों की उच्च लागत और संचालन में




कठिनाई इसके मुख्य कारण हैं। नोहमी बोसाई बहुत सहज और आसानी से संचालित होने वाले उपकरण बनाती है। धुआँ निकलने या तापमान में बदलाव होने पर ये उपकरण अलार्म बजाने के साथ ही आग लगने की सूचना देना शुरू कर देते हैं। इस अवसर पर नोहमी बोसाई के भारतीय प्रबंध निदेशक ओसामु इशिकी और सेफगार्ड इंडस्ट्रीज की ओर से प्रबंध निदेशक डॉ. राज के अरोड़ा ने समझौता पर हस्ताक्षर किये ।उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले तंजानिया के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी सिडकुल का दौरा किया था, जिसने निर्यात व आयात के अवसर तलाशने के लिए कुछ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए थे।

## प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत कंपनियों ने किए 1.25 लाख जॉब्स ऑफर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत 250 कंपनियों ने अबतक 1.25 लाख इंटर्नशिप अवसरों की पेशकश की है। इस योजना के लिए बनाई गई वेबसाइट पर 12 अक्टूबर शाम 5 बजे से उम्मीदवारों का पंजीकरण शुरू हो चुका है।

आधिकारिक सूत्रों ने दी जानकारी में बताया कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत 250 शीर्ष कंपनियों ने पंजीकरण कराया है। इन कंपनियों द्वारा 1.25 लाख इंटर्नशिप ऑफर किए गए हैं। योजना के पायलट प्रोजेक्ट के लिए इंटर्नशिप दो दिसंबर से शुरू होगी।

इस योजना को कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा पोर्टल 'pminternship.mca.gov.in' के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है। इस योजना के तहत 21-24 वर्ष की उम्र के लोग आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के तहत एक प्रशिक्षु को 12




महीने के लिए 5 हजार रुपये की मासिक वित्तीय सहायता और 6 हजार रुपये का एकमुश्त अनुदान मिलेगा। इसके अलावा भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत प्रत्येक प्रशिक्षु को बीमा कवरेज का लाभ मिलेगा। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट 2024-25 में इस योजना का ऐलान किया था, जिसका उद्देश्य 12 महीने के लिए देश की शीर्ष 500 कंपनियों में इंटर्नशिप करने का अवसर प्रदान करना है।

# पानी की 20 लीटर वाली बोतल और साइकिल पर जीएसटी दर घटाने की सिफारिश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों को तर्कसंगत बनाने पर गठित मंत्री समूह (जीओएम) ने 20 लीटर की पानी की बोतल, साइकिल और नोटबुक पर जीएसटी दर घटाकर 5 फीसदी करने का फैसला किया है लेकिन उच्च श्रेणी की कलाई घड़ियों और जूतों पर कर की दर बढ़ाने का सुझाव दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाने पर गठित मंत्रियों के समूह द्वारा लिए गए जीएसटी दर पुनर्गठन के फैसले से 22 हजार करोड़ रुपये का राजस्व लाभ होगा। जीओएम ने महंगी कलाई घड़ियों और जूतों पर कर बढ़ाने का सुझाव दिया लेकिन मंत्रियों के समूह ने 20 लीटर की पैकेज्ड पेयजल बोतलों, साइकिलों और अभ्यास नोटबुक पर कर की दरों को घटाकर 5 फीसदी करने




का फैसला किया है। जीओएम ने 20 लीटर और उससे अधिक मात्रा की पानी की बोतलों पर जीएसटी को 18 फीसदी से घटाकर पांच फीसदी करने का सुझाव दिया है। इसके साथ ही अभ्यास नोटबुक पर जीएसटी 12 फीसदी से घटाकर पांच फीसदी करने की सिफारिश भी की गई। इसी तरह 10 हजार रुपये से कम कीमत वाली साइकिल पर जीएसटी दर को 12 फीसदी से घटाकर पांच फीसदी करने का सुझाव दिया गया है। जीओएम ने 15 हजार रुपये से अधिक कीमत वाले जूतों और 25 हजार रुपये से अधिक कीमत वाली कलाई घड़ियों पर जीएसटी दर को 18 फीसदी से बढ़ाकर 28 फीसदी करने का भी सुझाव दिया है। छह सदस्यीय जीओएम में उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, राजस्थान के स्वास्थ्य सेवा मंत्री गजेंद्र सिंह, कर्नाटक के राजस्व मंत्री कृष्ण बायर गौड़ा और केरल के वित्त मंत्री केएन बालगोपाल भी शामिल हैं। इन सिफारिशों पर अंतिम फैसला जीएसटी परिषद करेगी।

## विदेशी मुद्रा भंडार 10.8 अरब डॉलर गिरकर 690.4 अरब डॉलर पर



**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी कमी होने से 11 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.8 अरब डॉलर गिरकर 690.4 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.71 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 701.2 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 11 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 10.5 अरब डॉलर की बड़ी गिरावट के साथ 602.1 अरब डॉलर पर आ गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 9.8 करोड़ डॉलर घटकर 65.7 अरब डॉलर रह गया।आलोच्य सप्ताह एसडीआर में 8.6 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह कम होकर 18.3 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि दो करोड़ डॉलर की गिरावट रही और यह घटकर 4.3 अरब डॉलर पर आ गया।


## एचडीएफसी बैंक का शुद्ध लाभ 5 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।** निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक एचडीएफसी बैंक ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में 16821 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 15980 करोड़ रुपये की तुलना में 5.3 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद जारी वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि दूसरी तिमाही में शुद्ध ब्याज आय लगभग 10 प्रतिशत बढ़कर 30,114 करोड़ रुपये हो गई, जबकि एक साल पहले की समान तिमाही में यह 27,385 करोड़ रुपये थी। बैंक की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (जीएनपीए) तिमाही के लिए 1.36 प्रतिशत रहीं, जबकि एनएनपीए 0.41 प्रतिशत रही। बैंक ने कहा कि सितंबर तिमाही में उसकी कुल जमाराशि 15.1 प्रतिशत बढ़कर 25,00,100 करोड़ रुपये हो गई, जबकि सकल अग्रिम में सालाना आधार पर 7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 25,19,000 करोड़ रुपये हो गई।

# सर्राफा बाजार में तेजी से पहली बार 79 हजार के पार पहुंचा सोना, चांदी भी लखटकिया होने के करीब

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार तीसरे दिन सोने की कीमत में तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। सोने की तरह चांदी ने भी आज जोरदार छलांग लगाई है। सोने की कीमत में आज 800 से 870 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी आई है। इस तेजी के कारण ये चमकीली धातु पहली बार 79 हजार रुपये के स्तर को पार कर गई है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 79,140 रुपये से लेकर 78,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 72 हजार का स्तर पार करके आज 72,560 रुपये से लेकर 72,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी ने भी आज करीब 2,200 रुपये प्रति किलोग्राम की मजबूती दिखाई है। भाव में आई इस तेजी के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चांदी



आज 99,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 79,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 72,560 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 78,990 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 79,040 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,460 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 78,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 72,410 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 78,990 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 79,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 72,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 79,040 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 72,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 79,140 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी तेजी आने की वजह से आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 78,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 72,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## निर्मला सीतारमण ने मैक्सिको के वित्त मंत्री से की मुलाकात, अहम मुद्दों पर बात

एजेंसी

**मैक्सिको सिटी।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने मैक्सिको सिटी में मैक्सिको के वित्त एवं सार्वजनिक ऋण सचिव डॉ. रोजेलियो रामिरेज़ डे ला ओ से मुलाकात की। जिसमें दोनों नेताओं के बीच अहम मुद्दों पर बातचीत हुई। सीतारमण ने इस मुलाकात के दौरान कहा कि भारत को मैक्सिको सरकार के साथ अपने अनुभव साझा करने और भारत के डिजिटल परिवर्तन के आधार पर सहयोग की संभावना तलाशने में खुशी होगी। वित्त मंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में कहा कि निर्मला सीतारमण ने मैक्सिको के अपने समकक्ष से चर्चा के दौरान कहा कि भारत ने एक अरब से अधिक बैंक खातों, मोबाइल फोन और डिजिटल पहचान आधार, एकीकृत भुगतान इंटरफेस यूपीआई, अकाउंट एग्रीगेटर फ्रेमवर्क और



प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण डीबीटी की नींव का लाभ उठाकर एक नई डिजिटल अर्थव्यवस्था बनाने, कमजोर लोगों के साथ-साथ बड़े समाज को सशक्त बनाने में सफलता प्राप्त की है। केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने डॉ. रोजेलियो रामिरेज़ डे ला ओ को लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए उन्हें वित्त एवं सार्वजनिक ऋण सचिव नियुक्त किए जाने पर बधाई दी। इसके साथ ही विवेकपूर्ण राजकोषीय नीतियों के बाद पिछले 6 वर्षों में मैक्सिकन अर्थव्यवस्था के मजबूत प्रदर्शन की भी सराहना की।

# केईआई इंडस्ट्रीज़ ने 'सुरक्षा ज्योति' किया लॉन्च

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केईआई इंडस्ट्रीज़ ने देश भर में बिजलीकर्मियों की सुरक्षा और आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से ज्योति सीरीज़ के अंतर्गत अपना सीएसआर अभियान 'सुरक्षा ज्योति' लॉन्च किया है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस अभियान के अंतर्गत बिजलीकर्मियों को ई-श्रम कार्ड दिए जाएंगे, जिसके द्वारा उन्हें दुर्घटना बीमा और सरकारी कल्याण योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। इस अभियान के अंतर्गत ई-श्रम कार्ड द्वारा पेंशन लाभ की मदद से दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा को भी उजागर किया गया है, जिससे बिजलीकर्मियों और उनके परिवारों को सुरक्षा मिलेगी।कंपनी के सीएसआर फाउंडेशन की मुख्य कस्टोडियन एवं कंपनी की निदेशक अर्चना गुप्ता ने सभी बिजलीकर्मियों को संबोधित करते

KEI Wires & Cables

हुए उन्हें अपना परिवार बताया तथा उनके परिवारों की सुरक्षा, बच्चों की शिक्षा, आर्थिक कल्याण एवं सुरक्षा की जरूरत पर बल दिया। इस संकल्प को मजबूत करने के लिए उन्होंने 'ब्राइट फ्यूचर इन सेफ हैंड्स' का नारा दिया। श्रीमती गुप्ता ने कहा केईआई में 'ज्योति' सीरीज़ के अंतर्गत हमारे सीएसआर अभियान मानव विकास के विभिन्न पहलुओं को कवर करते हैं, जिनमें हैल्थकेयर, भूख, गरीबी उन्मूलन, शिक्षा, पर्यावरण की सस्टेनेबिलिटी, और खेल को प्रोत्साहन शामिल हैं। हम न केवल घरों को समर्थ बनाते हैं, बल्कि उन लोगों का जीवन भी सशक्त बनाते हैं, जो उनका निर्माण करते हैं। हमारे 'सुरक्षा' ज्योति अभियान द्वारा हम बिजलीकर्मियों का भविष्य सुरक्षित बनाने के लिए समर्पित हैं, और उनके वित्तीय एवं सामाजिक कल्याण में सहयोग देते हैं। हम सभी के लिए एक प्रसन्नचित्त, समृद्ध और खुशनुमा दिवाली की कामना करते हैं।

इस अभियान द्वारा केईआई इंडस्ट्रीज़ का उद्देश्य ई-श्रम कार्ड के लिए बिजलीकर्मियों का पंजीकरण करवाकर उन्हें सहयोग देना है ताकि उन्हें आर्थिक सुरक्षा मिल सके। इसके मुख्य लाभों में कार्यस्थल पर या दुर्घटनावश मृत्यु होने पर 2 लाख रुपये तक का बीमा कवरेज, काम करते हुए दुर्घटनाग्रस्त होने पर आंशिक विकलांगता के लिए 1 लाख रुपये का बीमा कवरेज और 60 साल की उम्र पूरी होने पर 3,000 रुपये प्रतिमाह की पेंशन शामिल हैं।

यदि लाभार्थी की मृत्यु हो जाती है तो ये लाभ उसकी पत्नी को मिलेंगे। केईआई बिजलीकर्मियों को इन सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभा रहा है ताकि वो अपने खुद के और अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित कर सकें।

## यह छोटा सा दाना औषधीय गुणों का खजाना, रोज खाएंगे तो आस-पास भी नहीं आएंगी बीमारियां, सेहत होगी टनाटन



**मेथी दाना को शरीर के लिए बेहद लाभकारी माना जाता है, क्योंकि इसमें पोषक तत्वों की भरमार होती है. इसका सही तरीके से सेवन किया जाए, तो ब्लड प्रेशर और शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है.**

खान-पान में इस्तेमाल होने वाले कई मसाले औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं और इनका इस्तेमाल बीमारियों से राहत पाने के लिए भी किया जा सकता है. कई खाने-पीने की चीजों में आपने मेथी दाना यूज किया होगा, लेकिन क्या आप इसके गजब के फायदे जानते हैं? मेथी दाना में पोषक तत्वों की भरमार होती है और इसका नियमित रूप से सेवन किया जाए, तो ब्लड प्रेशर और डायबिटीज कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है. मेथा दाना को रातभर पानी में भिगोकर इसका पानी पिया जाए, तो पेट से जुड़ी समस्याओं से राहत मिल सकती है. इसके फायदे बेमिसाल हैं.

हेल्थलाइन की रिपोर्ट के मुताबिक मेथी दाना का रोजाना सेवन करना पेट की सेहत के लिए फायदेमंद होता है. इसमें सॉल्यूबल फाइबर की अच्छी मात्रा होती है, जो आंतों को साफ रखने में मदद करती है. मेथी दाना कब्ज, एसिडिटी और अन्य पाचन समस्याएं को दूर करता है. यह खाने को बेहतर तरीके से पचाने में मदद करता है. अगर आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो मेथी दाना आपके लिए एक बेहतरीन विकल्प है. इसमें मौजूद फाइबर आपको ओवर ईटिंग से बचाकर कैलोरी इनटेक कम करता है. इसके सेवन से मेटाबॉलिज्म भी बेहतर होता है, जिससे वजन कम करने में मदद मिलती है.

कई रिसर्च में पता चला है कि मेथी दाना डायबिटीज के मरीजों के लिए बेहद फायदेमंद होता है. यह ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने में मदद करता है. मेथी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइबर शुगर लेवल संतुलित रखने में मदद करते हैं. शुगर के मरीजों को मेथी का सेवन जरूर करना चाहिए. महिलाओं के लिए मेथी दाना ज्यादा फायदेमंद होता है, क्योंकि यह हॉर्मोन्स के संतुलन को बनाए रखने में मदद करता है, जिससे पीरियड्स की समस्याएं कम होती हैं. इसके सेवन से पीरियड्स के दौरान होने वाले दर्द और ऐंठन में भी राहत मिलती है. मेथी दाना ब्रेस्ट मिल्क बढ़ाने में भी मददगार साबित हो सकता है.

मेथी दाना का इस्तेमाल करने से स्किन और बालों की सेहत में सुधार हो सकता है. मेथी दाना का पेस्ट बनाकर स्किन पर लगाने से त्वचा की समस्याएं दूर हो सकती हैं. बालों में मेथी दाना का पेस्ट लगाने से बाल मजबूत होते हैं और डैंड्रफ की समस्या से राहत मिलती है. यह प्राकृतिक रूप से बालों की चमक को बढ़ाता है. मेथी दाना दिल की सेहत के लिए भी लाभकारी होता है. यह बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करता है और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है. इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स हार्ट डिजीज का खतरा कम कर सकते हैं.

# खेत और बैल के रिश्ते को बचाना होगा

भारत में आज भी खेती और पशुपालन ही सबसे ज्यादा रोजगार देने वाले क्षेत्र हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था केवल खेती-किसानी से ही नहीं, पशुपालन और छोटे-छोटे लघु-कुटीर उद्योग व लघु व्यवसायों से संचालित होती रही है। मवेशी एक तरह से लोगों के फिक्स्ड डिपॉजिट हुआ करते थे, जिन्हें बहुत जरूरत पड़ने पर, वे बेच देते थे।देश में किसान अभूतपूर्व संकट से गुजर रहे हैं। अब इसे जानने के लिए कोई विशेष अध्ययन करने की जरूरत नहीं है। यह संकट रासायनिक खेती से जुड़ा हुआ है। जबकि परंपरागत खेती में खेत और बैल का संबंध था। किसानी व पशुपालन का गहरा रिश्ता था, जो अब ट्रेक्टर के आने से टूट रहा है। आज इस कॉलम में परंपरागत खेती पर चर्चा करना उचित रहेगा, जिससे खेती-किसानी को समग्रता से समझा जा सके, खेती की लागत को कम किया जा सके और खेती-किसानी और किसानों की आजीविका और पर्यावरण को भी बचाया जा सके।

हमारे देश में खेती-किसानी बरसों से हो रही है। यह हवा,पानी और जलवायु के अनुकूल विकसित हुई है। इसमें काफी विविधता रही है। यह सिर्फ फसल उत्पादन ही नहीं, एक जीवन पद्धति थी। मोटे तौर पर स्वावलंबी व आत्मनिर्भर खेती थी। श्रम आधारित थी। किसानों के पास खुद का देसी बीज होता था। पशुपालन होता था, तो घर की गोबर खाद हो जाती थी। जिससे खेत की मिट्टी की उर्वरता बनी रहती थी। खेती से जुड़े हुए कई रोजगार भी थे, जिससे गांव के लोगों की आजीविका जुड़ी होती थी।

गांव में बढ़ई का काम कृषि यंत्र बनाना होता था। वह बैलगाड़ी के चक्के, बक्खर और हल बनाता था। जिसके बदले उसे किसानों से अनाज मिलता था। परंपरागत खेती में अलग से बाहरी निवेश की जरूरत नहीं थी। न फसलों में खाद डालने की जरूरत थी और न ही कीटनाशक या नींदानाशक। पशुओं की देखभाल में अतिरिक्त खर्च नहीं होता था। फसलों के डंठल से तैयार भूसा, पुआल व मेड़ पर होने वाले चारे से उनका पेट भर जाता था।दूसरी तरफ खेत में डंठल व पुआल आदि सड़कर जैव खाद बनाते थे और पशुओं के गोबर से बहुत अच्छी खाद मिल जाती थी। गोबर खाद से खेतों में मिट्टी की उर्वरकता बढ़ती जाती थी। फसलों के मित्र कीट ही कीटनाशक का काम करते थे। पक्षी भी कीट नियंत्रण में अच्छी भूमिका निभाते थे। गाय-बैल को खिलाने के लिए पहले खेतों में कई तरह का चारा (घास) उपलब्ध था। होशंगाबाद जिले के पुराने गजेटियर में केल, मुचेल, पोनिया, सुकरा, गुनैया और दूब का चारे का जिक्र है। नये घास नेपियर और लुक्रेन हैं। जबकि किसान कई और चारे का नाम बताते हैं जिनमें समेल, कांस, बांसिया, हिरमेचिरी, बथुआ आदि हैं। लेकिन अब नींदानाशक या खरपतवार नाशक दवाईयों के छिड़काव के कारण ये चारे उपलब्ध नहीं हैं, या कम हो गए हैं। इस कारण पशुपालन कम होता जा रहा है।



भारत में आज भी खेती और पशुपालन ही सबसे ज्यादा रोजगार देने वाले क्षेत्र हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था केवल खेती-किसानी से ही नहीं, पशुपालन और छोटे-छोटे लघु-कुटीर उद्योग व लघु व्यवसायों से संचालित होती रही है। मवेशी एक तरह से लोगों के फिक्स्ड डिपॉजिट हुआ करते थे, जिन्हें बहुत जरूरत पड़ने पर, वे बेच देते थे।आम तौर पर गाय-बैल और मनुष्य के आपसी स्नेह और प्यार की कई कहानियां अब भी प्रचलन में हैं। उनके प्रति गहरी संवेदनशीलता भी देखने में आती थी। उन्हें बड़े लाड़-प्यार से पाला पोसा जाता था। ग्रामीण बताते हैं कि हम मवेशियों को अपने बच्चे की तरह पालते-पोसते हैं। उन्हें भी मनुष्यों की तरह बुढ़ापे में खूंटे पर बांधकर खिलाना चाहिए।

बैलों के प्रति विशेष प्रेम तब दिखाई देता है जब उन्हें दीपावली के समय रंग-बिरंगी फीते, गेंठा, मुछेड़ी, नाथ और पट्टों से सजाया जाता है। मड़ई-मेलों में बैलगाड़ी से लोग सपरिवार जाते हैं।

नर्मदा के मेलों में सजे बैलों की छटा निराली दिखती थी। गाय-बैल अपने आपको ऐसा ढाल लेते हैं कि कई तो खुद ही खेतों या जंगल में चरकर खुद घर आ जाते हैं। उन्हें लाने-ले जाने की भी जरूरत नहीं पड़ती। अगर वे कहीं दूर हो तो उनके गले की टपरी (घंटी) या ढूने की आवाज सुनकर उनको हांक कर घर ले आते हैं। गाय की पूजा की जाती है। उन्हें अनाज खिलाया जाता है। यानी गाय-बैल को समान रूप से सम्मान मिलता था।गाय-बैल को नहलाने-धुलाने से लेकर चराने-पिलाने का हर काम जिम्मेदारी से किया जाता था। खासकर महिलाएं और बच्चे मवेशियों की देखभाल में मदद करते थे। महिलाएं मवेशियों को बांधने के कोठा या सार की साफ-सफाई, भूसा-चारा डालना आदि का काम करती थीं। जबकि बच्चे उन्हें घास या भूसा डालने से लेकर पानी पिलाने का काम करते थे। अब भी असिंचित व दूरदराज के इलाकों में, मिश्रित खेती वाले क्षेत्रों में पशुपालन होता है। वहां आज भी बैलों से जुताई की जाती है।हमारे कई त्यौहार भी खेती से जुड़े हैं। हाल ही में पोला त्यौहार निकला है, जिसमें बैलों की पूजा की जाती है। उन्हें नहलाया धुलाया जाता है। रंग-बिरंगी रंगों के छापों से सजाया जाता है। लेकिन रासायनिक खेती में बैलों की खेती पीछे छूटते जा रही है। दीपावली पर भी पशुओं की पूजा होती है।

खेती और पशुपालन एक दूसरे के पूरक हैं। इसका उदाहरण राजस्थान से आने वाले घुमंतू पशुपालकों की भेड़-बकरियों, ऊंटों को किसान अपने खेतों में चरने की इजाजत देते हैं जिससे खेत उर्वर बने और उनका पेट भी भरे। यही घुमंतू पशुपालक पशुओं की अच्छी नस्ल उपलब्ध कराने में विशेष भूमिका निभाते थे।लेकिन अब पशुपालन खत्म हो रहा है। किसान बताते हैं कि अब पशुओं को चरने के लिए खेत खाली नहीं हैं। तारों की फैंसिंग कर दी गई है। पड़ती या ऊसर भूमि भी अब नहीं है। गाय- बैल सड़कों पर मारे–मारे फिर रहे हैं। इन सब कारणों से पशुपालन कम हो रहा है। अब बबूल और बेर के पेड़ भी खत्म हो रहे हैं जिनकी पत्तियां बकरियां चरती थीं। इन पेड़ों पर घोंसले बनाकर रहने वाले पक्षी भी बसेराविहीन हो गए हैं।पहले गांव में सभी घरों के मवेशियों को चराने के लिए एक व्यक्ति को नियुक्त कर दिया जाता था। एक साथ जो पशु चरने जाते थे। बदले में उस व्यक्ति को हर घर से अनाज मिलता था, जो मवेशी चराता था। इससे कुछ लोगों को आजीविका भी मिलती थी।

हल-बैल की जगह ट्रैक्टर की जुताई से मिट्टी भी सख्त (भट्टल) हो रही है। किसान बताते हैं कि अगर गीले खेत में से एक भैंस निकल जाए तो जहां-जहां उसके खुरों के निशान बन जाते हैं, वहां-वहां दाने नहीं उगते। फिर तो अब ट्रैक्टर से जुताई की जा रही है। उसका वजन तो बहुत ज्यादा होता है। इससे हमारी जमीन कड़ी हो रही है। हल से जुताई की यह समस्या नहीं आती थी।कुल मिलाकर, खेती और पशुपालन का रिश्ता आज टूट रहा है। लेकिन अगर इसको बरकरार रखा जाए तो न केवल हमें भूमि को उर्वर बनाने के लिए गोबर खाद मिलेगी। बल्कि बड़ी आबादी को रोजगार भी मिलेगा। पशु शक्ति के बारे में कई विशेषज्ञ व वैज्ञानिक भी यह मानने लगे हैं कि यह सबसे सस्ता व व्यावहारिक स्रोत है।मशीनीकरण से ग्लोबल वार्मिंग की समस्या बढ़ेगी, जो आज दुनिया में सबसे चिंता का विषय है। लेकिन ऊर्जा संकट, बिजली संकट और मानव श्रम की बहुलता के मद्देनजर हमें टिकाऊ खेती की ओर बढ़ना पड़ेगा और इसमें पशु ऊर्जा की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। इससे मिट्टी-पानी का संरक्षण तो होगा ही, जैव विविधता व पर्यावरण भी होगा। किसानों व पशुपालकों की आजीविका भी बचेगी। खेती से जुड़े रोजगार व कौशल भी बचेगा। लेकिन क्या हम इस दिशा में बढ़ने के लिए तैयार हैं?

संपादकीय

## फिर सैनी की ताजपोशी

भले ही यह अप्रत्याशित हो, लेकिन यह एक टकसाली हकीकत है कि हरियाणा में भाजपा को तीसरे कार्यकाल के लिये स्पष्ट जनादेश मिला है। हो सकता है पार्टी यह कहे कि यह निर्णायक जनादेश भाजपा के शासन मॉडल के प्रति विश्वास मत के रूप में अभिव्यक्त हुआ है, लेकिन इसके बावजूद जरूरत इस बात की है कि उन मुद्दों पर मंथन किया जाए जिनको लेकर चुनाव के दौरान जनता में असहजता थी। निस्संदेह, नायब सिंह सैनी, जिनको पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की छाया में गंभीरता से नहीं लिया जा रहा था, लेकिन उनके नेतृत्व में पार्टी ने पिछली बार से अधिक सीटें लेकर पूर्ण बहुमत से सरकार बनायी है। मगर जिस चीज से नायब सिंह सैनी को सावधान रहने की जरूरत है, वह है अति-आत्मविश्वास। हाल के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने अति-आत्मविश्वास की कीमत चुकाई है। निस्संदेह, सैनी की पूर्ण बहुमत वाली सरकार के पास हरियाणा में आधारभूत बदलाव से जनाकांक्षाओं को हकीकत में बदलने का सुनहरा मौका है। उन्हें पूर्ण बहुमत वाली सरकार के रूप में जनाकांक्षाओं को पूर्ण करने के लिये कृतसंकल्प होने की जरूरत है। दरअसल, चुनावी राजनीति में जनता के दरबार में उछले विपक्षी नेताओं के आरोप कई बार सत्तापक्ष को आत्मविश्लेषण का मौका भी देते हैं। चुनावी माहौल में जहां विपक्षी दल सत्ता पक्ष की रीतियों-नीतियों को लेकर मुखर होते हैं,वहीं ऐसे मौके पर जनता की अभिव्यक्ति का भी अहसास होता है। भाजपा जैसे कुशल संगठन वाली कैडर आधारित पार्टी से उम्मीद की जाती है कि जिस तरह उसने चुनावों में माइक्रो मैनेजमेंट किया, उसी तरह उसकी सरकार से भी उम्मीद की जाती है कि वह समस्याओं को भी बेहद करीब से सूक्ष्म स्तर पर महसूस करेगी। बहरहाल, भाजपा की इस जीत ने एक संदेश यह भी दिया है कि महज सत्ताविरोधी रुझान ही चुनाव परिणामों की दिशा-दशा तय नहीं करते। बदलाव की आकांक्षा को सुशासन व बेहतर प्रबंधन के मुद्दे भी गहरे तक प्रभावित करते हैं।



निश्चित रूप से मुख्यमंत्री की दूसरी पारी में कार्यभार संभालने वाले नायाब सिंह सैनी की सरकार पर जनाकांक्षाओं का भारी दबाव होगा। उनका प्राथमिक उद्देश्य जनता से किये गए वायदों और उनके क्रियान्वयन होगा, जिससे जनता सुशासन की उपलब्धि महसूस कर सके। निश्चित रूप से किसी योजना की सार्थकता इस बात पर निर्भर करती है कि जनता उससे किस हद तक लाभान्वित महसूस करती है। कई बार व्यवस्था की विसंगति इस मार्ग में बाधक बन जाती हैं। इसके लिये आश्वासन व क्रियान्वयन में साम्य जरूरी हो जाता है। निस्संदेह, पिछले मार्च में जब सैनी ने अपने गुरु मनोहर लाल खट्टर की छत्रछाया में सरकार का दायित्व हासिल किया था तो उन्हें राजनीतिक हलकों में गंभीरता से नहीं लिया गया। लेकिन उन्होंने पिछले विधानसभा चुनावों में न केवल खुद को साबित किया बल्कि राज्य में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। निस्संदेह, हरियाणा के इस नये जनादेश के दूरगामी परिणाम होंगे। इतना ही नहीं इस जीत ने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व में भी एक नया उत्साह भर दिया। यह उत्साह महाराष्ट्र व झारखंड के चुनाव अभियान में भी नजर आ रहा है। निश्चित रूप से इन चुनावों ने मुख्यमंत्री के रूप में नायब सिंह सैनी का राजनीतिक कद बढ़ाया है। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से भी उन्हें सकारात्मक प्रतिसाद व संबल मिला है। वे दूसरी बार मुख्यमंत्री बने हैं तो उनकी जिम्मेदारियां भी बढ़ गई हैं। उन्हें क्षेत्र व जाति की सीमाओं से परे 'सबका साथ, सबका विकास' का लक्ष्य हासिल करना है। उनके लिये यह सुखद है कि जहां राज्य में उन्हें पिछली बार के मुकाबले ज्यादा सीटें मिलने से पूर्ण बहुमत हासिल हुआ है,वहीं केंद्र से भी उन्हें भरपूर समर्थन मिल रहा है। निस्संदेह, उन्हें 'डबल इंजन की सरकार' के मुहावरे को साकार करने का अवसर मिला है।

# मुंबई में लौट आया है संगठित अपराधों का दौर

**बाबा सिद्दीकी बांद्रा पश्चिम से विधायक चुने गए थे जो कभी 'उपनगरों की रानी' कहलाता था**

बाबा सिद्दीकी बांद्रा पश्चिम से विधायक चुने गए थे जो कभी %उपनगरों की रानी% कहलाता था। बिल्डर इसे एक प्रमुख क्षेत्र के रूप में देखते हैं और बिल्डरों के बढ़ते दबाव के कारण अब बांद्रा का आकर्षण कम हो रहा है। पूर्व में बहुत सामान्य लोग बांद्रा पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते थे जिसका एक उदाहरण सदानंद वर्दे हैं जो 1970 के दशक में शिक्षा मंत्री थे।

एक समय था जब मुंबई में दिन-दहाड़े गोलीबारी होती थी, गैंगस्टर खुले आम घूमते थे और शहर की सड़कों पर अपने दुश्मनों को अपनी मर्जी से उड़ा देते थे। दशहरे की रात (12 अक्टूबर) को बांद्रा के टोनी उपनगर में महाराष्ट्र के विवादास्पद पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद लगता है कि कुछ ऐसा ही माहौल वापस आ गया है। सिद्दीकी बॉलीवुड सितारों के साथ अपने घनिष्ठ संबंधों के लिए मशहूर थे। 66 वर्षीय सिद्दीकी को कार में आए हत्यारों ने गोली मारी। हत्यारों के मुंह रूमालों से ढंके हुए थे। अपने लक्ष्य पर करीब से गोली चलाने के बाद वे भाग निकले। पुलिस ने इस वारदात को कॉन्ट्रैक्ट किलर की करतूत बताया है। संगठित अपराध शैली में की गई यह हत्या राजनेता-बिल्डर-अंडरवर्ल्ड गठजोड़ की शक्ति, पहुंच और कानून-व्यवस्था की अवमानना का संकेत देती है, जो भारत के सबसे मशहूर शहर मुंबई के अपराध मुक्त होने के दावे को चुनौती दे रही है।सिद्दीकी अपनी ग्लैमरस इफ्तार पार्टियों के लिए प्रसिद्ध थे जिनमें बॉलीवुड सितारे शामिल होते थे। वे विशेष रूप से सलमान खान और संजय दत्त जैसे फिल्मी सितारों के साथ अपनी नजदीकियों के लिए जाने जाते थे। सिद्दीकी की हैसियत सिर्फ एक पूर्व विधायक, एक पूर्व मंत्री या बांद्रा पश्चिम उपनगर के प्रतिनिधि से कहीं अधिक थी। वे उस इलाके से थे जहां बॉलीवुड फिल्मी सितारों में से कुछ सबसे बड़े लोगों के घर हैं। 2013 की एक तस्वीर में कांग्रेस पार्टी के तत्कालीन सदस्य बाबा सिद्दीकी सुपरस्टार सलमान खान और %किंग खान' कहे जाने वाले शाहरुख खान के गलों में हाथ डाले दिखाई दे रहे हैं।कांग्रेस पार्टी के लंबे समय से सदस्य, पूर्व मंत्री और सिनेस्टार व दिवंगत सांसद सुनील दत्त के सर्वाधिक करीबी सहयोगी रहे सिद्दीकी ने अपने खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की जांच के मद्देनजर इस साल की शुरुआत में पार्टी छोड़ दी थी और फिलहाल भाजपा के साथ महाराष्ट्र में



सत्ता में भागीदार अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। उसके बाद ईडी का मामला कभी आगे नहीं बढ़ा। इन अर्थों में जिस व्यक्ति की गोली मारकर हत्या की गई, वह सत्तारूढ़ पार्टी का कार्यकर्ता था, जिसकी हत्या उस समय हुई जब सभी राजनीतिक दल महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए जी-जान से जुटे हैं। उल्लेखनीय है कि बाबा सिद्दीकी को एक पखवाड़े पहले जान से मारने की धमकी मिली थी जिसके बाद उन्हें %वाई' श्रेणी की राज्य सुरक्षा प्रदान की गई थी। इन सबके बावजूद हिटमैन अपना काम कर गुजरे।सरकारी कहानी यह है कि यह हत्या लॉरेंस बिश्नोई के नेतृत्व वाले गिरोह की करतूत है। हत्या का कारण सिद्दीकी की सलमान खान के साथ कथित नजदीकी को बताया जा रहा है। सलमान खान पर आरोप है कि उसने 1998 में कथित तौर पर एक काले हिरण का शिकार किया था जिसे बिश्नोई समुदाय पवित्र व पूजनीय मानता है। इसी वर्ष अप्रैल में सलमान खान के घर पर गोलियां चलाई गई थीं। इस सिलसिले में गिरफ्तार आरोपियों में से एक अनुज थापन के बारे में कहा जाता है कि उसने पुलिस हिरासत में आत्महत्या कर ली जिसने उस मामले में एक नया मोड़ दे दिया। अब सलमान खान के सभी दोस्त और सहयोगी बिश्नोई गिरोह के निशाने पर हैं, लेकिन सिद्दीकी की हत्या के बाद घटनाक्रम में इतनी तेजी के साथ बदलाव हो रहे हैं जिसने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। यह कम महत्वपूर्ण नहीं है कि बिश्नोई इस समय गुजरात में हिरासत में हैं। इसके अलावा पुलिस ने सिद्दीकी मामले में उसी रात आनन-फानन में दो गिरफ्तारियां कीं और इस समय तक एक और आरोपी को गिरफ्तार कर चुकी है। गिरफ्तार किया गया तीसरा व्यक्ति उस व्यक्ति का भाई है जिसने बिश्नोई गिरोह के गुर्गे के रूप में हत्या में शामिल होने का दावा किया था। क्या मामला इतना सरल हो सकता है जितना कि बताया जा रहा है?बाबा सिद्दीकी को जमीन और रियल एस्टेट कनेक्शन के लिए भी जाना जाता था जिसने मुंबई में बिल्डरों की भूमिका को उजागर करते हुए शहर का पूरा परिदृश्य बदल दिया और कई मायनों में शहर की तरक्की के साथ मुंबई को कांक्रीट का बदसूरत जंगल बनाने में भी योगदान दिया है। कीमतों में उतार-चढ़ाव के कारण कई इमारतें अधूरी छोड़ दी गईं। रियल एस्टेट में निवेश करने वाले अधिकांश लोगों ने देखा है कि उनके निवेश को आकर्षक रिटर्न नहीं मिलता हैं जैसा किसी समय आवासीय परियोजनाओं में मिलता था। इसके बावजूद मुंबई में भूमि का आकर्षण और रिटर्न देने की इसकी क्षमता हमेशा की तरह आकर्षक है जिसने मुंबई को भारत का सबसे समृद्ध शहर बनाए रखा है। इसके अलावा बाजार की बदलती परिस्थितियों ने बिल्डरों और परियोजनाओं पर भी दबाव डाला है जिनमें से कई की पूरा करने की प्रतिबद्धता हो सकती है पर मुंबई में आवास के लिए विकसित बाजार में व्यवहार्य से कम रिटर्न हो सकते थे।कुछ मामलों में राजनेता खुद भूमि सौदों और बिल्डरों से करीब से जुड़े हुए हैं जैसा कि बाबा सिद्दीकी कथित तौर पर करते थे या राजनेता खुद बिल्डर हैं, जैसे कि उपनगरीय मुंबई के भारतीय जनता पार्टी के पालक मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा। लोढ़ा और उनका रियल एस्टेट व्यवसाय समूह शायद अकेले ही अपने दबदबे के लिए और मुंबई को नया आकार देने, कीमतों को बढ़ाने, इसे अमीरों के लिए मुफीद बनाने तथा औसत या गरीब निवासियों के प्रति विरोधपूर्ण रवैये के लिए स्पष्ट रूप से जाने जाते हैं।बाबा सिद्दीकी बांद्रा पश्चिम से विधायक चुने गए थे जो कभी %उपनगरों की रानी' कहलाता था। बिल्डर इसे एक प्रमुख क्षेत्र के रूप में देखते हैं और बिल्डरों के बढ़ते दबाव के कारण अब बांद्रा का आकर्षण कम हो रहा है। पूर्व में बहुत सामान्य लोग बांद्रा पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते थे जिसका एक उदाहरण सदानंद वर्दे हैं जो 1970 के दशक में शिक्षा मंत्री थे। वर्दे समाजवादी विचारधारा के थे एवं बांद्रा के नेशनल कॉलेज में अर्थशास्त्र के व्याख्याता थे। एक अन्य प्रतिनिधि सलीम जकारिया एक उपनगर में स्कूल शिक्षक थे जो राज्य के शिक्षा मंत्री भी बने। बांद्रा से ताल्लुक रखने वाले एक और शख्स रामदास नायक थे जो मोदी-शाह नेतृत्व से पहले के दिनों से मुंबई भाजपा के नेता थे। अगस्त 1994 में दाऊद इब्राहिम गिरोह के सदस्यों ने एके 47 राइफल से गोलियों की बौछार कर नायक और उनके अंगरक्षक की हत्या कर दी थी।नायक उस समय 52 साल के थे। बांद्रा में हिल रोड का नाम उनकी याद में रखा गया है। नायक भाजपा की मुंबई इकाई के अध्यक्ष थे और भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान चलाने वाले वह व्यक्ति थे जिन्होंने कांग्रेस के तत्कालीन मुख्यमंत्री एआर अंतुले के खिलाफ सीमेंट घोटाले के आरोपों को उजागर करने में प्रमुख भूमिका निभाई थी। नायक ने कुछ बिल्डरों के खिलाफ भी मोर्चा खोला था।अब तस्वीर बहुत अलग है। मामले सुलझाने के लिए त्वरित प्रस्ताव सामने रखे जाते हैं। मामलों को आसानी से हल हुआ मान लिया जाता है। यह स्थिति लोगों या अधिकारियों को कभी भी मामले की पूरी भयावहता सामने लाने की अनुमति नहीं देगी कि वास्तव में क्या गलत हो रहा है या मामले के सूत्र किसके हाथ में हैं और मुंबई में वापस लौट रहे संगठित अपराधों के पीछे वास्तव में किसका हाथ है।



# शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने का काम करती है कुंजल क्रिया

**क्या आपने कभी कुंजल क्रिया के बारे में कुछ सुना है। अगर नहीं तो यह क्रिया आपके शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने का काम करती है। आइए जानते हैं कुंजल क्रिया के बारे में और जानते हैं कैसे यह आपकी सेहत पर असर डालती है।**

भारत में योग का चलन आज से नहीं बल्कि सदियों से रहा है। योग महज एक शारीरिक व्यायाम नही है। बल्कि यह जीवन को सरल और बेहतर बनाने का एक बेजोड़ तरीका है। आज हम आपको योगा की एक ऐसी ही टेक्निक से रूबरू कराएंगे। जो आपके शरीर से विषाक्त पदार्थों को तो बाहर निकालती ही है। साथ ही आपको कई दूसरे लाभ भी देती है। दरअसल हम बात कर रहे हैं कुंजल क्रिया के बारे में। यह अन्य योगासन से बहुत भिन्न है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि इस क्रिया में आपको उल्टी करनी होती है। हां शायद यह आपको थोड़ी अजीब लग सकती है। लेकिन कुंजल क्रिया सही मायने में बहुत ज्यादा फायदेमंद है। आइए जानते हैं इस क्रिया के बारे में।

## क्या है कुंजल क्रिया

कुंजल क्रिया आपके शरीर से अशुद्धियां बाहर निकालने की एक जबरदस्त टेक्निक है। कुंजल क्रिया के बारे में सबसे पहले हठयोग से संबंधी एक प्रदीपिका ग्रंथ में दिया गया था। इस ग्रंथ में ही इसे शरीर की सफाई करने की तकनीक के रूप में बताया गया है। कुंजल क्रिया न केवल आपके शरीर को साफ करती है बल्कि यह आपके मन को भी नियंत्रित करने में भी सहायता प्रदान करती है। इसके अलावा जर्नल ऑफ आयुर्वेद एंड इंटीग्रेटिव मेडिसिन में इसे लेकर एक शोध भी प्रकाशित किया गया है। इसमें बताया गया है कि उल्टी करने के बाद व्यक्ति को खालीपन महसूस होता है और इससे कई शारीरिक लाभ होते हैं। आइए जानते हैं कैसे की जाती है कुंजल क्रिया।

## कैसे होती है कुंजल क्रिया

- इसके लिए आपको कम से कम 6 से 8 गिलास गुनगुने पानी की जरूरत होगी और हर एक लीटर पानी पर एक चम्मच सेंधा नमक या साधारण नमक भी चाहिए होगा।
- अब आपको एक लीटर पानी में एक चम्मच सेंधा नमक मिलाना होगा और कगासन की मुद्रा में बैठना होगा।
- इसके बाद आपको इसी मुद्रा में यह पानी जल्दी से जल्दी पीना होगा और उल्टी करने के लिए थोड़ा आगे झुक कर खड़ा होना होगा।
- जब आपको लगे की पेट खाली हो चुका है तो शवासन की मुद्रा में 30 मिनट के लिए लेट जाएं।
- इस क्रिया में आपको उल्टी तुरंत आ जाती है। ऐसे में अगर यह क्रिया करें तो विशेषज्ञ की निगरानी में ही करें।

## वजन और पाचन के लिए

जब भी आप कुंजल क्रिया करते हैं तो इससे आपके पेट की मांसपेशियां सिकुड़ जाती है और फैट कम हो जाता है। ऐसे में अगर आप फैट या वजन कम करने की कोशिश में लगे हुए हैं तो य क्रिया आपके लिए बहुत फायदेमंद होगी। यह पाचन तंत्र को पूरी तरह स्वस्थ रखने काम काम करती है।

## तनाव और चिंता से राहत

जब आप इस क्रिया को करते हैं तो इससे शरीर में रक्त प्रवाह बेहतर हो जाता है और आपके शरीर के हर हिस्से तक ऑक्सीजन पहुंचने लगता है। इससे आपका हार्ट रेट कम हो जाता है और सांस लेना भी आसान हो जाता है। साथ ही यह ब्लड प्रेशर को भी ठीक करता है। ऐसे में कहा जा सकता है कि कुंजल क्रिया के जरिए तनाव और चिंता को कम किया जा सकता है। ध्यान रहे कि यह क्रिया किसी विशेषज्ञ की

या फिर आपकी आयु 16 साल से कम है तो इस आसन को बिल्कुल ना करें।

## खांसी और सर्दी से राहत

जब आप कुंजल क्रिया करते हैं तो इससे आपके फेफड़ों की मांसपेशियां मजबूत होती है और इनकी सहन शक्ति बढ़ जाती है। साथ ही इसके जरिए आपके फेफड़े भी साफ हो जाते हैं और आपके लिए सांस लेना आसान हो जाता है। इस तरह यह सर्दी और खांसी के लक्षणों से राहत दिलाती है।





**एलईडी और टीएफटी स्क्रीन से निकलने वाली सफेद रोशनी आंखों को तनाव में डालती है। आयुर्वेद के अनुसार, संपूर्ण शरीर की तरह आंख भी तत्वों से संबंधित है। आंख की मांसपेशियां पृथ्वी तत्व द्वारा नियंत्रित होती हैं, जबकि ब्लड वेसल्स अग्नि द्वारा और आंखों का रंग हवा से नियंत्रित होता है।**

# ऐसे करें आंखों की देखभाल

मोबाइल और लैपटॉप के बढ़ते इस्तेमाल के कारण हमारी आंखों का इस्तेमाल पहले से कहीं ज्यादा हो रहा है। जिससे लोगों में सिरदर्द, जलन और आंखों में तनाव के मामले बढ़े हैं। खासकर, एलईडी और टीएफटी स्क्रीन से निकलने वाली सफेद रोशनी आंखों को तनाव में डालती है। आयुर्वेद के अनुसार, संपूर्ण शरीर की तरह आंख भी तत्वों से संबंधित है। आंख की मांसपेशियां पृथ्वी तत्व द्वारा नियंत्रित होती हैं, जबकि ब्लड वेसल्स अग्नि द्वारा और आंखों का रंग हवा से नियंत्रित होता है। आंखें पित्त दोष का आसन हैं। चूंकि पित्त दोष उम्र के साथ असंतुलित हो जाता है, इसलिए आंखें प्रभावित होती हैं।

## सुबह उठकर मुंह में पानी भरें

रोज सुबह उठकर टॉयलेट जाने से पहले या बाद में मुंह में पानी भरें और कुछ सैकंड्स तक होल्ड करें। इस दौरान आपकी आंखें बंद होनी चाहिए। अब कुल्ला कर दें और इस प्रक्रिया को दो से 3 बार दोहराएं।

## त्रिफला वॉटर का उपयोग करें

त्रिफला वॉटर आई वॉश आंखों के स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा माना जाता है। यह न केवल आपके आंखों की रोशनी बढ़ाता है, बल्कि आंखों की चमक में भी सुधार करता है। खासतौर से थकी हुई आंखों को आराम देने का यह बेहतरीन तरीका है।

## स्वस्थ आंखों के लिए षटकर्म करें

आयुर्वेद में शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालने ,उसे मजबूत बनाने और रोगमुक्त बनाने के लिए 6 प्यूरीफिकेशन टेकनीक के बारे में बताया गया है। इनमें से नेती और त्राटक सूखी आंखों और आंखों के स्वास्थ्य के लिए सबसे अच्छे आयुर्वेदिक उपाय के रूप में काम करते हैं। बता दें कि त्राटक षटकर्म आंख का व्यायाम है जिसमें किसी भी बिंदु पर आंखों को स्थिर करके निरंतर देखना होता है।

## बरतें ये सावधानियां

- आंखों की देखभाल के दौरान कभी भी बहुत तेज गर्म या फिर बर्फ के पानी का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।
- अचानक तापमान में हुए परिवर्तन से बचने का प्रयास करें।
- अगर आपका शरीर गर्म हो रहा है या आप पसीने से तर हैं, तो अपने चेहरे और आंखों पर पानी के छीटें मारने से पहले 10 मिनट तक इंतजार करें। जब तक आपकी बॉडी सही तापमान में एडजस्ट न हो जाए, छीटें मारने से बचें।
- सुबह-शाम चेहरे पर पानी के छीटे मारें
- 10-15 बार अपनी आंखों और चेहरे पर ठंडे या फिर नॉर्मल पानी के छीटें मारें। इस प्रक्रिया को आप तब भी दोहराएं , जब शाम को काम से वापस घर लौटें। ऐसा करने से आंखों को बहुत आराम मिलेगा।



### स्वस्थ आंखों के लिए फायदेमंद है अंजन

स्वस्थ आंखों के लिए अंजन का उपयोग बहुत फायदेमंद है। अंजना एक आयुर्वेदिक दवा है, जिसे आंखों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए पलकों के अंदरूनी हिस्से पर लगाते हैं। बता दें कि अंजना जड़ी-बूटियों से बना एक गाढ़ा आईलाइनर है। इसे कोलिरिसम भी कहते हैं। इसका उपयोग आंखों की रोशनी बढ़ाने और आंख से जुड़ी अन्य बीमारियों के लिए किया जाता है। हालांकि, यह काजल की तरह दिखता है, लेकिन इससे काफी अलग है। इसे मिनरल्स और जड़ी- बूटियों को पीसकर पेस्ट के रूप में तैयार किया जाता है। आंखों की रोशनी को बढ़ाने के लिए इनकी देखभाल करना बेहद जरूरी है। उम्मीद है यहां एक्सपर्ट द्वारा बताए गए तरीकों से आपको आंखों की सही देखभाल करने में मदद मिलेगी।





# वायु प्रदूषण और रोड ट्रैफिक से पड़ता है सेहत पर बुरा असर

**वायु प्रदूषण और रोड ट्रैफिक से हमारी सेहत पर बहुत बुरा असर पड़ता है। लेकिन कई दफा हम इसे नजरअंदाज करते हैं। शोध में पता चला है कि ये दोनों पर्यावरण हार्ट फेलियर का भी एक कारण हैं।**

देश में दिवाली आने वाली है और इस माह में लोगों द्वारा की जाने वाली आतिशबाजी के कारण वायु प्रदूषण काफी ज्यादा बढ़ जाता है और स्मॉग का रूप ले लेता है। इस तरह के पॉल्युटिड स्मॉग में धूल और वायु प्रदूषक जैसे नाइट्रोजन ऑक्साइड, सल्फर डाई आक्साइड, ज्वलनशील कार्बनिक यौगिक आदि हानिकारक मिश्रण रहते हैं। जो खांसी, गले में खराश, छाती में जलन, स्किन डिजीज, फेफड़ों के संक्रमण, आंख व नाक में एलर्जी के अलावा इम्यून सिस्टम को भी कमजोर बनाते हैं। हाल ही में वायु प्रदूषण पर एक शोध आया है जिसमें चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। नए शोध के अनुसार, वायु प्रदूषण और सड़क यातायात के शोर के संपर्क में आने से हृदय गति रुकने का खतरा बढ़ सकता है। शोध का रिजल्ट अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के एक ओपन-एक्सेस जर्नल 'जर्नल ऑफ द अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन' में प्रकाशित किया गया था। इसलिए आपको वायु प्रदूषण से खुद को सेफ रखने की बहुत ज्यादा जरूरत है।

## वायु प्रदूषण पर शोध

नए रिसर्च के विश्लेषण में शोधकर्ताओं ने 15 से 20 साल के पीरियड में लॉन्ग टर्म एनवायरनमेंट इंपैक्ट को लेकर हर्ट फेलियर की जांच की। डेनमार्क में महिला नर्सों पर हुए शोध में एयर पॉल्यूशन और रोड ट्रैफिक हर्ट फेलियर की मुख्य वजह पाया गया। बता दें कि शोध में जिन महिलाओं को लिया गया था उनकी उम्र 44 वर्ष और उससे अधिक थी। प्रतिभागियों को 1993 और 1999 में भर्ती किया गया था और जब उन्होंने नामांकन किया, तो हर महिला ने बॉडी मास इंडेक्स, लाइफस्टाइल फैक्टर जैसे धूम्रपान, शराब का सेवन, शारीरिक गतिविधि और आहार संबंधी आदतों के अलावा अपनी मेडिकल कंडीशन के बारे में भी पूरी जानकारी दी थी। इन सभी प्रतिभागियों को डेनिश नेशनल पेशेंट रजिस्टर से लिंक करने के 20 साल के बाद हार्ट फेलियर के बारे में पता चला जिनका बाद में इलाज भी हुआ और इसके रिकॉर्ड भी हैं।

## दिल के लिए ज्यादा खतरनाक है वायु प्रदूषण

डेनमार्क स्थिति कोपेहेगन यूनिवर्सिटी के एनवायरनमेंट डिपार्टमेंट से जुड़े असिस्टेंट प्रोफेसर और शोध को लीड करने वाले ऑथर ने कहा कि स्टडी में पाया गया है कि तीन वर्षों में रोड ट्रैफिक का शोर 12 फीसदी हार्ट फेलियर के खतरे का कारण बना। उन्होंने आगे कहा, हम आश्चर्यचकित थे कि कैसे दो पर्यावरणीय कारक - वायु प्रदूषण और सड़क यातायात शोर ने एक साथ हृदय गति रुकने का जोखिम बढ़ा दिया है। शोध में पता चला है कि रोड ट्रैफिक की तुलना में एयर पॉल्युशन हर्ट फेलियर के खतरे की मजबूत वजह बना। हालांकि, इन हर्ट फेलियर वाली 30 प्रतिशत नर्सों में हाई ब्लड प्रेशर की भी समस्या थी।

## सांस लेने में तकलीफ

वायु प्रदूषण की वजह से बुजर्ग लोगों को भी कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। एयर पॉल्युशन के कारण बुजुर्गों के शरीर के कई अंग धीमी गति से कार्य करते हैं और इसी तरह का हाल फेफड़ों का रहता है। क्योंकि लंग्स प्रदूषित हवा को सही तरीके से फिल्टर नहीं कर पाते हैं जिस वजह से उन्हें सांस लेने में दिक्कत आती है।

## आंखों में परेशानी

वायु प्रदूषण के चलते कई बार बच्चों से लेकर बुजुर्गों की आंखों में भी दिक्कतें आती हैं। दूषिक हवा के कण हमारी आंखों में एलर्जी पैदा करने लगते है जिससे कई बार हमें आस-पास की चीजें साफ नहीं दिखती हैं। साथ ही धूल मिट्टी से आंखों में खुजली भी होती है।

## सेहत संबंधी दिक्कतें

बुजुर्गों का इम्यून सिस्टम बहुत कमजोर होता है जिसकी वजह से उनको वायू प्रदूषण और रोड ट्रैफिक से उनका दम घुटने लगता है। वे इस वातावरण को आसानी से हैंडल नहीं कर पाते। इसके चलते कई दफा, छींकआना, छाती में जलन, स्किन डिजीज, फेफड़ों के संक्रमण और गले में खराश जैसी कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।



# साइलेंट किलर है तनाव, इसे गंभीरता से लेना है बहुत जरूरी

**मेंटल हेल्थ एक पुराना विषय रहा है, लेकिन अब कोरोना के बाद यह और ज्यादा घातक हो गया है। अब इसे गंभीरता से लेकर इस पर बात करना जरूरी है। कोरोना ने कई तरह के मानसिक रोगों को जन्म दिया है**

आज के दौर में हर शख्स अपनी जिंदगी में स्ट्रेस से गुजरता है। स्ट्रेस को आजकल एक कॉमन परेशानी के रूप में देखा जाता है और यही सबसे बड़ी गलती है। 2020 में आए कोविड 19 ने सोशल और इकोनॉमिक तौर पर काफी बदलाव लाया है। लाखों लोगों ने अपनी जिंदगी गवां दी, यहां तक की एक दूसरे से मिलना-जुलना भी दूभर हो गया था। आज जहां 2021 में कोविड 19 को 2 साल हो गए हैं और आज भी मानव जाति इस विपदा से उबरने की कोशिश में है। कई देश आज भी इस वायरस के नए स्ट्रेन से लड़ रहे हैं। वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाइजेशन ने ये चेतावनी जारी की है कि कोरोनावायरस का मेंटल हेल्थ पर काफी लंबे समय तक असर होता रहेगा। आज लोगों में एंजाइटी, स्ट्रेस, डिप्रेशन जैसी कई समस्या बहुत हद तक बढ़ चुकी हैं। इस पैंडेमिक के दौरान मेंटल हेल्थ पर गहरा असर पड़ा है। 2020 में माइसेंसी द्वारा एक सर्वे के आधार पर ट्ट्क के 75 प्रतिशत और एशिया के 33 प्रतिशत एम्प्लॉय में बर्न आउट के लक्षण दिखे हैं। यूरोपियन देशों में भी पैंडेमिक फैटिग के लेवल में बढ़ोतरी हुई है। जिन लोगों ने अपनी मेंटल हेल्थ को बहुत खराब रेट दिया है, उनकी मात्रा पैंडेमिक आने के बाद तीन गुना बढ़ गई है। ओरेकल और वर्क प्लेस इंटेलिजेंस जैसी कंपनियों द्वारा एक हालिया सर्वे जिसमें 11 देशों के 12000 लोगों ने भाग लिया ये दर्शाता है कि मैनेजमेंट एक्जीक्यूटिव में एम्प्लॉय के बदले ज्यादा मेंटल हेल्थ इश्यूज पाए गए हैं। 53% ने माना की उन्हें मेंटल हेल्थ इश्यूज पैंडेमिक के शुरू होते ही शुरू हो गए थे। इसी कड़ी में 5 में से 4 मैनेजमेंट एक्जीक्यूटिव यानी लगभग 85% ने माना कि उन्हें काम को पूरा करने में दिक्कत आई। इसके कुछ कारण हैं जैसे घर से काम करने के दौरान नई तकनीक को समझने और उसका उपयोग करने में परेशानी और दूसरा यह कि ऑफिस के माहौल से दूर साथ बैठकर काम करने और कोलेबरेट करने की जगह घर से काम करना।

## क्या कहती है रिपोर्ट?

इस कड़ी में लगभग 39% लोगों को घर से वर्चुअली काम करने में दिक्कत आई। वहीं 34% को वर्क कल्चर के ना होने की कमी खली। वहीं 29% लोगों को नई तकनीकों को समझने में दिक्कत का सामना करना पड़ा। जहां एक तरफ कंपनी के सीनियर अधिकारी वर्कप्लेस पर मेंटल हेल्थ और हेल्थी वर्क कल्चर को बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं, वहीं आज भी मेंटल हेल्थ को एक स्टीरियोटाइप के तौर पर देखा जाता है। कंपनी में ओपन कम्युनिकेशन और सपोर्ट की कमी खलती है। कंपनी के लीडर को अपने स्टॉफ को न सिर्फ इंस्पायर करना चाहिए ताकि वे अपनी बात को खुलकर शेयर कर सकें, बल्कि उन्हें इंस्पायर भी करना चाहिए। जरूरत पड़ने पर वे कोच या थेरेपिस्ट से मदद भी ले सकें। विशेषज्ञ कहते हैं कि किसी भी तरह की हेल्थ प्रॉब्लम को इग्नौर नहीं करना है, अगर तनाव से संबंधी कोई भी लक्षण नजर आता है तो तत्काल डॉक्टर से मिलना है। इसे हल्के में बिल्कुल नहीं ले सकते।



# जान भी ले सकती है लौकी

लौकी का सेवन करना सेहत के लिए बहुत अच्छा है। इसे कई प्रकार से खा सकते हैं। सब्जी, जूस, खीर, कलाकंद, पराठे सहित अन्य तरीकों से इसका सेवन किया जा सकता है। इसका सेवन करने से कब्ज और गैस की समस्या में राहत मितली है। इसमें विटामिन ए, विटामिन सी, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम,

कड़वी लौकी का सेवन करने से आपकी जान पर बात बन सकती

नौबत आ जाती है। इसलिए भूलकर भी कड़वी लौकी का सेवन नही करें। लौकी का जूस बनाने से पहले इसे जरूर टेस्ट करें। अगर वह कड़वी लगती है तो इसका सेवन नहीं करें। कड़वी विषैली लौकी का सेवन करने के नुकसान- बेचैनी, घबराहट, ब्लड प्रेशर की समस्या, उल्टी होने लगती है। ऐसे में तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। कई बार अंगों पर भी इसका असर पड़ सकता है। ऐसे में अंग फैल भी हो सकते हैं। इसलिए भूलकर भी लौकी को टेस्ट किए बिना इसका प्रयोग नही करें। कड़वी लौकी की पहचान उसे चखकर की जा सकती है। बता दें कि इसे पकाने पर भी कड़वापन खत्म नहीं होगा। कड़वी लगने

डिफेंस सिस्टम विकसित कर लेती है। जिससे उसमें केमिकल विकसित हो जाता है। तो कई बार तापमान कम ज्यादा होने पर भी यह बदलाव होने लगते हैं। इतना ही नहीं पर्याप्त पानी नहीं मिलने पर भी ऐसा हो सकता है।

जानकारी

# गोरी-गोरी त्वचा पाने के लिए उबटन

आपने अक्सर देखा होगा की कई बार अपने चेहरे को गोरा करने के लिए हम उबटन ट्राई कर सकते हैं लेकिन उबटन का मतलब केवल बेसन और चंदन ही नहीं है, इसलिए आइए जानते हैं ऐसे उबटन के बारे में जिन्हे अगर आप अगर चेहरे पर लगाती है तो ये चेहरे को गोरा और साफ बनाने में काफी ज्यादा मददगार है-

सबसे पहला नंबर आता है मलाई और बादाम के पाउडर का मलाई के अंदर बादाम के पाउडर को अच्छे तरीके से मिला कर चेहरे पर लगाने से ये चेहरे को साफ करके चेहरे को गोरा बनाने में काफी ज्यादा मदद करता है। आप चाहे तो अपने चेहरे पर मेश्ड और ग्लिसरीन मिलाकर लगा सकते है। चेहरे को रेडिएंट बनाने के लिए ये काफी ज्यादा अच्छा माना जाता है अगर आपकी स्किन बहुत ज्यादा ड्राई है तो उसे मोस्टर बनाने के लिए आप पक्के हुए केले को मेश करके अपने चेहरे पर लगाइए, ऐसा करने से चेहरे पर नमी आती है और चेहरे का रंग भी साफ होता है। अगर आप इसका इस्तेमाल करना चाहती है तो जैतून के तेल बादाम के तेल का इस्तेमाल करिए जैतून के तेल के अंदर एंटीऑक्सीडेंट तत्व की भरमार होती है।

बादाम के अंदर **विटामिन ई** तेल की भरमार होती है इसी के साथ साथ इन दोनों को मिलाकर चेहरे पर मसाज करने से संक्रमण तो दूर होता है ही लेकिन चेहरे में चमक भी आती है, अगर आपके चेहरे पर टमाटर से बना हुआ फेस पैक भी लगा सकते है। टमाटर के गूदे को अच्छे तरीके से मेश करके अपने चेहरे पर लगाइए ऐसा करने से टेनिंग भी दूर होगी और चेहरा गोरा और साफ भी बनेगा आप चाहे तो नींबू और गिलीसरीन का फेस पैक भी अपने चेहरे पर लगा सकते हैं, ये चेहरे के कालेपन को दूर करके चेहरे को सॉफ्ट बनाने में काफी मदद करते हैं। एक नींबू के रस के अंदर आधा चम्मच गिलीसरीन मिलाकर अपने चेहरे पर मसाज करिए और सूखने के बाद वॉश कर दीजिए, ये आपके चेहरे को साफ और रेडियंट बनाने में आपकी मदद करेगा। इन सारे फेस पैक को ट्राई करिए ताकि आपका चेहरा ग्लोइंग बन सके।



# फिट चेहरे के लिए जरूर आजमाएं योग



इन पांच योगासन से सुंदर भी दिखेंगे

चेहरे को खूबसूरत और शरीर को चुस्त-तंदुरुस्त बनाने के लिए आपने कई क्रीम और तरीके अपनाए होंगे। आइए आज आपको बताएं पांच ऐसे आसन जो आपके चेहरे को कुदरती खूबसूरती से दमकता हुआ बना देंगे। दरअसल चेहरा शरीर का वह अंग होता है, जिस पर ही सामने वाले व्यक्ति की पहली नजर पड़ती है और अंग्रेजी में कहावत है ही, 'फर्स्ट इम्प्रेशन इज लास्ट इम्प्रेशन।' तो तैयार हो जाइए अपने स्लिम ट्रिम चेहरे की छाप छोड़ने को।

चेहरे की त्वचा बहुत कोमल होती है और उम्र, तनाव, खराब जीवनशैली के साथ-साथ मौसम का असर भी इस पर जाहिर हो जाता है। चेहरे के कुछ आसन हैं जो करने में तो आसान हैं ही यह चेहरे को नई चमक देने के लिए रामबाण उपाय की तरह हैं-

### 1. जीव बंध (लॉक्ड टंग पोज)

- पद्मासन में बैठ जाइए (पालथी मारकर बैठें ताकि एड़ियां विपरीत घुटने पर हों), अपने हाथों को गोद में रखिए।
- अपनी जीभ को अंदर की ओर मोड़ते हुए जीभ के आगे के भाग से तालू को छूने की कोशिश करें।
- धीरे-धीरे अपना मुंह जितना खुल सकता हो खोलें
- नाक से सामान्य रूप से सांस लेते हुए गले और ठोड़ी के बीच के तनाव पर ध्यान एकाग्र करें।
- इस स्थिति में एक मिनट रहें। अगर आप असहज महसूस करते हैं तो किसी भी वक्त रुककर, आराम कर फिर इसे करने की कोशिश करें।
- लॉक्ड टंग पोज आपके चेहरे की मांसपेशियों के अलावा आपके जबड़े को तराशता है।

### 2. माउथवॉश तकनीक

- पद्मासन में बैठें और अपने हाथों को घुटने पर रखें
- अपने मुंह में जितनी संभव हो हवा भर लें।
- मुंह में हवा को एक तरफ करें फिर दूसरी तरफ, ठीक माउथवॉश की तरह।
- एक मिनट तक यह सिलसिला कायम रखें।
- आराम कीजिए और इसे 8 बार दोहराइए।
- माउथवॉश तकनीक से आपके गालों की हड्डियां मजबूत होती हैं।
- यह डबल चिन को समाप्त करने में मदद करती है।

### 3. फिश फेस

- क्या आपने कभी मछली का चेहरा ध्यान से देखा है? आपको बस उसी की नकल करना है।
- अपने गालों व होठों के किनारों को अंदर की ओर खींचे।
- इस स्थिति में ही मुस्कुराने की कोशिश करें।
- अपने गालों और जबड़ों में खिंचाव को महसूस करें।
- आराम करें और इसे 8 बार दोहराएं।
- यह आपके गालों को दिलकश आकार देकर आपके चेहरे को और स्लिम बना देगा।

### 4. चिन लिफ्ट

- पालथी मारकर आराम से बैठें।
- अपने सिर को जितना पीछे ले जा सकें ले जाएं।
- सीधे छत की तरह देखें।
- अपने चेहरे को कसें और होठों को ऐसे बाहर की ओर निकालें मानो छत को चूमने की कोशिश कर रहे हों।
- इसी मुद्रा में एक मिनट तक रहें और चेहरे और गले की मांसपेशियों में तनाव महसूस करें।
- आराम करें और इसे 8 बार दोहराएं।
- पूरे चेहरे के लिए यह एक बेहतरीन एक्सरसाइज है।
- जबड़े, गले और गर्दन की मांसपेशियों को स्वस्थ बनाती है।
- डबल चिन को कम करने में भी मददगार होती है।

### 5. सिंहासन (लॉयन पोज)

- घुटनों के बल बैठ जाएं, घुटनों के बीच कुछ दूरी बनाकर रखें।
- दायां टखना, बाएं टखने के पीछे रखकर एड़ियों को कूल्हों के बीचोंबीच टिका दें।
- अपनी हथेलियों को घुटनों पर रखें और कुछ दबाव डालें।
- लंबी सांस लें और अपनी जीभ को गालों की तरफ बाहर निकालें।
- अपने गले की मांसपेशियों को खींचें।
- सांस को बाहर छोड़ते हुए सिंह की दहाड़ की तरह आवाज निकालें।
- इस दौरान अपना ध्यान भौहों के बीच रखें।
- आराम करें, पैरों की स्थिति बदलें और 8 बार दोहराएं।
- चेहरे की मांसपेशियों के लिए सबसे बेहतरीन आसन।
- गालों, गले की मांसपेशियों और आंखों के इर्द-गिर्द के हिस्से को स्वस्थ करके रंगत प्रदान करता है।
- सारे आसन हो जाने के बाद शवासन करें। बेहतर और तेजी से परिणाम पाने के लिए चेहरे के इन योगासनों को रोज करें।



सेहत



# उड़द की दाल के फेस पर लगाने के भी हैं कई फायदे

## स्क्रब की तरह काम करता है इसका फेस पैक

उड़द की दाल (Urad Dal) तो आपने खाई ही होगी। यह दाल स्वास्थ्य के लिए ही फायदेमंद होती है ये तो सबको पता ही होगा लेकिन यह हमारे चेहरे के लिए बड़ी लाभकारी होती है यह बात शायद आप नहीं जानते होंगे। अगर आप चेहरे (Face) पर लगाने के लिए किसी तरह का घरेलू फेस पैक ढूंढ रही हैं तो आपको अपने किचन में रखी उड़द की दाल का प्रयोग करना चाहिए।


उड़द की दाल का फेस पैक स्क्रब की तरह काम करता है जो चेहरे की डेड स्कीन को निकाल कर चेहरे पर ग्लो लाता है। यही नहीं इसे लगाने से आपके चेहरे की रंगत भी बदल जाएगी। यदि आप बिना खर्चे के घर पर ही फेस पैक बनाना चाहती हैं तो आप उड़द की दाल का यह फेस पैक जरूर ट्राई करें

### रूखी त्वचा के लिए फेस पैक बनाने के लिए

दो बड़े चम्मच उड़द दाल को रातभर के लिए पानी में भिगो दें। फिर इसको सुबह पीस कर इसमें कच्चा दूध मिलाएं। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट के बाद इसे पानी से धो लें।

### चेहरे के अनचाहे बालों को हटाने के लिए

दो चम्मच उड़द दाल के पावडर में 2 चम्मच संतरे का रस और 2 चम्मच चंदन पाउडर मिला कर पेस्ट तैयार करें। इस पेस्ट में आप गुलाबजल या दूध भी मिक्स कर सकती हैं। इस पैक को चेहरे पर लगा कर 10 मिनट रुककर बाद में चेहरे को ठंडे पानी से धो लें।



### टैन रिमूव करने के लिए

दो चम्मच उड़द दाल को पानी में भिगो कर सुबह पीस लें। फिर उसमें 2 चम्मच दही मिला कर पैक तैयार करें। इस पैक को चेहरे पर लगा कर 10 मिनट रखें और बाद में ठंडे पानी से धो लें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): बुद्धि व धन का दुरूपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी। शुभांक-3-5-7

## काकुरो पहेली - 2623




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 2622 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

कई युवतियों को तंग कर चुका एक युवा अपने कॉलेज के लाइब्रेरियन के पास पहुँचा और बोला- क्या आप मुझे आत्महत्या पर कोई किताब दे सकते हैं। मैं शीघ्र ही आपको वापस कर दूँगा।

लाइब्रेरियन- नहीं दे सकता, आप लौटाएँगे नहीं।

□ □ □

एक व्यापारी को दूसरे व्यापारी से पैसे लेने थे, लेकिन पहले व्यापारी के बार-बार माँगने के बावजूद उसे पैसे नहीं मिल रहे थे। हार कर उसने दूसरे व्यापारी को एक पत्र भेजा। साथ में अपनी बेटी का फोटो भी भेजा।

पत्र में लिखा था- मुझे इस बच्ची की खातिर पैसे चाहिए।

□ □ □

एक खूबसूरत युवती डॉक्टर के पास गई और बोली- डॉक्टर साहब! मेरी स्कीन बहुत ही सेनसेटिव है। मेरी स्कीन हमेशा गोरी-गोरी रहे इसके लिए मुझे क्या करना चाहिए?

डॉक्टर साहब- अपने दरवाजे की कुंडी हमेशा लगाकर रखनी चाहिए।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली - 2623



**बायें से दायें:-**

१. जैकी श्रॉफ, माधुरी की 'सात सुरों के तार' गीत वाली फिल्म-३
३. 'चांदी की साइकल' गीत वाली गोविंदा, जूही चावला की फिल्म-२
५. अक्षय, करिश्मा की 'गोरी कँवारी सी हसीना का' गीत वाली फिल्म-३
७. नसीरूद्दीनशाह, जैकी, नगमा, शिल्पा की एक फिल्म-२
८. फिल्म 'जाल' की नायिका कौन थी-२
९. 'आयेगा आनेवाला' गीत वाली अशोककुमार, मधुबाला की फिल्म-३
१०. फिल्म 'हीरा पन्ना' में देव आनंद के किरदार का नाम क्या था-२
११. 'दिल क्यों धड़कता है' गीत वाली राहुलराय, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१३. जैकी श्राफ, डिम्पल की 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली फिल्म-२
१५. दक्षिण की फिल्म 'थेवर मगन' किस भाषा में बनी थी ?-३
१७. 'वीरू' 'जय' और 'बसंती' आदि किस सुपर हिट फिल्म के पात्र हैं-२
१८. 'दिल है प्यारे जरा' गीत वाली फिल्म-२
१९. फिल्म 'अनकही' के गीत 'आँखों में अनजाने' का गायक कौन है-२
२०. 'आते आते तेरी याद' गीत वाली संजयदत्त, अनिता की फिल्म-२,१,२
२२. अमिताभ, जीनत की 'जिसका मुझे था इंतजार' गीत वाली फिल्म-२
२३. फिल्म 'सलाखें' में नायक कौन था-२
२५. 'क्यूं आँचल हमारा गिरा' गीत वाली अक्षयकुमार, रवीना की फिल्म-२
२६. गीत 'दिल के अरमां आँसुओं में' की गायिका कौन है-३
२८. 'काट दिये नाम सब' गीत वाली फिल्म-३
२९. फिल्म 'रॉकी' की नायिका कौन थी-२
३०. जीतेंद्र, जयाप्रदा की 'आईने के सौ टुकड़ें' गीत वाली फिल्म-१
३१. 'सजना के सामने मैं तो गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. अजय देवगन, आयशा जुल्का, करिश्मा कपूर की 'बेशक तुम मेरी मुहब्बत हो' गीत वाली फिल्म-३
२. 'मेरी छतरी के नीचे आजा' गीत वाली धर्मेन्द्र, आदित्य, नसीरूद्दीन शाह, सोनू वालिया, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
४. अशोक, प्रदीप, मीना कुमारी की 'दिल जो कह न सका' गीत वाली फिल्म-२,२
६. 'एक तो ये बैरी सावन' गीत वाली दिलीपकुमार, शर्मिला की फिल्म-३
११. विश्वजीत, माला की 'रोकना है अगर रोक लीजे मगर' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'मुर्गी ने झूठ बोला' गीत वाली किशोरकुमार, साधना की फिल्म-४
१४. कंवलजीत, वहीदा की 'तुम अपना रंजोगम' गीत वाली फिल्म-३
१६. फिल्म 'गुरू' में नायक कौन था-३
१७. मनोजकुमार, नंदा, जया की 'पानी रे पानी तेरा रंग कैसा' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'सावन बरसता है तुझसे मिलने को' गीत वाली मिथुन, मीनाक्षी की फिल्म-४
२०. जीतेंद्र, रीना राय की 'तेरे हाथों में पहनाके चूड़ियां' गीत वाली फिल्म-२,३
२१. आँखों के रस्ते दिल में' गीत वाली बॉबी देओल, रानी की फिल्म-३
२४. अमिताभ, हेमा मालिनी की 'हो जाता है प्यार' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'पानी पानी रे खारे पानी रे' गीत वाली चंद्रचूड़सिंह, अरशद वारसी, रवि गोसाई, तब्बू की फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली - 2622



## सूडोकु -2623


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -2622 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

## शब्द पहेली - 2623



**बाएँ से दाएँ**

1. हाईकमान-5
4. बुशर्ट,शर्ट-3
6. लाख,गोंद-2
7. प्रतिज्ञा-3
8. मां का भाई-2
10. धनवान,रईस-3
11. मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14. जिज्ञासा,उत्साह-3
16. अनगिनत-4
17. वर्ष,बरस-2
18. लय,स्वर-2
19. गदर,बलवा-4
21. ईर्ष्या-3
22. गरुर,घमंड-4
24. राजा,सम्राट-3
25. पानी से सराबोर-2
27. व्यर्थ,फिजूल-3
28. चतुर्थ,चौथा-2
29. बहने का भाव-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1. आरामदायी-5
2. एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3. सेवा शुल्क-4
4. अभिव्यक्ति-3
5. बचत,जोड़-2
7. वहम-2
9. स्वामी-3
12. प्रवेश-3
13. धरोहर,थाती-4
15. तरंग,हिलोर-3
16. निरंकुश,मुंहजोर-4
17. किनारा,तट
18. कामधेनू, सुगंध-3
20. नुकसानदेह-5
21. दुनिया,जग-3
22. कहासुनी-4
23. चयन-3
24. चट्टान,शिला (अंग्रेजी-2)
26. ईश्वर,भगवान-2
28. प्रेम,लगन-2

शब्द पहेली -2622 का हल



## भारत से 20 छात्र सकुरा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जापान रवाना

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय का स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग 20-26 अक्टूबर तक 5 अन्य देशों के साथ सकुरा कार्यक्रम 2024 में भाग लेने के लिए 20 स्कूली छात्रों और 2 पर्यवेक्षकों को जापान भेज रहा है। बच्चों को स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा सीआईईटी-एनसीईआरटी में आयोजित एक समारोह में साक्षरता विभाग के उप सचिव चरणजीत तनेजा, सीआईईटी-एनसीईआरटी के संयुक्त निदेशक डॉ अमरेंद्र प्रसाद बेहरा और नवोदय विद्यालय की उपायुक्त कीर्ति पंवार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम में जापान विज्ञान और प्रौद्योगिकी एजेंसी के प्रबंधक केमोची युकिओ और स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग-शिक्षा मंत्रालय के अधिकारी भी शामिल हुए। ये 20 छात्र (10 लड़के और 10 लड़कियां) नवोदय विद्यालयों से हैं और देश भर से प्रेरणा कार्यक्रम के पूर्व छात्र हैं। उल्लेखनीय है कि युवा शिक्षार्थियों के बीच बौद्धिक क्षितिज और वैज्ञानिक अन्वेषण को विकसित करने के लिए, जापान विज्ञान और प्रौद्योगिकी एजेंसी (जेएसटी) 2014 से जापान-एशिया युवा विज्ञान विनिमय कार्यक्रम को लागू कर रही है, जिसे सकुरा विज्ञान कार्यक्रम के रूप में भी जाना जाता है। भारत को 2015 में सकुरा कार्यक्रम में जोड़ा गया था। छात्रों को कार्यक्रम के तहत जापान की अल्पकालिक यात्राओं के लिए आमंत्रित किया जाता है, जिससे उन्हें जापान के अत्याधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी के साथ-साथ इसकी संस्कृति का अनुभव करने का अवसर मिलता है।

## लुमडिंग में संपर्क क्रांति एक्सप्रेस से इंजन हुआ अलग

**गुवाहाटी।** पूर्वोत्तर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस का इंजन चलते समय ट्रेन के बाकी हिस्सों से अलग हो गया। जानकारी के अनुसार, इंजन डिब्बों से अलग हो गया, जिससे डिब्बे ट्रैक पर ही रह गए और इंजन आगे बढ़ गया। अचानक इंजन के अलग होने से यात्री दहशत में हो गए। गाड़ी में सिलचर से दिल्ली तक के यात्री सवार थे। घटना के संदर्भ में पूछे जाने पर पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी के किशोर शर्मा ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि ऐसा नहीं था कि चलती हुई गाड़ी का इंजन गाड़ी से अलग हो गया था। उन्होंने कहा कि लुमडिंग जंक्शन पर गाड़ियों का लोको बदला जाता है। लोको बदले जाने के तुरंत बाद इंजन अलग हुआ। तुरंत ही इसे जोड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि इस कारण गाड़ी कुल 16 मिनट लेट हुई। यानी 16 मिनट के अंदर अटैच कर इसे फिर से रवाना कर दिया गया। उन्होंने कहा कि इस घटना को कुछ बढ़ा चढ़ाकर पेश किया जा रहा है। ज्ञात हो कि इंजन के अलग होने के बावजूद किसी भी प्रकार की दुर्घटना नहीं हुई। यह घटना लुमडिंग जंक्शन के पास हुई। इंजन अलग होते ही रेलवे अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई की। रेलवे अधिकारियों ने इंजन अलग होने की इस घटना को गंभीरता से लिया है और भविष्य में इससे सीख लेकर लेकल लोको बदलने में अतिरिक्त सावधानी बरती जाएगी।

## चुनाव एनडीए एक साथ लड़ेगा और सरकार भी बनाएगाः हिमंता बिस्वा सरमा

**रांची।** भाजपा के झारखंड प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि चुनाव एनडीए एक साथ लड़ेगा और सरकार भी बनाएगा। लोजपा के केंद्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान भी चुनाव में एनडीए के प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करेंगे। एनडीए एक साझा घोषणा पत्र लेकर जनता के पास जाएगा। हिमंता बिस्वा सरमा भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में एनडीए के सभी घटक मिलकर चुनाव लड़ने वाले हैं और जहां भी जरूरत होगी, वहां चिराग पासवान भी चुनाव प्रचार में आएंगे। कम समय में ही लोजपा (आर) ने राज्य में अपना संगठन अच्छे से खड़ा किया है। निश्चित तौर पर चुनाव में एनडीए गठबंधन सफल होकर सरकार बनाएगा। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कल ही झारखंड विधानसभा में एनडीए के घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग पर सहमति बनी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम सभी दल मिलकर राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव लड़ते हैं। यह भी तय हुआ है कि हम झारखंड में भी मिलकर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि हर एक विधानसभा सीट को जीतने के लिए चुनाव लड़ेंगे। पिछले 5 वर्षों से वर्तमान सरकार ने झारखंड के लोगों को धोखा दिया है। लूटा है। इससे झारखंड के लोगों को मुक्ति दिलानी है। झारखंड में बेहतर सरकार बनानी है। झारखंड के मजबूत होने पर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश भी मजबूत होगा।

## संविधान पर हो रहे चौतरफा हमले, सम्मान के साथ रक्षा की जरूरतः राहुल गांधी

**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि आज की सच्चाई है कि संविधान के रक्षा की जरूरत है। सिर्फ संविधान का सम्मान करने से नहीं होगा। चारों तरफ से संविधान पर आक्रमण हो रहा है। सिर्फ एक-दो व्यक्ति नहीं, बल्कि अलग-अलग शक्तियां इस पर हमला कर रही हैं। इनका लक्ष्य है संविधान खत्म हो जाये या फिर खोखला बना दिया जाये। गांधी डोरंडा के शौर्य सभागार में सिविल सोसाइटी सहित समाज के सभी वर्गों के साथ संविधान बचाओ सम्मेलन में बोल रहे थे। राहुल गांधी ने संविधान की प्रति दिखाते हुए कहा कि इसको खोखला किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसको लागू तो 1950 में किया गया लेकिन यह समझना जरूरी है कि इसको लागू करने के पीछे सोच हजारों साल पुरानी है। यह भगवान महावीर, भगवान बुद्ध, गुरुनानक समेत उन महापुरुषों की सोच का नतीजा है ।

# वायनाड से प्रियंका गांधी के खिलाफ भाजपा ने नव्या हरिदास को बनाया है उम्मीदवार

**एजेंसी**
**वायनाड।** भाजपा ने केरल के वायनाड में लोकसभा उपचुनाव के लिए नव्या हरिदास को मैदान में उतारा है, जहां वह कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के खिलाफ चुनाव लड़ेंगी। नव्या हरिदास भाजपा महिला मोर्चा की राज्य महासचिव हैं। वह कोझिकोड निगम में दो बार पार्षद रह चुकी हैं और निगम में भाजपा संसदीय दल की नेता हैं।

वह 2021 में पिछले विधानसभा चुनाव में कोडोकोड दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के बैनर तले चुनावी मैदान में उतरी थीं, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। नव्या हरिदास पेशे से मैकेनिकल इंजीनियर रही हैं। उन्होंने साल 2007 में केएमसीटी इंजीनियरिंग कॉलेज, कालीकट विश्वविद्यालय से बी.टेक की डिग्री





प्राप्त की है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के अनुसार, नव्या पर कोई आपराधिक मामला नहीं है और उनके पास 1,29,56,264 रुपये की संपत्ति है। एडीआर के अनुसार, उन पर 1,64,978 रुपये की कुल देनदारी भी है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा इस साल हुए लोकसभा चुनाव में वायनाड सीट पर जीत हासिल करने के बाद उसे छोड़ने और उत्तर प्रदेश में रायबरेली सीट को बरकरार रखने के बाद यह खाली हुई थी। केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर उपचुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में प्रियंका गांधी के नाम की आधिकारिक घोषणा हो चुकी है। प्रियंका गांधी वाड्रा 1999 से सक्रिय राजनीति में हैं, लेकिन वह खुद पहली बार चुनावी मैदान में उतर रही हैं। शुरुआत में उन्होंने अमेठी में अपनी मां सोनिया गांधी के लिए प्रचार किया था। उनके भाई राहुल गांधी का वायनाड से गहरा भावनात्मक जुड़ाव है। जहां उन्होंने 2019 के चुनावों के दौरान अपने गढ़ अमेठी में भाजपा नेता स्मृति ईरानी से हारने के बाद जीत हासिल की थी। इसके बाद वायनाड गांधी परिवार के लिए एक महत्वपूर्ण निर्वाचन क्षेत्र बन गया । वायनाड लोकसभा सीट पर नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 25 अक्टूबर है। उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख 30 अक्टूबर है।

## एनआईए ने बीजापुर के पालनार गांव में की छापेमारी




**एजेंसी**
**रायपुर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बीजापुर के गंगालूर थाना क्षेत्र स्थित पालनार गांव में छापेमारी की है। एनआईए की टीम ने व्यापक तलाशी के दौरान कई मोबाइल फोन, सिम कार्ड और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए हैं। बीजापुर पुलिस की मदद से एनआईए टीम आज सुबह 4 बजे पालनार पहुंची थी। एनआईए द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि यह तलाशी पालनार से दिनेश ताती नामक व्यक्ति की गिरफ्तारी से जुड़े मामले में की गई। ज्ञात हो कि माओवादियों की मदद करने वाले ताती को जून 2023 में बीजापुर पुलिस ने गिरफ्तार किया था। बयान में कहा गया है कि पुलिस ने आरोपित के पास से 10 लाख रुपये नकद और अन्य चीजें जब्त की थीं। बीजापुर के पुलिस अधीक्षक डॉ जितेंद्र यादव ने आज कार्रवाई के बारे में बताया कि एक मामले पर एनआईए की टीम पालनार आई थी। सर्चिंग में हमने उनकी मदद की थी लेकिन इस मामले में हमारे पास अधिक जानकारी नहीं है।

# सिकंदराबाद मंदिर में विरोध प्रदर्शन हिंसक होने पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज

**एजेंसी**
**हैदराबाद।** सिकंदराबाद स्थित मुथ्यालम्मा मंदिर के निकट तनाव बढ़ता नजर आ रहा है। क्योंकि मंदिर में हाल ही में हुई तोड़फोड़ के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे कुछ लोगों के हिंसक हो जाने के बाद पुलिस ने लाठीचार्ज किया। मंदिर में हाल ही में हुई तोड़फोड़ की निंदा करने के लिए कुछ दक्षिणपंथी समूहों द्वारा आहूत विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई इस घटना में कुछ पुलिसकर्मी और प्रदर्शनकारी घायल हो गए।

मंदिरों पर हमलों के विरोध में बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने तेलंगाना बंद का आह्वान किया था। प्रदर्शनकारियों का एक समूह मंदिर के सामने धरने पर बैठ गया और मांग की कि हमले में शामिल व्यक्ति को उनके हवाले किया जाए। उपद्रव तब शुरू हुआ, जब कुछ प्रदर्शनकारियों ने पानी की बोतलें और पत्थर फेंके, इससे कुछ पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने जवाब में लाठीचार्ज किया। इस बीच, भाजपा ने पुलिस लाठीचार्ज की निंदा की है। इसके विधायक राजा सिंह ने मंदिर में 'शांतिपूर्ण' तरीके से प्रदर्शन कर रहे हिंदुओं पर किए लाठीचार्ज के लिए जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की। बता दें कि 14 अक्टूबर को एक व्यक्ति मंदिर में



घुस आया और मंदिर की मुख्य मूर्ति को अपवित्र कर दिया। स्थानीय लोगों ने उस व्यक्ति को पकड़ लिया, उसकी पिटाई की और बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया। दो दिन बाद, पुलिस ने आरोपी की पहचान सलमान सलीम ठाकुर उर्फ सलमान के रूप में की, जो मुंबई के पास मुंब्रा का रहने वाला है। पुलिस जांच में पता चला कि 30 वर्षीय व्यक्ति इस महीने की शुरुआत में एक महीने तक चलने वाली व्यक्तित्व विकास कार्यशाला में भाग लेने के लिए हैदराबाद आया था। 14 अक्टूबर को सुबह करीब 4.30 बजे, वह मार्केट पुलिस स्टेशन की सीमा में कुम्मारगुडा स्थित श्री मुथ्यलम्मा मंदिर के गर्भगृह में घुस गया और मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया। मार्केट पुलिस स्टेशन में धारा 333, 331(4), 196, 298 और 299 बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार, सलमान हैदराबाद में इंग्लिश हाउस अकादमी द्वारा आयोजित व्यक्तित्व विकास कार्यशाला में भाग लेने के लिए आया था, जो होटल मेट्रोपोलिस, रेजिमेंटल बाजार, सिकंदराबाद में आयोजित की गई थी। पुलिस ने पाया कि होटल परिसर को शैक्षणिक पाठ्यक्रम चलाने के लिए अवैध रूप से किराए पर लिया गया था, जिसकी कोई औपचारिक अनुमति नहीं है। पुलिस ने कहा कि इसके लिए प्रबंधन के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# राजस्थान में दर्दनाक हादसाः स्लीपर कोच बस ने टेंपो को मारी टक्कर, 11-12 लोगों की मौत

**एजेंसी**
**धौलपुर।** एनएच 11बी पर रविवार को एक भीषण सड़क हादसे में 11-12 लोगों की मौत की सूचना मिल रही है। हादसा सुनीपुर गांव के पास उस समय हुआ जब एक स्लीपर कोच बस ने तेज रफ्तार में एक टेंपो को टक्कर मार दी। मृतकों में पांच बच्चे, तीन बच्चियां, दो महिलाएं और एक पुरुष बताए जा रहे हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह दर्दनाक हादसा उस वक्त हुआ जब टेंपो सवार लोग बरौली गांव में एक भात कार्यक्रम में शामिल होकर अपने घर, बाड़ी शहर के गुमट मोहल्ला, लौट रहे थे। अचानक सुनीपुर गांव के पास तेज रफ्तार स्लीपर कोच बस ने टेंपो को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो में सवार ज्यादातर लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतकों के शवों को बाड़ी अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। घटना के बाद पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया। सभी शवों को बाड़ी अस्पताल की मोर्चरी में भेजा गया है, जहां पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। दुर्घटना के बाद बस ड्राइवर मौके से फरार हो गया, और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि बस चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाया, जिसके कारण यह भीषण टक्कर हुई। पुलिस घटना की विस्तृत जांच कर रही है, ताकि हादसे के सही कारणों का पता चल सके और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।




इस हृदयविदारक हादसे ने पूरे क्षेत्र को शोक में डूबा दिया है। करवा चौथ वाले दिन मृतकों के परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। स्थानीय लोग और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचकर मृतकों के परिवारों को सांत्वना देने की कोशिश कर रहे हैं।

# बीजेपी ने सात उपचुनाव वाली सीटों में से छह उम्मीदवार घोषित किए : परिवारवाद और सहानुभूति का कार्ड खेला

**एजेंसी**
**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) द्वारा राजस्थान की 7 में से 6 सीटों पर उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा ने राजनीतिक हलकों में नई चर्चा छेड़ दी है। यह उपचुनाव सिर्फ सीटों के लिए नहीं, बल्कि राजनीतिक समीकरणों को साधने का भी प्रयास है, खासकर परिवारवाद और सहानुभूति कार्ड के खेल में बीजेपी के इस कदम को देखा जा रहा है।सबसे दिलचस्प फैसला दौसा सीट से किरोड़ी लाल मीणा के भाई जगमोहन मीणा को टिकट देना रहा। यह कदम साफ तौर पर किरोड़ी लाल की नाराजगी को दूर करने और उनके राजनीतिक दबदबे को मजबूत करने के लिए उठाया गया है। किरोड़ी लाल ने कुछ समय पहले इस्तीफा देने की धमकी दी थी, जिसे अब जगमोहन को टिकट देकर शांत करने का प्रयास किया गया है। यह राजनीतिक गणित भाजपा की ओर से अपने नेताओं के परिवारों को संतुष्ट करने के लिए दिख




| क्र० | | विधानसभा का नं० एवं नाम | उम्मीदवार का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | 27 | झुंझुनू Jhunjhunu | श्री राजेंद्र भांबू Shri Rajendra Bhambu |
| 2. | 67 | रामगढ़ Ramgarh | श्री सुखवंत सिंह Shri Sukhwant Singh |
| 3. | 88 | दौसा Dausa | श्री जगमोहन मीना Shri Jagmohan Meena |
| 4. | 97 | देवली-उनियारा Deoli-Uniara | श्री राजेंद्र गुर्जर Shri Rajendra Gurjar |
| 5. | 110 | खींवसर Khinwsar | श्री रेवंत राम डांगा Shri Revant Ram Danga |
| 6. | 156 | सलूंबर (अजजा) Salumber (ST) | श्रीमती शांता देवी मीना Smt. Shanta Devi Meena |

रहा है, जो कि पार्टी की पारिवारिक राजनीति विरोधी छवि के विपरीत है।

इस कदम से बीजेपी को किरोड़ी लाल के व्यापक प्रभाव वाले मीणा वोट बैंक को मजबूती से साधने का मौका मिला है। इसके अलावा, इससे पार्टी के भीतर की आपसी खींचतान को कम करने का प्रयास भी देखा जा सकता है।

**सलूंबर में सहानुभूति कार्ड**

सलूंबर सीट से शांता देवी को टिकट देकर बीजेपी ने सहानुभूति कार्ड खेला है। दिवंगत विधायक अमृतलाल मीणा की पत्नी शांता देवी को उम्मीदवार बनाकर बीजेपी ने मतदाताओं की भावनाओं को प्रभावित करने की कोशिश की है। यह कदम पिछली बार राजसमंद में किरण माहेश्वरी की बेटी दीप्ति माहेश्वरी की जीत से प्रेरित लगता है। हालांकि, शांता देवी का विवादित इतिहास, जिसमें फर्जी मार्कशीट से जुड़े मामले शामिल हैं, चुनावी दांव को चुनौतीपूर्ण बना सकता है। फिर भी, बीजेपी का यह दांव भावनात्मक वोट बैंक को साधने की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। बीजेपी ने 5 सीटों पर नए चेहरों को मौका देकर यह स्पष्ट कर दिया है कि पार्टी अपने अंदर बागी तेवरों को दबाने और युवा नेतृत्व को तरजीह देने के लिए तैयार है। देवली-उनियारा में कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के बेटे विजय बैंसला का टिकट काटकर पूर्व विधायक राजेंद्र गुर्जर को उम्मीदवार बनाना इस दिशा में एक ठोस कदम है। इससे यह संदेश जा रहा है कि बीजेपी पार्टी के भीतर किसी एक नेता या परिवार की पकड़ को कमजोर करते हुए व्यापक प्रतिनिधित्व का प्रयास कर रही है। खींवसर सीट पर रेवंतराम डांगा को एक बार फिर से मौका देना, हनुमान बेनीवाल के खिलाफ उनकी मजबूत चुनौती का परिणाम है। बीजेपी का यह कदम बताता है कि पार्टी उन प्रत्याशियों को मौका देना चाहती है जो प्रभावशाली तरीके से अपने प्रतिद्वंद्वियों का मुकाबला कर सकते हैं।

## परीक्षार्थियों को अब दो दिन पहले और दो दिन बाद तक मिलेगी रोडवेज में निःशुल्क यात्रा सुविधा






**एजेंसी**
**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार युवाओं के हित में निरंतर कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार आगामी समान पात्रता परीक्षा (सीनियर सेकेंडरी स्तर) में भाग लेने वाले परीक्षार्थियों को अब परीक्षा दिवस के दो दिन पूर्व एवं दो दिन बाद तक निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध करवायी जाएगी। उल्लेखनीय है कि राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की साधारण एवं द्रुतगामी बसों में राज्य की सीमा के अंदर निःशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान की जाएगी। साथ ही, परीक्षार्थी को अब निवास स्थल के साथ ही कोचिंग संस्थान अथवा तैयारी स्थल से परीक्षा केन्द्र तक निःशुल्क यात्रा की शिथिलता प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा परीक्षार्थियों के आवागमन में सहूलियत को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त बसों की भी व्यवस्था की गई है। इस निर्णय से युवाओं को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में सुगमता होने के साथ ही आर्थिक राहत मिल सकेगी।

## अंडमान-निकोबार में अगले 5 दिन तक भारी बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने आगामी पांच दिनों के लिए अंडमान निकोबार के लिए अलर्ट जारी किया है। बंगाल की खाड़ी में 21 अक्टूबर को साइक्लोनिक निम्न दवाब क्षेत्र बनने के चलते वहां तेज हवाएं और भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के महानिदेश धनंजय महापात्रा ने बताया कि 21 तारीख को अंडमान सागर में एक निम्न दवाबा का क्षेत्र बन रहा है। यह निम्न दवाब 23 तारीख को उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर चल कर एक अधिक निम्न दवाब में तब्दील हो सकता है। इसके प्रभाव में अंडमान सागर में 19-21 अक्टूबर तक 45 किमी. प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने और भारी बारिश की संभावना है। इसके बाद यह स्थिति 23 अक्टूबर तक बनी रहेगी। इसके प्रभाव में तटीय क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना है, इसलिए मछुआरों के साथ पर्यटकों को भी इन क्षेत्रों में न जाने की सलाह दी गयी है। महापात्रा ने बताया कि उत्तर बंगाल की खाड़ी में 23-25 अक्टूबर तक 60-70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है।

# मुडा मामले में शामिल सभी लोगों के पासपोर्ट जब्त किए जाएंः कर्नाटक भाजपा

**एजेंसी**
**बेंगलुरु ।** कर्नाटक भाजपा ने मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) मामले में शामिल सभी लोगों के पासपोर्ट जब्त करने की मांग की है। विधानसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) आर अशोक ने कहा, ÷प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण में हुए करोड़ों रुपये के घोटाले की जांच कर रहा है। ईडी के अधिकारियों ने मैसूर में मुडा कार्यालय और तालुक कार्यालय पर छापेमारी कर दस्तावेजों की जांच की और संबंधित अधिकारियों से पूछताछ की है। उन्होंने कहा, ईडी की जांच तेज होने के साथ ही मामला एक और महत्वपूर्ण चरण में पहुंच गया है। सत्ता के सर्वोच्च पदों पर बैठे लोग, उनके परिवार के सदस्य और वरिष्ठ अधिकारी इसमें शामिल हैं, इसलिए यह मामला गंभीर और संवेदनशील दोनों है। भाजपा नेता ने मांग की, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच के



लिए, मैं ईडी के निदेशक और कर्नाटक के डीजीपी से अपील करता हूं कि वे मामले में शामिल सभी अधिकारियों, आरोपियों और संभावित गवाहों के पासपोर्ट तुरंत जब्त करें। कर्नाटक लोकायुक्त और ईडी इस घोटाले की जांच कर रही है। याचिकाकर्ता स्नेहमयी कृष्णा पहले ही सीबीआई जांच की मांग को लेकर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटा चुके हैं। याचिकाकर्ता ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने लोकायुक्त अधिकारी नियुक्त किए हैं और वे मुख्यमंत्री और उनके परिवार के खिलाफ कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा पाएंगे। ईडी अधिकारियों ने रात 11 बजे तक मुडा कार्यालय में तलाशी और जांच की। इस दौरान अधिकारियों ने आयुक्त रघुनंदन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से भूमि स्वामित्व और मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को आवंटन से संबंधित मूल दस्तावेजों के बारे में पूछताछ की।

# योगी ने की प्रदेश में होने जा रहे उपचुनाव की रणनीति की समीक्षा

**एजेंसी**
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपमुख्यमंत्री, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जिला इकाइयों के प्रभारियों और पदाधिकारियों के साथ राज्य भर में नौ विधानसभा सीटों पर होने वाले आगामी उपचुनाव की रणनीति की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में चुनावी परिदृश्य और सभी सीटों पर जीत हासिल करने के उद्देश्य से लक्षित रणनीतियों के विकास पर गहन चर्चा की गई। योगी ने पार्टी के जिला प्रभारियों और पदाधिकारियों को विशिष्ट जिम्मेदारियां भी सौंपीं, जिसमें चुनावों से पहले एक सुसंगत और प्रभावी अभियान के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया। बैठक के दौरान योगी ने मंत्रियों और पदाधिकारियों के बीच मजबूत टीम वर्क की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने जोर दिया कि पार्टी नेताओं को आगामी उपचुनाव में अपनी जिम्मेदारियों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध होना चाहिए और कोई



कसर नहीं छोड़नी चाहिए।

योगी ने कहा कि इन उपचुनावों में जीत न केवल एक राजनीतिक उपलब्धि होगी, बल्कि जनता के विश्वास का भी प्रतीक होगी, उन्होंने सभी से निष्ठा और समर्पण के साथ काम करने का आग्रह किया।

उन्होंने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को उपचुनाव को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने का निर्देश दिया। इस बात पर जोर दिया कि हर सीट महत्वपूर्ण है और इस जमीनी स्तर पर सटीक प्रबंधन और निगरानी की जरूरत है।

उन्होंने नेताओं को अपने समुदायों में सक्रिय रहने और स्थानीय बैठकों के माध्यम से जनता से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया, जिन्हें 'चौपाल' के रूप में जाना जाता है। फिर उन्होंने पार्टी में अधिक विश्वास बनाने के लिए इन सभाओं में जनता के मुद्दों को समझने और संबोधित करने के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके अलावा योगी ने मंत्रियों और अधिकारियों को उन जिलों में अधिक समय बिताने का निर्देश दिया जहां उपचुनाव हो रहे हैं। उन्होंने स्थानीय निवासियों के साथ सीधा संवाद स्थापित करने, उनकी चिंताओं को सुनने और त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया। योगी ने स्थानीय जिला अधिकारियों के साथ समन्वय के माध्यम से चुनावी तैयारियों को बढ़ाने का आह्वान किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने भी पार्टी की तैयारियों की समीक्षा की और सभी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने घोषणा की कि पार्टी सभी नौ सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उपचुनाव में पूरी मजबूती के साथ उतरेगी।

# पेपर लीक का बड़ा खुलासा : एसओजी ने 30 स्थानों पर दबिश देकर 28 संदिग्धों को किया गिरफ्तार

**एजेंसी**
**जयपुर।** राजस्थान की धरती पर एक बार फिर से भ्रष्टाचार का काला खेल उजागर हुआ है, जब राजस्व अधिकारी ग्रेड-II और अधिशाषी अधिकारी वर्ग-IV (स्वायत्त शासन विभाग) की प्रतियोगी परीक्षा-2022 में पेपर लीक का मामला सामने आया। इस घोटाले में 28 टीमों ने समन्वय कर 30 स्थानों पर दबिश देकर कुल 28 संदिग्धों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार संदिग्धों में आधे दर्जन से ज्यादा सरकारी कर्मचारी शामिल हैं। यह सब तब शुरू हुआ जब राजस्थान लोक सेवा आयोग ने 14 मई 2023 को दो चरणों में परीक्षा का आयोजन किया। परीक्षा के बाद, जब आयोग ने अभ्यर्थियों की पात्रता जांच की, तो गड़बड़ियों के संकेत मिले। खासकर, खजवाना गांव के 6 अभ्यर्थियों की सामान्य जानकारी देखकर आयोग के अधिकारी चौंक गए। इस पर सचिव ने एसओजी को एक गोपनीय रिपोर्ट भेजी, जिसके बाद जांच का एक नया अध्याय शुरू हुआ। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, एटीएस एवं एसओजी, श्री वी.के. सिंह के निर्देशन में गठित जांच कमेटी ने तकनीकी विश्लेषण और फील्ड वेरिफिकेशन के माध्यम से यह पता लगाया कि तुलछाराम कालेर और उसके साथियों ने परीक्षा से पहले पेपर लीक कर दिया था। बताया जा रहा है कि अभ्यर्थियों को ब्लूटूथ के माध्यम से नकल करवाने की योजना बनाई गई थी। जांच में पता चला कि इस पेपर लीक में 15 ज्ञात और 8 अज्ञात अभ्यर्थियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। 28 टीमों ने समन्वय कर 30 स्थानों पर दबिश देकर कुल 28 संदिग्धों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार संदिग्धों में आधे दर्जन से ज्यादा सरकारी कर्मचारी शामिल हैं, जो यह दर्शाता है कि इस घोटाले में सिस्टम के भीतर की गंदगी कितनी गहरी है।जांच के दौरान डमी कंडीडेट के माध्यम से परीक्षा देने और फर्जी डिग्री के संबंध में भी शिकायतें मिली हैं। इस पूरे मामले में एक विशेष दल का गठन किया गया है, जो आगे की जांच करेगा। यह मामला केवल एक परीक्षा का नहीं, बल्कि एक ऐसे बड़े नेटवर्क का है जो सरकारी भर्ती परीक्षाओं को अपनी जद में ले चुका है। राजस्थान में चल रहे इस घोटाले ने एक बार फिर से इस सवाल को उठाया है कि क्या हमारी सरकारी प्रणाली में ऐसे भ्रष्टाचार के खिलाफ कोई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं यह मामला हमें याद दिलाता है कि अगर हम सचाई के साथ खड़े नहीं हुए, तो हमारा भविष्य भी संदेह के घेरे में रहेगा। इस बार प्रशासन ने सख्ती दिखाई है, लेकिन क्या यह एक स्थायी समाधान होगा

## दिव्य कला मेला दिव्यांगजनों के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण का माध्यमः डॉ वीरेन्द्र कुमार

**एजेंसी**
**जबलपुर।** दिव्यांगजनों द्वारा तैयार उत्पादों के प्रदर्शन के लिए जबलपुर में आयोजित देश के 21वें दिव्य कला मेला का केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार ने औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दिव्य कला मेला दिव्यांगजनों के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक सशक्तिकरण की दिशा में उठाया गया अनूठा कदम है। उन्होंने कहा कि संस्कारधानी जबलपुर के नागरिक बड़े दिल वाले हैं और मेले में आये दिव्यांगजनों को उनका भरपूर प्रोत्साहन और स्नेह मिलेगा। मेले में शामिल हो रहे प्रतिभागी संस्कारधानी की मधुर स्मृतियां लेकर यहां से जाएंगे।

दिव्य कला मेले के उद्घाटन समारोह में प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, विधायक अशोक रोहाणी, प्रदेश के निःशक्तजन आयुक्त संदीप रजक, कलेक्टर दीपक सक्सेना, राष्ट्रीय दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक नवीन शाह एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय केन्द्र शासन के संयुक्त सचिव राजीव शर्मा भी मौजूद थे। एमएलबी स्कूल के खेल मैदान में 17 अक्टूबर से आयोजित किये जा रहे ग्यारह दिन के इस मेले में देश के 12 राज्यों के दिव्यांगजनों द्वारा अपने उत्पादों के प्रदर्शन किया जा रहा है। इस दिव्य कला मेले में दिव्यांगजनों के उत्पादो एवं शिल्प कौशल के प्रदर्शन के लिए करीब 100 स्टॉल लगाये गये हैं।





# रहस्यमय सौंदर्य की भूमि हैं सिक्किम की वादियां

हिमालय की गोद में बसे सिक्किम राज्य को प्रकृति के रहस्यमय सौंदर्य की भूमि या फूलों का प्रदेश कहना गलत नहीं होगा। वास्तव में यहां के नैसर्गिक सौंदर्य में जो आकर्षण है, वह अन्यत्र दुर्लभ है। नदियां, झीलें, बौद्ध मठ और स्तूप तथा हिमालय के बेहद लुभावने दृश्यों को देखने के अनेक स्थान, ये सभी हर प्रकृतिप्रेमी को बाहें फैलाए आमंत्रित करते हैं। विश्व की तीसरी सबसे ऊंची पर्वतचोटी कंचनजंगा (28156 फुट) यहां की सुंदरता में चार चांद लगाती है। सूर्य की सुनहली किरणों की आभा में नई-नवेली दुलहन की तरह दिखने वाली इस चोटी के हर क्षण बदलते मोहक दृश्य सुंदरता की नई-नई परिभाषाएं गढ़ते हुए से लगते हैं। मनुष्य की कल्पनाओं का सागर यहां हिलोरें मारने लगता है।

### जीवंत वातावरण

भारत के उत्तर-पूर्व और पूर्व में फैले इस राज्य का क्षेत्रफल 7096 वर्ग किलोमीटर है और जनसंख्या लगभग पांच लाख। चीन के अधीनस्थ तिब्बत से व्यापारिक संबंधों के समय व्यावसायिक महत्व का स्थान रहा गंगटोक आज के सिक्किम की राजधानी है। इस शहर की स्थापना 19वीं शताब्दी के मध्य में हुई थी। इससे पहले राज्य के पश्चिमी भाग में युकसम और इसके बाद राबडेंसे नामक स्थानों को सिक्किम की राजधानी होने का गौरव प्राप्त था। देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों, हनीमून मनाने वाले जोड़ों तथा राज्य के सुदूर क्षेत्रों में ट्रेकिंग और साहसिक पर्यटन के शौकीन लोगों की आवाजाही गंगटोक के वातावरण को हमेशा जीवंत बनाए रखती है।

पर्यटन की दृष्टि से सुविधापूर्वक सिक्किम दर्शन के लिए राज्य को चार भागों में बांटा जा सकता है। सबसे पहले पूर्व में गंगटोक तथा इसके आसपास कई दर्शनीय स्थल हैं। समुद्रतल से 5800 फुट की ऊंचाई पर स्थित गंगटोक का प्रारंभ से ही समुचित विकास होता आया है। यहां अच्छे से अच्छे रहने के स्थान, यातायात के साधन तथा संचार माध्यम उपलब्ध हैं। राज्य की पारंपरिक हस्तशिल्प और हथकरघा की वस्तुओं का केंद्र भी पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का स्थान है। यहां से केवल तीन किलोमीटर की दूरी पर 200 वर्ष पुराना महत्वपूर्ण बौद्ध मठ इंचे मॉनेस्ट्री है। ऐसा माना जाता है कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को लामा द्रुप्तोब कार्पो का आशीर्वाद मिलता है। लामा द्रुप्तोब यहां के लोकजीवन में



आस्था के एक गहरे प्रतीक के रूप में रचे-बसे हैं। हर साल जनवरी के आसपास यहां छाम नृत्य का उत्सव आयोजित किया जाता है। यह उत्सव दो दिन तक धूमधाम से मनाया जाता है। व्हाइट हॉल के पास पूरे वर्ष फूलों की प्रदर्शनी भी लगाई जाती है।

### बौद्ध अध्ययन का केंद्र

गंगटोक में ही स्थित नामग्याल इंस्टीट्यूट ऑफ टिबेटोलॉजी (एनआईटी) नाम का बौद्ध संस्थान दुर्लभ लेपचा, तिब्बती व संस्कृत पांडुलिपियों, मूर्तियों, थंका, कर्मकांड और पूजन विधि में प्रयोग आने वाले कपड़ों (टेपेस्ट्रीज) आदि दो सौ से अधिक बहुमूल्य वस्तुओं तथा कलाकृतियों का खजाना है। धार्मिक और ऐतिहासिक दोनों ही दृष्टियों से महत्वपूर्ण यह संस्थान आज पूरे विश्व के लिए बौद्ध दर्शन तथा धर्म का अध्ययन केंद्र बना हुआ है।

छोग्याल पाल्डेन थोंडुप नामग्याल की स्मृति में यहां एक पार्क बना हुआ है। छोग्याल अर्थात राजा। नामग्याल वंश के 17वें तथा धार्मिक कार्यों के लिए पवित्रीकरण संस्कार प्राप्त 12वें राजा पाल्डेन थोंडुप की आर्थिक और सामाजिक सुधारों में शुरू से गहरी आस्था थी। राजा पाल्डेन आधुनिक शासन प्रणाली के समर्थक थे। इनके शासनकाल में ही सिक्किम में आधारभूत सुविधाओं की नींव रखी गई। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने स्कूल, सड़कें, चिकित्सालय आदि बनाने, पेयजल उपलब्ध कराने, यातायात हेतु सिक्किम राष्ट्रीयकृत ट्रांसपोर्ट, हाइड्रो-इलेक्ट्रिक पॉवर स्कीम तथा ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए अन्य योजनाएं चलाने के लिए भी लगातार सहायता दी। 1982 में इनका देहांत हुआ। अंत तक वह बौद्धिक सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रहे।

### पवित्र छांगू झील

छांगू लेक, जिसे स्थानीय लोग छो गो लेक कहते हैं, गंगटोक से 40 किलोमीटर दूर है। समुद्रतल से 3780 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह अंडाकार झील एक किलोमीटर लंबी और 15 मीटर गहरी है। स्थानीय लोगों की मान्यताओं के अनुसार यह एक पवित्र स्थान है। शीतकाल में यह जमी रहती है। मई से अगस्त के बीच इसके चारों ओर फैली पर्वतश्रृंखला व घाटियों में विभिन्न प्रकार के फूल खिले होते हैं। यहां खिलने वाले फूलों में रोडोडेंड्रोन, कई प्रकार के प्रिमुला, नीले और पीले पॉपीज, आइरिस आदि प्रमुख हैं। लाल पांडा तथा कई प्रजातियों के पक्षियों का यह पसंदीदा स्थान है। इसी दिशा में गंगटोक से 56 किलोमीटर दूर समुद्रतल से 14200 फुट की ऊंचाई पर स्थित नाथू ला है। ला अर्था पास या एक पहाड़ को लांघकर दूसरी ओर जाने का रास्ता। नाथू ला भारत-चीन (तिब्बत का पठार) सीमा पर स्थित है। यहां जाने के लिए पंजीकृत ट्रेवल एजेंसी के माध्यम से सिक्किम पर्यटन विभाग से परमिट लेनी पड़ती है। नाथू ला की ओर जाने की परमिट केवल भारतीय नागरिक ही पा सकते हैं। पहाड़ी क्षेत्रों में पाई जाने वाली जड़ी-बूटियां और पेड़-पौधे देखने के शौकीन लोगों के लिए इसी क्षेत्र में स्थित सरमसा गार्डन और जवाहरलाल नेहरू बोटेनिकल गार्डन दर्शनीय हैं। जबकि वन्य जीवन में रुचि लेने वालों के लिए हिमालयन जूलोजिकल पार्क तथा फेम्बोंग लो वाइल्ड लाइफ सैंक्चुअरी दिलचस्प जगहें हो सकती हैं। इनके अलावा दो द्रुल छोरटेन, रुमटेक धर्म चक्र केंद्र, पाल जुरमांग कागयुद मॉनेस्ट्री, वाटर गार्डन, बाबा हरभजन सिंह मेमोरियल, ताशी व्यू प्वाइंट, गोन्जांग मॉनेस्ट्री, गणेश टोंक, हनुमान टोंक, नोर छो सुक तथा अरितार यहां के अन्य दर्शनीय स्थल हैं।

### जहां मिट जाते हैं पाप

पश्चिमी सिक्किम में पेमायांगसे मॉनेस्ट्री सबसे प्राचीन बौद्ध मठों में से एक है। राज्य की पहली राजधानी युकसम यहीं है। तीन विद्वान लामाओं द्वारा सन् 1641 में सिक्किम राज्य के प्रथम छोग्याल (राजा) का पवित्रीकरण संस्कार यहीं किया गया था। इसका प्रमाण नोरबूगांग छोरटेन में आज भी मौजूद है, जहां पत्थरों के सिंहासन और एक पत्थर पर मुख्य लामा के पैर की छाप देखी जा सकती है। वस्तुतः इस राज्य का इतिहास यहीं से शुरू होता है। स्थानीय लोग इस क्षेत्र को अत्यंत पवित्र मानते हैं। जोंगरी-जेमाथांग





तथा कंचनजंगा बेस कैंप के लिए ट्रेकिंग कार्यक्रम भी युकसम से ही शुरू होते हैं। युकसम के बाद कुछ ही दूरी पर स्थित राबडेंसे राज्य की दूसरी राजधानी बनी थी। यहां अब केवल खंडहर शेष हैं। सन् 1814 तक यहीं से राजा ने राज्य का संचालन किया। ताशीडिंग मॉनेस्ट्री हृदय के आकार की पहाड़ी पर बनाई गई है, जिसके पीछे पवित्र कंचनजंगा पर्वत है। बौद्ध धर्मग्रंथों के अनुसार 8वीं शताब्दी में गुरु पद्मसंभाव, जिन्हें गुरु रिम्पूछे भी कहा जाता है, ने इस स्थान से ही सिक्किम की पवित्र भूमि को आशीर्वाद दिया था। ऐसा माना जाता है कि आज भी यहां आने वालों को गुरु रिम्पूछे का आशीर्वाद प्राप्त होता है। लेपचा समुदाय की बहुलता वाली इस घाटी में स्थित पवित्र गुरु इहेदू में गुरु रिम्पूछे के पैरों और हाथों के चिन्ह अभी भी सुरक्षित हैं। ताशीडिंग पवित्र छोरटेन (स्तूप) थोंग वा रांग डोल के लिए भी प्रसिद्ध है। इसका अर्थ है देखने भर से जीवनरक्षा करने वाला।

### संधि भाईचारे की

उत्तरी सिक्किम में जेमू ग्लेशियर से निकलने वाली तीस्ता नदी राज्य का गौरव बढ़ाती है। व्हाइट वाटर राफ्टिंग और कयाकिंग आदि वाटर स्पोर्ट्स के शौकीन लोगों के लिए सिक्किम में यही आकर्षण का मुख्य केंद्र है। मई-जून में यहां साहसिक पर्यटन के शौकीन लोगों की खासी भीड़ जुटी होती है। भारत ही नहीं, दुनिया के अन्य देशों से भी लोग यहां रोमांचक खेलों का मजा लेने तथा प्रकृति की सुंदरता को निहारने के लिए आते हैं।

अगर आप वन्य प्राणियों के जीवन में रुचि लेते हैं तो उत्तरी सिक्किम में ही स्थित कंचनजंगा नेशनल पार्क बहुत मुफीद जगह है। 850 वर्ग किलोमीटर में फैले इस वन्य जीव अभ्यारण्य को बायोस्फीयर रिजर्व के नाम से भी जानते हैं। यहां तमाम दुर्लभ प्रजातियों के कई जीव स्वच्छंद विचरण करते हैं। इसके क्षेत्र में कई ग्लेशियर भी हैं, जिनमें जेमू ग्लेशियर सबसे लंबा और नयनाभिराम है। चिड़ियों की यहां कुल 550 प्रजातियां पाई जाती हैं। इनमें ब्लड फेजेंट, सेटायर ट्रैगोपन, ऑस्प्रे, हिमालयन ग्रिफॉन, लैमर्जियर, बर्फीला कबूतर, इंपेयन फेजेंट, सन बड्र्स और गरुड़ शामिल हैं।

### कैसे पहुंचें

पृथ्वी की भौगोलिक असमानताओं में बिखरे प्राकृतिक सौंदर्य का अद्वितीय पक्ष सिक्किम राज्य सड़क, रेल तथा हवाई मार्गो के जरिये देश के विभिन्न महानगरों से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। उत्तरी बंगाल में बागडोगरा हवाई अड्डा राजधानी गंगटोक के सबसे समीप है। हवाई अड्डे से 124 किलोमीटर की दूरी सड़क मार्ग से लगभग चार घंटों में तय हो जाती है। बागडोगरा विमान पत्तन कोलकाता, गुवाहाटी और नई दिल्ली से इंडियन एयरलाइंस और दूसरी एयरलाइनों की उड़ानों से जुड़ा हुआ है। सिक्किम पर्यटन विभाग का पांच सीटों वाला हेलीकॉप्टर बागडोगरा और गंगटोक के बीच प्रतिदिन हवाई सेवा प्रदान करता है। रेलमार्ग पर सबसे समीप दो स्टेशन सिलीगुड़ी तथा न्यू जलपाईगुड़ी हैं। गंगटोक से इनकी दूरी क्रमशः 114 व 125 किलोमीटर है।

### परमिट की जरूरत

सीमांत प्रदेश होने के कारण विदेशी नागरिकों को यहां आने के लिए इनर लाइन परमिट (आईएलपी) लेना होता है। यह परमिट उन्हें भारत में प्रवेश हेतु मिले वीजा के आधार पर मिल जाता है। भारतीय दूतावासों तथा देश में पर्यटन कार्यालयों से या सिक्किम पहुंच कर भी यह परमिट प्राप्त किया जा सकता है, जिसकी अवधि 15 दिन होती है। यह अवधि बढ़वाई भी जा सकती है।

### मौसम एवं तापमान

ग्रीष्म ऋतु में गंगटोक का तापमान अधिकतम 21 डिग्री तथा न्यूनतम 13 डिग्री सेंटीग्रेड होता है तथा शरद ऋतु में अधिकतम 13 डिग्री तथा न्यूनतम 05 .3 डिग्री सेंटीग्रेड। विश्व में सबसे अधिक वर्षा चेरापूंजी में होती है। यह स्थान सिक्किम से अधिक दूर नहीं है। अतः राज्य में भ्रमण के लिए सबसे उत्तम समय मार्च से जून तक तथा अक्टूबर से दिसंबर तक है। गंगटोक में प्रतिवर्ष औसतन वर्षा 3894 मिलीमीटर होती है। 15 साल के अंतराल के बाद गत फरवरी मास में यहां बर्फबारी हुई है।

# विदेश में भी मौजूद हैं कई मंदिर जिन्हें देखकर आप भी कहेंगे वाह!



भारत को मंदिरों का देश भी कहा जाता है, ऐसा इसलिए क्योंकि यहां देवी-देवताओं के कई हजार मंदिर हैं। प्राचीन से लेकर नए मंदिरों के कारण भारत दुनियाभर में आकर्षण का केंद्र है। वहीं, क्या आप जानते हैं कि भारत के अलावा भी अन्य देशों में हिन्दू देवी-देवताओं के मंदिर हैं, जिन्हें दुनियाभर में मान्यता प्राप्त है। दुनियाभर में प्रसिद्ध इन मंदिरों के दर्शन के लिए लोग दूर-दूर से आया भी करते हैं। आज हम आपको उन्हीं मंदिरों के बारे में बताने जा रहे हैं जो भारत के अलावा दूसरे देशों में मौजूद हैं, आइए जानते हैं...

### मुन्नेस्वरम मंदिर, श्रीलंका

श्रीलंका के मुन्नेस्वर गांव में मुन्नेस्वरम नामक ये मंदिर काफी बड़ा है। इसके परिसर में कुल 5 मंदिर स्थित हैं। यहां मां काली और भगवान शिव का भी मंदिर है। ऐसी मान्यता है कि जब श्रीराम ने राम का वध किया था तब वो यहां शिव जी की पूजा करने के लिए आए थे। ये ही कारण है कि इस मंदिर को धार्मिक तौर पर बेहद खास माना जाता है। यहां काफी लोग घूमने और शिव जी के दर्शन करने के लिए आते हैं।

### अंकोरवाट मंदिर, कंबोडिया

कंबोडिया में स्थित अंकोरवाट मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है। हिन्दू मंदिरों में ये दुनिया का सबसे बड़ा मंदिर माना जाता है। 12वीं सदी में इसका निर्माण कम्बुज के राजा सूर्यवर्मा ने करवाया था। इस मंदिर के चारों तरफ एक गहरी खाई है, जिसकी चौड़ाई 650 फुट और लंबाई ढाई मील है, जो इस मंदिर को खास बनाता है। इस मंदिर में हर वर्ष लाखों की संख्या में लोग आते हैं। यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों में से एक ये मंदिर है।

### मुरूगन टेंपल, ऑस्ट्रेलिया

मुरूगन मंदिर ऑस्ट्रेलिया की राजधानी सिडनी में स्थित है। यहां पहड़ों के देवता कहलाए जाने वाले भगवान मुरूगन विराजमान है। इसलिए इस विशाल मंदिर को न्यू साउथ वेल्क के पहाड़ों पर बनवाया गया है। इस मंदिर और भगवान के प्रति यहां के हिन्दुओं की अपार आस्था है।

### पशुपतिनाथ मंदिर, नेपाल

भारत से करीबी देश नेपाल की राजधानी काठमांडू में पशुपतिनाथ मंदिर स्थित है। दुनिया के सबसे प्राचीन हिन्दू मंदिरों में से एक ये मंदिर है। यहां पशुपति के रूप में शिव जी की पूजा होती है। हर साल यहां काफी संख्या में लोग दर्शन करने आते हैं। यूनेस्को द्वारा इस मंदिर को विश्व विरासत स्थल का दर्जा मिला हुआ है।

### प्रम्बानन मंदिर, इंडोनेशिया

इंडोनेशिया में कई हिन्दू मंदिर मौजूद हैं। इन्हीं में से एक प्रम्बानन मंदिर भी है। जिसका निर्माण नौवीं शताब्दी में किया गया था। ये मंदिर यूनेस्को की विश्व विरासत स्थल माना जाता है। ये मंदिर केवल इंडोनेशिया का ही नहीं बल्कि पूरे साउथ एशिया का बहुत बड़ा मंदिर है।

### सागर शिव मंदिर, मॉरीशस

बड़ी संख्या में हिन्दू रहने वाले द्वीपीय देश मॉरीशस में सागर शिव मंदिर को एक पवित्र धार्मिक स्थल माना जाता है। इसका निर्माण साल 2007 में हुआ था। भगवान शिव की 108 फीट ऊंची कांसे की प्रतिमा इस मंदिर को खास बनाती है। भगवान शिव के दर्शन के लिए यहां लाखों की संख्या में लोग आते हैं।

### रामलिंगेश्वर मंदिर, मलेशिया

मलेशिया की राजधानी क्वालालमपूर में रामलिंगेश्वर मंदिर स्थित है। साल 2012 में मलेशिया सरकार द्वारा इस मंदिर को ट्रस्ट के हवाले कर दिया गया। जिसके बाद से अब इस ट्रस्ट द्वारा ही मंदिर का प्रबंधन किया जाता है।

### कटास राज मंदिर, पाकिस्तान

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के चकवाल जिले में कटास राज मंदिर स्थित है। ये एक प्राचीन भगवान शिव मंदिर है। छठी से नौवीं शताब्दी के बीच इस मंदिर का निर्माण करवाया गया था। कहा जाता है कि ये मंदिर महाभारत काल से था। इससे संबंधित पांडवों की कई कहानियां प्रसिद्ध हैं।

## अंतर-जिला यूटी स्तरीय अंडर-17 लड़कों की कराटे चैंपियनशिप सांबा में हुई शुरू

एजेंसी

**सांबा।** जिला युवा सेवा एवं खेल कार्यालय सांबा ने महानिदेशक राजिंदर सिंह तारा के तत्वावधान मेंअंडर-17 लड़कों के लिए अंतर जिला यूटी स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के सफल आयोजन की घोषणा की। यह भव्य आयोजन सांबा के इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया जा रहा है, जिसकी देखरेख डीवाईएसएसओ सांबा धर्मवीर सिंह कर रहे हैं। अपने प्रेरक संबोधन में डीवाईएसएसओ ने प्रतिभागियों से इस तरह के खेल आयोजनों में खुद को डुबोने का आग्रह किया। इस टूर्नामेंट में यूटी के 12 जिलों के 66 से अधिक खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## राजस्थान की धारदार गेंदबाजी के आगे हिमाचल की हालत पतली, पहली पारी 98 पर सिमटी

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में हिमाचल और राजस्थान के बीच खेले जा रहे रणजी ट्राफी के ग्रुप बी के मैच में हिमाचल की पहली पारी महज 98 रनों पर ही सिमट गई। राजस्थान के पहली पारी के 334 रनों के स्कोर का पीछा करते हुए राजस्थान के गेंदबाजों के आगे हिमाचल के बल्लेबाज पूरी तरह नतमस्तक नजर आए। राजस्थान की ओर से तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने हिमाचल के पांच बल्लेबाजों को आउट कर हिमाचल की कमर तोड़ दी। वहीं राजस्थान के स्कोर से पीछे हिमाचल ने दूसरी पारी में मैदान में उतर कर दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक दो विकेट में 138 रन बना लिए हैं। हिमाचल के अंकित कलसी 30 और एकांत सेन चार रनों पर खेल रहे हैं। बाबजूद इसके हिमाचल अभी भी राजस्थान की पहली पारी के स्कोर 334 रनों से 98 रन पीछे है। इससे पहले दूसरी पारी में ओपनर शुभम अरोड़ा ने 59 और प्रशांत चोपड़ा ने 40 रनों की पारियां खेली। इससे पूर्व आज सुबह राजस्थान की टीम पहली पारी में 334 पर आउट गई। बाद में बल्लेबाजी के लिए उतरी हिमाचल की शुरूआत काफी खराब रही और ओपनर शुभम अरोड़ा छह और प्रशांत चोपड़ा चार रन बनाकर आउट हो गए। बल्लेबाजों के आउट होने का दौर ऐसे ही चलता रहा। सिर्फ कप्तान ऋषि धवन 40 रनों पर नाबाद रहे जबकि बाकी बल्लेबाज कुछ नही कर पाए और पूरी टीम 98 पर आउट हो गई।

## सुल्तान जोहोर कप : भारत की जूनियर पुरुष टीम ने जापान को हराया

**जोहोर (मलेशिया)।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने यहां जापान को 4-2 से हराकर सुल्तान जोहोर कप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। भारत के लिए आमिर अली (12वें मिनट), गुरजोत सिंह (36वें), आनंद सौरभ कुशवाह (44वें) और अंकित पाल (47वें) ने जबकि जापान के लिए त्सुबासा तनाका (26वें) और राकुसी यामानाका (57वें) ने गोल किए। भारत के पूर्व गोलकीपर और जूनियर टीम के कोच पीआर श्रीजेश अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन से बेहद संतुष्ट नजर आ रहे थे। यह मैच शुरू से ही काफी रोमांचक रहा। भारत ने आक्रामक खेल दिखाया और वह शुरू से ही गोल करने के मौके बनाने की कोशिश करता रहा। भारतीय प्रयासों को तब सफलता मिली जब मैच के 12वें मिनट में आमिर अली ने जापान के रक्षकों को छकाकर मैदानी गोल करके भारत का खाता खोला। जापान ने वापसी करने के लिए अच्छे प्रयास किया और वह तब इसमें सफल रहा जब 26वें मिनट में त्सुबासा तनाका ने बराबरी का गोल किया। इसके बाद जापान के पास पहली बार मैच में बढ़त हासिल करने का मौका था लेकिन भारतीय रक्षा पंक्ति ने उसके प्रयास को नाकाम कर दिया। मध्यांतर तक दोनों टीम 1-1 से बराबरी पर थी लेकिन इसके बाद भारतीय टीम अधिक आक्रामक हो गई।

## एमर्जिंग एशिया कप : भारत ने पाकिस्तान को 7 रन से हराया, यह 3 प्लेयर चमके

**अल अमीरात।** अल अमीरात क्रिकेट ग्राउंड में एसीसी मेन्स टी20 इमर्जिंग टीम एशिया कप 2024 के तहत खेले गए अहम मुकाबले में भारत ए ने पाकिस्तान ए को रोमांचक मुकाबले में 7 रन से हरा दिया। भारत ने पहले खेलते हुए अभिषेक शर्मा, प्रभसिमरण और तिलक वर्मा की पारियों की बदौलत 183 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी पाकिस्तान की टीम ने एक समय 78 रन पर ही 4 विकेट गंवा दिए थे। लेकिन इसके बाद अराफात मिन्हास ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। ऐसे समय में रासिख सलाम ने 2 विकेट निकालकर मैच भारत की ओर मोड़ दिया। अब्बास अफरीदी ने भी अंत में जोर लगाया लेकिन जीत भारत को ही मिली। अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरण सिंह ने भारत ए को तेजतर्रार शुरूआत दी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 6 ओवर में ही 68 रन बना दिए। अभिषेक ने 22 गेंदों पर 5 चौके और 2 छक्कों की मदद से 35 रन तो प्रभसिमरण ने 19 गेंदों पर 3 चौके और 3 छक्कों की मदद से 36 रन बनाए। कप्तान तिलक वर्मा का भी बल्ला चला। उन्होंने 35 गेंदों पर 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 44 रन बनाए। बाद में नेहल वडेहरा ने 22 गेंदों पर 25 तो रमनदीप सिंह ने 11 गेंदों पर 17 रन बनाकर स्कोर 8 विकेट के नुकसान पर 183 तक पहुंचाया। पाकिस्तन के लिए सुफियान मुकीम ने 28 रन देकर 2 विकेट लीं।

## हॉकी इंडिया ने भारत बनाम जर्मनी हॉकी सीरीज के लिए 22 सदस्यीय टीम की घोषणा की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने रविवार को विश्व चैंपियन जर्मनी के खिलाफ होने वाली आगामी द्विपक्षीय सीरीज के लिए 22 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी हैं।

भारत और जर्मनी के बीच ये दोनों मुकाबले 23 और 24 अक्टूबर को मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में खेले जायेंगे। भारतीय टीम की अगुवाई हरमनप्रीत सिंह करेंगे और उप कप्तान विवेक सागर प्रसाद होंगे। चोटिल मिडफील्डर हार्दिक सिंह इस सीरीज में नहीं खेल पाएंगे। इस द्विपक्षीय सीरीज में राजिंदर सिंह और आदित्य अर्जुन लागेट अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण करेंगे। टीम के चयन के बारे में मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, हम अगले सप्ताह राष्ट्रीय राजधानी में जर्मनी से मुकाबले के लिए बहुत उत्साहित हैं। भारत और जर्मनी के बीच हाल के वर्षों में कड़ी प्रतिद्वंद्विता रही है और हम नयी दिल्ली में खेलने को लेकर उत्साहित हैं। हमने जो टीम चुनी है, वह अनुभवी है, जिसमें कांस्य पदक जीतने वाली पेरिस ओलंपिक टीम के कई खिलाड़ी शामिल हैं। इस सीरीज के दौरान राजिंदर और आदित्य भी अपना अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण



करेंगे। उन्होंने प्रशिक्षण शिविर के दौरान बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। भारतीय टीम आज दोपहर बेंगलुरु से नयी दिल्ली पहुंचेगी। जर्मनी के साथ होने वाली द्विपक्षीय सीरीज के लिए भारतीय टीम इस प्रकारः-

गोलकीपरः- कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेरा

डिफेंडरः- जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), वरुण कुमार, संजय, सुमित और नीलम संजीव जेस

मिडफील्डरः- मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद (उपकप्तान), विष्णु कांत सिंह, नीलकांत शर्मा, शमशेर सिंह, मो. राहील मौसीन, राजिंदर सिंह फॉरवर्ड्स, मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, आदित्य अर्जुन लालागे और दिलप्रीत सिंह और शिलानंद लाकड़ा।

## हरियाणा की पहली पारी 453 रन पर सिमटी



एजेंसी

**लखनऊ।** हिमांशु राणा (114) के बाद धीरु सिंह (103) के शतकीय प्रहार और सातवें विकेट के लिये सुमित कुमार (61) के साथ 113 रन की साझीदारी की बदौलत हरियाणा ने रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप सी मुकाबले के तीसरे दिन रविवार को मेजबान उत्तर प्रदेश के खिलाफ अपनी पहली पारी में 453 रन मजबूत स्कोर खड़ा कर लिया गया। स्पोर्टस गैलेक्सी क्रिकेट ग्राउंड पर सुबह के सत्र में युजवेंद्र चहल (48, 6म4) के रूप में आज हरियाणा की पारी का आखिरी विकेट गिरा जिन्हें शिवम शर्मा ने बोल्ड किया। आसान दिख रही पिच पर मेजबान टीम का लक्ष्य हरियाणा की पहली पारी के स्कोर को पार करने का होगा जिससे वह तीन अंक सुरक्षित कर सके। दो दिन से ज्यादा के खेल में एक पारी समाप्त हुयी है जिसको देखते हुए मैच फिलहाल ड्रा की ओर झुकता दिख रहा है। यूपी के गेंदबाजों को पूरे दिन के खेल में सिर्फ तीन विकेट मिले थे।

## न्यूजीलैंड ने भारत को आठ विकेट हराकर सीरीज में 1-0 की बनाई बढ़त

एजेंसी

**बेंगलुरु।** रचिन रविंद्र की शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट मैच में भारत को आठ विकेट से हरा दिया हैं। इस जीत के साथ ही न्यूजीलैंड ने तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है और उसे 12 अंक हासिल हुये और वह डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में छठे से चौथे स्थान पर पहुंच गई। कल भारत को 462 के स्कोर पर समेटने के बाद न्यूजीलैंड को 107 रनों का लक्ष्य मिला। खराब रोशनी के कारण शाम को आगे का खेल नहीं हो पाया था।आज सुबह के सत्र में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने न्यूजीलैंड के टॉम लेथम (शून्य) और उसके बाद डेवन कॉन्वे (17) को पगबाधा आउट मैच में वापसी की उम्मीद जगाई थी। लेकिन उसके बाद बल्लेबाजी करने आये विल यंग और रचिन रविंद्र ने धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी करते हुए अपनी टीम को जीत दिला दी। विल यंग (नाबाद 48) और रचिन रविंद्र (39) रनों की पारी खेली। न्यूजीलैंड ने 27.4 ओवर में दो विकेट पर 110 रन बनाकर आठ विकेट से जीत दर्ज की। न्यूजीलैंड को 36 साल पर



भारत में टेस्ट मैच में जीत मिली है। दोनों पारियों में शानदार बल्लेबाजी करने वाले रचिन रविंद्र को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने दो विकेट लिये। इससे पहले सरफराज खान और ऋषभ पंत के शानदार बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने अपनी दूसरी पारी में 462 रन बनाकर शानदार वापसी की। सरफराज ने परिपक्वता और कौशल का प्रदर्शन करते हुए शानदार (150) रन बनाए, जबकि ऋषभ पंत ने विस्फोटक (99) रन बनाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया मगर वह शतक से चूक गए। दोनों बल्लेबाजों के बीच 150 रनों की साझेदारी हुई थी। भारत ने दूसरी पारी में 462 रन बनाये थे। भारत की पहली पारी मात्र 46 रन पर सिमट गयी थी। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में रचिन रविंद्र (134),डेवन कॉन्वे (91) और टिम साउदी (65) की शानदार पारियों के दम पर 402 रन का स्कोर खड़ाकर 356 रनों की बढ़त बना ली थी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच अगला टेस्ट मैच पुणे में 24 अक्टूबर से शुरु होगा।

## एड्रिस-चेप्टेगी और मैककोलगन-लिमो के बीच होगा दिलचस्प मुकाबला

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रोड रेस- वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के आगामी संस्करण में रविवार को दिल्ली में विश्व स्तरीय धावक आपस में भिड़ते दिखेंगे।

दोहरे ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता युगांडा के जोशुआ चेप्टेगी का सामना दो बार के 5000 मीटर विश्व चैंपियन इथियोपिया के मुक्तार एड्रिस से होगा। दिलचस्प बात यह है कि एड्रिस ने हाल ही में टिलबर्ग में 10 मील की रेस में चेप्टेगी को हराया था। इसी ने युगांडा के इस खिलाड़ी पर दिल्ली में इथियोपिया के धावक से बदला लेने का दबाव बनाया।

युगांडा पुलिस बल में कार्यरत चेप्टेगी ने बताया कि कैसे भारत में उनकी पहली रेस ने उनके करियर के लिए एक बेंचमार्क स्थापित किया। उन्होंने कहा, सने मुझे एक वास्तविक अवसर दिया। और दस साल बाद भी, मेरी मैनेजमेंट टीम ने कहा, यदि आप सड़कों पर अपने करियर के 10 और साल बिताना





चाहते हैं, तो आपको भारत वापस जाना होगा। इसलिए मैं लोगों को कुछ वापस देने के लिए भारत वापस आया हूँ। ओलंपिक स्टार, विश्व चैंपियन और ट्रैक लीजेंड- चेप्टेगी ने कहा, अभी, मैं अभी भी लंबी दूरी की रेस के बारे में सोच रहा हूं। भले ही मुझे कुछ अनुभव हो। मुक्तार पहले ही कुछ मैराथन चुके हैं, इसलिए उनके पास अधिक अनुभव के साथ बढ़त है। आइंडहोवन में, जब उन्होंने मुझे हराया, तो ऐसा इसलिए था क्योंकि मैं अभी भी इन रेसों की गतिशीलता सीख रहा हूँ। मुझे उम्मीद है कि रविवार की रेस मेरे लिए अच्छी होगी। मेरी प्राथमिकता दौड़ में अपने अगले अध्याय की ओर बढ़ना है। हाल ही में लगी चोट से उबरने के बारे में बात करते हुए एड्रिस ने कहा, मेरी चोट अब लगभग 95 फीसदी ठीक हो गई है। हालांकि एक छोटी सी समस्या सामने आई है। लेकिन यह मैनेज की जा सकती है। मैं वर्तमान में अपने पिछले फॉर्म के 70-80 फीसदी पर हूं और लगातार सुधार कर रहा हूं। मेरा लक्ष्य पूरी ताकत से वापसी करना है। खासकर लंबी दौड़ के लिए। मेरे परिवार ने पूरे समय मेरा बहुत साथ दिया है। महिलाओं की रेस में में 10,000 मीटर में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन इलिश मैककोलगन शामिल हैं। हालांकि, केन्या की सिंथिया लिमो, 2016 विश्व हाफ मैराथन की रजत पदक विजेता, आगामी रेस में ब्रिटिश धावक को कड़ी टक्कर देने के लिए तैयार हैं।

## अदिता राव और भरत राघव ने जीते एकल खिताब

एजेंसी

**लखनऊ ।** गुजरात की अदिति राव ने हरियाणा की टॉप सीड अनमोल खरब को एक कड़े मुकाबले में 21-6 11-21, 21-12 से हराकर डा. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल ऑल इण्ड़िया सीनियर रैकिंग बैड़मिंटन टूर्नामेंट 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया है वहीं पुरुष एकल में हरियाणा के भरत राघव, एयर इंडिया के राहुल भारद्वाज को 25-23, 21-10 से हराकर चैंपियन बने।

बीबीडी बैडमिंटन अकादमी में खेली गयी प्रतियोगिता के आखिरी दिन सभी फाइनल मुकाबले खेले गये।- कर्नाटक की शिखा गौतम व अश्विनी भट्ट की जोडी ने पांडिचेरी की कवि प्रिया व महाराष्ट्र की सिमरन सिंघी को 21-17, 21-16 से हराकर महिला युगल का खिताब जीता। उत्तराखंड के ध्रुव रावत व पंजाब की राधिका शर्मा की जोड़ी ने





हरियाणा के अक्षित महाजन व अनधा पाई की जोड़ी को 21-6, 23-21 से हराकर मिश्रित युगल मे चैंपियन बनी। तमिलनाडु के संतोष गजेन्दरन व आरबीआई के शिवम् शर्मा की जोड़ी ने कर्नाटक के प्रकाश राजेश व आन्ध्र प्रदेश के गोउष साइक को 23-21, 17-21, 21-12 से हराकर पुरुष युगल के चैंपियन बने। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विजेता एंव उपविजेता खिलाडियों को मेडल प्रदान किये जबकि यूपी बैडमिंटन एसोसियेशन के चेयरमैन विराज सागर दास और अध्यक्ष डा नवनीत सहगल ने सभी विजयी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र दिये।

## दक्षिण अफ्रीका के पास पिछले विश्वकप की टीस मिटाने का भरपूर मौका

एजेंसी

**दुबई।** पिछले साल महिला टी20 विश्व कप के फाइनल में घरेलू प्रशंसकों के सामने हारने की टीस मिटाने का दक्षिण अफ्रीका के पास इस बार संयुक्त अरब अमीरात में बेहतरीन मौका है जब वह फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ उतरेगी। पिछले एक साल में काफी कुछ बदल गया है, सुने लुस के स्थान पर इस बार टीम की बागडोर लॉरा वोल्वार्ड्ट के हाथों में है। टीम के सदस्य क्लो ट्रायोन ने फाइनल मैच की पूर्व संध्या पर प्रेस कांफ्रेंस में कहा ÷मुझे लगता है कि जब वह (वोल्वार्ड्ट) पहली बार आई थी, तो वह शायद थोड़ी घबराई हुई थी। वह अब काफी शांत है और मुझे लगता है कि वह चीजों को कैसे करना चाहती है, इस बारे में वह और अधिक स्पष्ट है। उसे वरिष्ठ खिलाड़ियों से समर्थन मिला है, जो वास्तव में अच्छा है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि टीम शक्तिशाली ऑस्ट्रेलियाई टीम पर जीत के बाद फाइनल में पहुंच गई है। ऐसी जीत



से फाइनल में पहुंचने के लिए उनके आत्मविश्वास में काफी वृद्धि होनी चाहिए।आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है, लेकिन ट्राइटन ने समूह के भीतर शांति और पिछले कुछ महीनों से सीख पर जोर देने का फैसला किया, जिससे प्रोटियाज टीम वास्तव में तेजी से प्रगति कर रही है। ट्रायन ने कहा मुझे लगता है कि हम ऐसी स्थितियों में हैं जहां सब कुछ हमारे अनुकूल नहीं रहा है। मुझे लगता है कि हमने पहले की तुलना में बहुत तेजी से सीख लिया है। मुझे लगता है कि हमें भी ऐसा लगता है कि हमारे पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है। हम वास्तव में टूर्नामेंट में नहीं आए, इस तथ्य से घबराए हुए थे कि हमने फाइनल खेला था और हमसे एक और फाइनल में पहुंचने की बड़ी उम्मीद थी उन्होंने कहा, हमने इससे पहले बहुत सारे खेल खेले हैं और मुझे लगता है कि हम ऐसी स्थितियों में रहे हैं जहां यह वास्तव में हमारे रास्ते पर नहीं गया, लेकिन हमने जितनी जल्दी हो सके कोशिश करने और वापसी करने के तरीके ढूंढे। ट्रायॅान ने कहा, इसलिए, मुझे लगता है कि खिलाड़ियों को इससे बहुत कुछ अवगत कराया गया है और वे हर खेल में बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं।

# पुनेरी पल्टन ने हरियाणा स्टीलर्स को हराया

**हैदराबाद।** मौजूदा चैंपियन पुनेरी पल्टन ने प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के चौथे मुकाबले में हरियाणा स्टीलर्स को 35-25 से हराया। गाचीबोवली इंडोर स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में पल्टन की जीत में कप्तान असलम इनामदार (पांच अंक), पंकज मोहिते (चार अंक), मोहित गोयत (चार अंक) और गौरव खत्री (हाई-5) का अहम किरदार रहा। खासतौर पर गौरव का, जिन्होंने अमन (चार अंक) के साथ चुपचाप डिफेंस का नेतृत्व किया और सात अंक बटोरे। हरियाणा के लिए शिवम पटारे और संस्कार ने पांच-पांच अंक लिए मोहम्मदरेजा शादलू ने चार अंक हासिल किये।

दोनों टीमों ने अपनी साख को ध्यान में रखते हुए सावधान शुरुआत की। बड़े रणनीतिकार कोचों की देखरेख में खेल रहीं दोनों टीमों ने फूंक-फूंक कर कदम रखा और यही कारण रहा कि शुरुआती आठ मिनट के बाद स्कोर 6-6 था और 10 मिनट



बाद पल्टन को सिर्फ एक अंक की लीड मिल सकी थी। दोनों टीमो को रेड में 4-4 और टैकल में 2-2 अंक मिले। फासला कायम करने वाला अतिरिक्त अंक था।

ब्रेक के बाद मोहित ने डू ओर डाई रेड में दो शिकार कर हरियाणा को सुपर टैकल की स्थिति में डाला और फिर पल्टन के डिफेंस ने विनय का शिकार कर उसे आलआउट की ओर धकेल दिया। मोहित आए और एक शिकार कर लौटे। फिर पल्टन ने आलआउट की औपचारिकता पूरा कर 13-7 की बढत बना ली लेकिन शिवम पटारे ने डुबकी पर दो अंक लेकर फासला थोड़ा कम किया। असलम ने अपने बैककिक से सेतपाल का जबड़ा हिलाकर पल्टन को फिर छह अंक से आगे कर दिया। पंकज मोहिते ने इसके बाद सुपर रेड के साथ पल्टन की बढ़त आठ की कर दी। इसी बीच शिवम को लपक गौरव खत्री ने हाई-5 पूरा किया। अब हरियाणा के लिए सुपर टैकल आन था। इसी बीच शादलू ने मोहित का शिकार कर हरियाणा को 2 अंक दिला दिए। फिर विनय ने डू ओर डाई रेड पर अंक लेकर हाफ टाइम तक स्कोर 13-19 कर दिया। ब्रेक के बाद दोनों टीमों को 2-2 अंक मिले और स्कोर 21-15 से पुणे के हक में था।

हरियाणा ने डू ओर डाई रेड पर पंकज का शिकार कर अपने इरादे जाहिर किए लेकिन इसके रेडर गलतियां कर रहे थे। हरियाणा की रणनीति डू ओर डाई पर खेलने की थी। इसी क्रम में उसने दो अंक बटोरे। शादलू ने पहले आकाश और फिर अपने पिछले कप्तान असलम का शिकार किया। 30 मिनट के बाद पल्टन 23-18 से आगे थे। इसी बीच गौरव खत्री ने हाई-5 पूरा किया।

पल्टन अपनी बढ़त लगातार मजबूत कर रहे थे। चार मिनट बचे थे और उसने 28-19 की बढ़त बना ली थी। हरियाणा के लिए सुपर टैकल आन था और साथ ही आलआउट का भी खतरा था। असलम की रेड पर सेतपाल सेल्फ आउट हुए और फिर असलम ने साहिल की आउट कर दिया। इस तरह पल्टन ने हरियाणा को दूसरी बार आलआउट कर अपनी जीत पक्की कर ली। अंतिम पलों में संस्कार ने चार अंक की बेहतरीन रेड की लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।

## वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन 2024 : प्रीति लांबा और किरण महात्रे की मौजूदगी में भारतीय एलीट धावक कड़े मुकाबले के लिए तैयार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन 2024 में भारत की कुछ बेहतरीन लंबी दूरी के धावक हिस्सा लेते हुए दिखेंगे। इस सूची में ऐसे एलीट एथलीट शामिल होंगे जिन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों ही स्तरों पर लगातार अपनी प्रतिभा साबित की है। आज आयोजित प्रेस मीट में इन होनहार धावकों ने अपनी अनूठी काबिलियत को सबके सामने रखा।भारतीय एलीट महिला रेस की मौजूदा चैंपियन कविता यादव प्रभावशाली ट्रैक रिकॉर्ड के साथ एक बार फिर प्रतियोगिता में उतरी हैं। वह 2023 राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 10,000 मीटर में दूसरे स्थान पर रहीं थीं और इसके अलावा उनके हालिया प्रदर्शन लंबी दूरी की स्पर्धाओं में उनके लगातार प्रभुत्व को प्रदर्शित करते हैं। पिछले साल की हाफ मैराथन में यादव का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 1:17:42 घंटा है, जो इस साल की प्रतियोगिता के लिए एक उच्च मानक स्थापित करता है कविता ने होने वाली रोड रेस से पहले कहा, वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में मैं पिछले चैंपियन के तौर पर हिस्सा लेने आई हूं, इसलिए मुझ पर दबाव ज्यादा है। लेकिन मैं आगे आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार हूं और मुझे उम्मीद है कि मैं पूरी रेस में अपने ग्रुप के करीब रहूंगी। मैं अच्छा अभ्यास कर रही हूं, लेकिन प्रतियोगिता हमेशा की तुलना में कठिन है। यह कठिन होगा, लेकिन मुझे यकीन है कि मैं पिछले साल की तरह ही उसी स्तर पर पहुंच सकती हूं। कविता को भारत की दो शीर्ष महिला रोड रेसर-प्रीति लांबा और निरमा ठाकोर जैसी खिलाड़ियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। प्रीति लांबा, जो 3000 मीटर स्टीपलचेज में अपने कौशल के लिए जानी जाती हैं, ने 2023 एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता। वह वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन 2022 की कांस्य पदक विजेता भी हैं। प्रेस मीट में उन्होंने खुलासा किया कि उन्होंने कुछ सालों के लिए खेल छोड़ दिया था। यह उनके पति ही थे जिन्होंने उन्हें पेशेवर खेलों में लौटने के लिए प्रेरित किया और अंततः उन्हें 2023 में एशियाई खेलों में कांस्य जीतने के लिए पर्याप्त प्रशिक्षित किया।प्रीति ने कहा, मेरा खेल करियर 2017 में एक चोट के कारण समाप्त हो गया। कुछ वर्षों के ब्रेक के बाद, मैंने शादी करने का फैसला किया।

## हॉकी एक बार फिर से पूरे विश्व में अपना कीर्तिमान स्थापित करने जा रहा :अशोक ध्यानचंद

एजेंसी

**जौनपुर।** हॉकी के पूर्व विश्व विजेता ओलंपियन अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित अशोक ध्यानचंद का जनपद में पहली बार आगमन हुआ। वह जनपद की एक सामाजिक संस्था अतुल ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए हॉकी के साथ-साथ अन्य खेलों पर भी चर्चा किया और कहा कि आज एक बार फिर हॉकी पूरे विश्व में अपना कीर्तिमान स्थापित करने जा रहा है। जनपद के खेलकूद एवं युवा राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव से भी मांग किया कि वह अपने जनपद में हॉकी खिलाड़ियों के लिए व्यवस्था करे, जिससे की जनपद के युवाओं को हॉकी के क्षेत्र में आगे बढ़ाने में सहायक हो सके। उन्होंने कहा कि हॉकी खेल में हम बहुत पीछे हैं, जमीनी तौर पर हॉकी का प्रचलन नहीं है, यह कुरुक्षेत्र है कुछ राज्य और उनकी सरकारे हैं जो हॉकी को जिंदा रखे हैं। ऐसी जगह पर हमारे वह बच्चे जो जमीनी स्तर पर हैं उनको लाने की जरूरत है। इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत नहीं होगा तो हम कैसे बच्चों को निकाल सकते हैं। जब हमारे पास ग्राउंड होगा तो बच्चे भी मिल जाएंगे। हालांकि खेलने के लिए तमाम स्कूल और कॉलेज सक्षम है वह अपने आप ग्राउंड बनाकर बच्चों को हॉकी के लिए प्रेरित कर सकते हैं। इसके लिए सरकार यूनिवर्सिटीज कॉलेज सभी को प्रयास करने की जरूरत है। सभी इसके लिए सक्षम है बच्चे खेलना चाहते हैं लेकिन उनके पास ग्राउंड नहीं है। बच्चे पैसे के अभाव में खेल नहीं पा रहे हैं।

## नेपाल के अमन थापा ने दूसरी बार पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता जीती

एजेंसी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के जुन्गा में चार दिवसीय फ्लाइंग फेस्टिवल और हॉस्पिटेलिटी एक्सपो-2024 संपन्न हुआ, जिसमें भारत और विदेश दोनों के 40 पैराग्लाइडर पायलट शामिल हुए। इस आयोजन में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखी गई, अंतिम दिन पैराग्लाइडिंग चौंपियनशिप के सेमीफाइनल और फाइनल हुए, जिसके परिणामस्वरूप कुल 64 उड़ानें हुई। नेपाल के अमन थापा ने लगातार दूसरे साल पहला स्थान हासिल किया और ट्रॉफी के साथ 2.25 लाख का नकद पुरस्कार जीता। पिछले साल भी थापा ने शीर्ष स्थान हासिल किया था। चंबा



खजियार के अक्षय कुमार दूसरे और धर्मशाला के मोहित कुमार तीसरे स्थान पर रहे। दोनों को क्रमशः 1.25 लाख और 75,000 का नकद पुरस्कार मिला। समापन समारोह में हिमाचल प्रदेश सरकार के मीडिया सलाहकार नरेश चौहान और भोरंज के विधायक सुरेश कुमार उपस्थित थे, जिन्होंने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। चौहान ने अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर जुन्गा की बढ़ती प्रमुखता पर गर्व व्यक्त किया और क्षेत्र की दृश्यता बढ़ाने के लिए उड़ान महोत्सव को श्रेय दिया। उन्होंने जुन्गा में साहसिक पर्यटन की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला, जिससे क्षेत्र में स्वरोजगार के कई अवसर पैदा हो सकते हैं। विधायक सुरेश कुमार ने महोत्सव के सफल आयोजन के लिए कार्यक्रम के आयोजक अरुण रावत की भी सराहना की. द ग्लाइड इन के सीईओ अरुण रावत ने मेहमानों का स्वागत किया और चार दिवसीय पैराग्लाइडिंग और हॉस्पिटैलिटी एक्सपो का विस्तृत विवरण प्रदान किया। उन्होंने चौंपियनशिप को सफल बनाने में सहयोग के लिए स्थानीय अधिकारियों और पर्यटन विभाग को धन्यवाद दिया।पुरस्कार वितरण से पहले, नरेश चौहान और सुरेश कुमार ने महोत्सव में लगाई गई विभिन्न प्रदर्शनियों का दौरा किया, जहां उन्होंने स्थानीय स्वयं सहायता समूहों द्वारा प्रदर्शित उत्पादों की सराहना की। अन्य प्रमुख उपस्थित लोगों में तहसीलदार नारायण सिंह वर्मा, स्थानीय प्रधान बासनी लाल कश्यप और जुन्गा के कई बुद्धिजीवी भी शामिल थे।

# श्वेता तिवारी ने क्यों बोला आधा सच और आधा झूठ? राजा चौधरी ने खोल दी थी सारी पोल



एक्ट्रेस श्वेता तिवारी  के हाथों में इस वक्त एक बहुत बड़ा प्रोजेक्ट है. एक्ट्रेस दिवाली के मौके पर 'सिंघम अगेन'  में नजर आने वाली हैं. श्वेता तिवारी के करियर का ये सबसे बड़ा प्रोजेक्ट भी माना जा रहा है. हालांकि रोहित शेट्टी ने उन्हें 'सिंघम अगेन' में लेने से पहले अपनी वेब सीरीज 'इंडियन पुलिस फॉर्स' में भी कास्ट किया था. श्वेता तिवारी के काम के कम और उनके दो-दो तलाक के चर्चे ज्यादा होते हैं. भले ही एक्ट्रेस के तलाक को वक्त हो गया हो, लेकिन इस मुद्दे ने उनका पीछा नहीं छोड़ा है. श्वेता ने अपने एक बयान में कहा था कि उनके पहले पति रह चुके राजा चौधरी ने उन्हें तलाक देने के बदले में उनका 93 लाख रुपये का अपार्टमेंट मांगा था. इसके लिए उन्होंने अपनी बेटी पलक को भी छोड़ने का फैसला कर लिया था. वहीं श्वेता की मानें तो उन्होंने राजा को वो फ्लैट दे भी दिया था. एक्ट्रेस ने ये भी बताया था कि वो अपार्टमेंट दोनों ने मिलकर खरीदा था.




**श्वेता को तलाक में राजा चौधरी से क्या मिला ?**

अब सवाल ये है कि क्या श्वेता तिवारी ने तलाक के बदले राजा चौधरी से कुछ नहीं लिया. दरअसल राजा चौधरी ने अपने बयान में कुछ ऐसा बताया था, जिसके बाद श्वेता की इन बातों पर लोगों को शक होने लगा था. 'हिंदुस्तान टाइम्स' को दिए गए इंटरव्यू में श्वेता ने राजा को लेकर कहा था कि वो अपनी बेटी को भी प्रॉपर्टी के लिए छोड़ने के लिए तैयार थे. लेकिन श्वेता के इस बयान पर राजा चौधरी का पक्ष कुछ और ही निकला था.

**सारी प्रॉपर्टी दे दी - राजा चौधरी**

राजा चौधरी ने 'टेली टॉक इंडिया' को दिए गए इंटरव्यू के दौरान बताया था कि श्वेता तिवारी ने उनके सामने क्या मांग रखी थीं. राजा चौधरी की मानें तो श्वेता ने एलिमनी के तौर पर तलाक में उनसे सारी प्रॉपर्टी ले ली थी. उन्होंने अपने रहने के लिए एक फ्लैट मांगा था, बाकी अपना सब कुछ उन्होंने श्वेता को दे दिया था. अब कौन सच बोल रहा है और कौन झूठ ये कोई नहीं कह सकता.

# अदा शर्मा को पसंद है सुशांत सिंह राजपूत का घर, ट्रोलिंग पर बोलीं- किसी को बताने नहीं जा रही कि....



अदा शर्मा के सुशांत सिंह राजपूत के घर में शिफ्ट होने पर तरह-तरह की बातें की गईं। कुछ लोगों ने ट्रोलिंग भी की कि वह सुशांत के नाम पर पब्लिसिटी चाहती हैं। अदा से अक्सर ये सवाल किया जाता है कि वहां अदा को कैसी एनर्जी महसूस होती है। वह इस मुद्दे पर कई बार बोल चुकी हैं। अब एक बार फिर से बात की है और कहा कि वो जगह उन्हें पसंद है।



**अदा को पसंद है घर**

अदा शर्मा ने इंडिया टुडे डिजिटल से बातचीत में ट्रोलिंग के सवाल पर जवाब दिया, एक एक्टर के तौर पर या एक इंसान के तौर पर, आप हर उस चीज पर रिएक्ट नहीं कर सकते जो कही जा रही है। जिंदगी में करने के लिए बहुत कुछ है।

यह आजाद देश है, हर किसी को अपने विचार रखने का अधिकार है। अगर उन्हें कुछ बुरा लग रहा है तो लगता रहे। मैं किसी को नहीं बताने जा रही कि मैं अच्छी इंसान हूं। मुझे जो करना था वो किया। मैं उस घर में अच्छी तरह सेटल्ड हूं और वो जगह बहुत पसंद है।

**नहीं करना चाहतीं नेगेटिव बातें**

इससे पहले एक इंटरव्यू में वह बोल चुकी हैं कि सुशांत सिंह के बारे में बात करने के लिए बहुत कुछ है। वह उस घर की एनर्जी की तारीफ भी कर चुकी हैं। बता दें कि सुशांत के निधन के बाद उनका फ्लैट करीब 4 साल खाली रहा। अब अदा शिफ्ट हुई हैं। वह अक्सर घर की तस्वीरें पोस्ट करती रहती हैं।

## मुझपर भी लांछन लगाए गए...सलमान को याद आए पुराने दिन, रजत दलाल की लगाई क्लास



कलर्स टीवी के रियलिटी शो बिग बॉस 18 के दूसरे 'वीकेंड का वार' की शूटिंग सलमान पूरी कर चुके हैं. इस 'वीकेंड का वार' में सलमान खान अविनाश मिश्रा का पक्ष लेते हुए नजर आएंगे. दरअसल बिग बॉस के घर में चुम दरांग और अविनाश मिश्रा के बीच हुए झगड़े के दौरान जब चुम ने अविनाश को गाली दी थी तब गुस्से से लाल अविनाश उनकी तरफ तेजी से आ गए थे. उनका ये रूप देखकर कुछ समय के लिए चुम डर गई थीं. चुम को इस तरह से देख रजत दलाल ने अविनाश को घर से बाहर करने की मांग करते हुए कहा था कि उनके आस-पास लड़कियां सेफ नहीं, महसूस करतीं. रजत के इस स्टेटमेंट की वजह से सलमान का गुस्सा उन पर फूटने वाला है.सलमान कहेंगे कि एक लड़के के ऊपर इतना बड़ा लांछन लगाया जाए तो सोचो उसकी फैमिली के ऊपर क्या बितती होगी. उनको लोग किस तरह की नजर से देखते होंगे कि आपके बेटे ने ऐसे क्या किया है कि बिग बॉस के अंदर घरवाले बोल रहे हैं कि औरतें उनके होते हुए सुरक्षित नहीं हैं. मैं अविनाश का दुख अच्छी तरह से समझ सकता हूं. ये कहते हुए सलमान अपनी पुरानी यादों को ताजा करते हुए कहेंगे- क्योंकि मेरे ऊपर भी बहुत सारे लांछन लगाए गए थे. इसलिए मुझे पता है कि मेरे परिवार को किन परेशानियों से गुजरना पड़ा था.


**क्या है सलमान के ऊपर लगाए गए लांछन**

कई बार सलमान की छवि गुस्सैल, लोगों से बदला लेने वाले और लड़कियों पर हाथ उठाने वाले सेलिब्रिटी के तौर पर पेश की जाती है. हालांकि अब तक सलमान ने इस बारे में कभी खुलकर बात नहीं की थी. लेकिन बिग बॉस के मंच पर आखिरकार वो अपना ये दर्द दुनिया के सामने शेयर करने वाले हैं.

**धमकी के बावजूद बिग बॉस के सेट पर पहुंचे सलमान**

हाल ही में सलमान खान के करीबी दोस्त बाबा सिद्दीकी की हत्या हुई है. उनकी हत्या के 6 दिन बाद सलमान खान को भी जान से मारने की धमकी मिली है. उन्हें मिली इस धमकी को मद्देनजर ये कहा जा रहा था कि सलमान खान बिग बॉस के लिए शूट नहीं करेंगे और फराह खान या अनिल कपूर उनकी जगह कुछ हफ्ते 'वीकेंड का वार' होस्ट करेंगे, लेकिन इन सारी खबरों को सलमान खान ने गलत साबित कर दिया.

## हाथ में गदा, चेहरे पर मुस्कान, भगवान राम से मिले हनुमान.... आ गया सिंघम अगेन का नया गाना



अजय देवगन साल 2024 में फैंस पर मेहरबान हैं. एक के बाद एक उनकी फिल्में रिलीज हो रही हैं. इस साल औरों में कहां दम था, मैदान और शैतान जैसी फिल्में रिलीज हो चुकी हैं. इसके बाद अब एक और बड़ी फिल्म इस फेहरिश्त में शामिल होने जा रही है. इस फिल्म का नाम है सिंघम अगेन. दिवाली के मौके पर अजय देवगन इस बार डबल धमाका करने के मूड में हैं. उनकी इस फिल्म का ट्रेलर आ चुका है जिसे मिक्स्ड व्यूज मिले हैं. अब फिल्म का नया गाना जय बजरंगबली भी रिलीज कर दिया गया है. आइये जानते हैं कि फिल्म का ये नया गाना कैसा है.

**कैसा है सिंघम अगेन का जय बजरंगबली सॉन्ग**

सिंघम अगेन के नए गाने की बात करें तो इसका टाइटल जय बजरंगबली रखा गया है और इसे बहुत पसंद किया जा रहा है. गाने की खास बात ये है कि इसे रामायण की थीम पर बनाया गया है. गाने में रणबीर सिंह को बजरंगबली के रूप में पोट्रे किया गया है. इसके अलावा अजय देवगन को भगवान राम के रूप में दिखाया गया है. गाना काफी एनर्जेटिक है और ये ट्रैक पूरी तरह से बजरंगबली और भगवान राम के बीच के पावन रिश्ते को समर्पित है. गाने में दोनों के मिलन के दृश्यों को शामिल किया गया है. ये गाना दर्शकों को इमोशनल फील भी दे रहा है और साथ ही अपने फास्ट बैकग्राउंड म्यूजिक की वजह से रिफ्रेशिंग भी है.

**मल्टीस्टारर फिल्म मचाएगी धमाल**

सिंघम अगेन की बात करें तो ये फिल्म काफी समय से चर्चा में थी. जब इस फिल्म का पहला पार्ट आया था तो अजय देवगन को जबरदस्त सफलता मिली थी. फिल्म के दूसरे पार्ट को भी खूब पसंद किया गया था. अब इसका तीसरा पार्ट आ रहा है और इस पार्ट के साथ ही ये फिल्म एक बड़ी फ्रेंचाइज बन गई है. क्योंकि इसमें और भी फिल्मों की कास्ट जुड़ गई है. फिल्म के ट्रेलर में भी ऐसा देखने को मिला था. फिल्म में अजय देवगन के अलावा करीना कपूर खान, टाइगर श्रॉफ, रणवीर सिंह और अक्षय कुमार जैसे सितारे नजर आएंगे जो इसे को हाई वोल्टेज मूवी बनाने के लिए काफी हैं.

**कब रिलीज हो रही है सिंघम अगेन ?**

सिंघम 3 फिल्म की बात करें तो ये फिल्म 1 नवंबर 2024 को दिवाली के मौके पर आ रही है. फिल्म चूंकि एक बड़े त्योहार पर आ रही है तो जाहिर है कि इसका क्लैश भी देखने को मिलेगा. ये फिल्म कार्तिक आर्यन की सीक्वल मूवी भूलभुलैया 3 से टकराने की तैयारी में है. दोनों फिल्मों के ट्रेलर को मिक्स्ड व्यूज मिले हैं. ऐसे में ये देखने वाली बात होगी कि दोनों फिल्मों में से किस फिल्म को ऑडियंस ज्यादा तवज्जो देगी.